वर्ष : 16 अंक : 174 लखनऊ गुरुवार, 27 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

सूर्योदय	:	05:15
सूर्यास्त	:	07:04
अधिकतम	:	34:00°
न्यूनतम	:	28:00°

सास ने बहू करीना की फिल्म 'क्रू' की तारीफ 10

झमाझम बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी ने की... 2 | संसद चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष... 6 | यूपी देश का हृदयस्थल, पर्यटन की... 12

एक नजर

राहुल को दी मान्यता

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे दी है। लोकसभा सचिवालय से इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया कि श्री गांधी को सदन में विपक्ष के नेता की मान्यता दी गयी है और इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है।

पाक को फटकार

नयी दिल्ली। पाकिस्तान की तरफ से बार-बार कश्मीर का मुद्दा उठाना जारी है। वहीं, भारत भी हार बार संयुक्त राष्ट्र यानी UN के मंच पर पड़ोसी मुल्क को मुंहतोड़ जवाब देता रहा है। भारत का कहना है कि यूएन के मंच पर पाकिस्तान की तरफ से झूठ फैलाया जाना हैरानी की बात नहीं है। पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने 'निराधार और मिथ्या बयानों'' के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है।

दरोगा ने की आत्महत्या

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के थाना कोठी में तैनात माइग्रेन बीमारी से पीड़ित प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ने बुधवार को सरकारी रिवाल्वर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। थाना कोठी में तैनात उप निरीक्षक विशेष कुमार कुरील के अनुसार कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में लवकुशपुरम निवासी प्रशिक्षु उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह यादव सरकारी कमरे में उनके साथ रहते थे।

उग्रवादियों का हमला

इम्फाल। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था , जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

ओम बिरला फिर बने लोकसभा स्पीकर

ध्वनिमत से हुआ लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव, विपक्ष ने मत विभाजन पर नहीं दिया जोर

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया है। 17वीं लोकसभा के दौरान भी वही स्पीकर थे। बुधवार को जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पीकर पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका समर्थन किया। बाद में प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया गठबंधन के दलों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया और कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष के रूप में समर्थन देने के लिए प्रस्ताव पेश किया। ध्वनि मत लिया गया। इसके बाद, गठबंधन के दल मत विभाजन पर जोर दे सकते थे। उन्होंने ऐसा नहीं किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे चाहते थे कि आम सहमति और सहयोग की भावना बनी रहे, एक ऐसी भावना जो पीएम और एनडीए के कार्यों में बिल्कुल नहीं है।

18वीं लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले भाषण में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओम बिरला को उनके फिर से चुने जाने पर बधाई दी। गांधी ने लोगों की आवाज के अंतिम निर्णायक के रूप में लोकसभा अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा में विपक्ष पिछली 17वीं लोकसभा की तुलना में अधिक हद तक उस आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने सदन के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष को विपक्ष के समर्थन का भी वचन दिया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ओम बिरला को स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। यादव ने उम्मीद जताई कि स्पीकर का अंकुश सिर्फ विपक्ष पर नहीं, सत्ता पक्ष पर भी रहेगा। इस दौरान विपक्ष ने मत विभाजन पर जोर नहीं दिया जबकि उसने स्पीकर पद के लिए के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। विपक्ष ने आखिर ऐसा क्यों किया, इसे कांग्रेस की तरफ से समझाने की कोशिश भी की गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि आम सहमति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए 'इंडिया' गठबंधन ने मत विभाजन पर जोर नहीं दिया।

विपक्ष ने भी के. सुरेश को बनाया था उम्मीदवार

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम बिरला को बधाई देते पीएम मोदी व राहुल गांधी

मुख्यमंत्री योगी ने ओम बिरला को दी बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई दी। सीएम योगी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि जनप्रिय, मृदुभाषी राजनेता ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर हृदयतल से बधाई! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा- पूर्ण विश्वास है कि आपके यशस्वी नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' की गरिमा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। आपके स्वर्णिम कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं!

बोले बिरला- इंदिरा गांधी ने तानाशाही थोपी थी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद सदन में आपातकाल को याद करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का सीधा नाम लिया और कहा कि श्रीमती गांधी ने देश में 'तानाशाही थोप कर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर 'प्रचंड प्रहार किया था। श्री बिरला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने मंत्रियों का परिचय कराये जाने के बाद दिनांक 26 जून 1975 में लगे आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक बयान दिया जिसमें कांग्रेस एवं श्रीमती इंदिरा गांधी को सीधे सीधे घेरा गया। श्री बिरला के इस वक्तव्य का कांग्रेस के सांसदों ने कड़ा विरोध किया और शोर शराबा किया। यह संभवत: पहला अवसर है जिसमें सदन के आसन ने आपातकाल के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी का नाम लेकर आलोचना की। सदन ने आपातकाल में आहत हुए देश के नागरिकों को स्मरण करते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा। दरअसल, दो दिन से सदन में विपक्षी सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के दौरान संविधान की प्रतियां लहरायीं थीं और खुद को संविधान के रक्षक के रूप में प्रदर्शित करने की कोशिश की थी। श्री बिरला के आपातकाल के बारे में बयान को उसी के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के लिए सीएम ने लोकसभा अध्यक्ष का जताया आभार

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की ओर से पढ़े गये निंदा प्रस्ताव का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्थन किया है। उन्होंने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गये हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आपातकाल के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा है, इसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन। हम सब जानते हैं कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि में तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व

में उस संविधान का गला घोंटने का कार्य किया था, जिसकी शपथ लेकर वह देश की पीएम बनी थीं। ये देश के लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास था। कांग्रेस के इस काले कारनामों को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। आज भारत की संसद ने वही कार्य किया है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व संविधान के नाम पर और आरक्षण समाप्त करने के नाम पर देश को गुमराह करता रहा है।

लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं पर कांग्रेस का आज भी विश्वास नहीं है। भारत की हर संवैधानिक संस्था को कटघरे में खड़ा करना, विदेशों में भारत के लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना इनकी फितरत है। इन्होंने 75 बार संविधान में संशोधन किये।

राम मंदिर की छत से एक बूंद भी नहीं गिरी

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने दी सफाई

विश्ववार्ता ब्यूरो

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बुधवार को कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से एक बूंद पानी नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। गौरतलब है कि पिछले दिनो रामलला के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास ने बयान दिया था कि गर्भगृह को छोडकर जहां पर श्रद्धालु दर्शन करते हैं वहां पर पहली बरसात में पानी टपकने लगा था। इस बयान को खारिज करते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने मंगलवार को कहा था कि मंदिर की छत से पानी नहीं टपक रहा था बल्कि बौछार आने से पानी आ गया था।

श्री राय ने इस बारे में बयान जारी कर कहा कि अयोध्या में दो दिन हुए वर्षा के

दौरान गर्भगृह जहां भगवान रामलला विराजमान हैं वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है। इसे गूढ़मण्डप कहा जाता है। वहाँ मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊँचा) घुम्मट जुड़ेगा और मण्डप की छत बन्द हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है, जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढक कर दर्शन कराये जा रहे हैं। द्वितीय तल पर पिलर निर्माण कार्य चल रहा है। रंग मंडप एवं गुढ़ मंडप के बीच दोनो तरफ (उत्तर एवं दक्षिण दिशा में) उपरी तलो पर जाने की सीढियां है, जिनकी छत भी द्वितीय तल की छत के ऊपर जाकर ढँकेगी। वह कार्य भी प्रगति पर है। श्री राय ने कहा कि सामान्यतया पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स का कार्य पत्थर की छत के ऊपर होता है एवं कन्ड्युट को छत मे छेद करके नीचे उतारा जाता है जिससे मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। ये कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स ऊपर के फ्लोरिंग के दौरान वाटर टाईट करके सतह में छुपाईं जाती है।

जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन आतंकवादी ढेर

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद, ऑपरेशन अभी जारी

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने यहां जारी आतंकवाद विरोधी अभियान में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। नगरोटा (जम्मू) स्थित व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) के एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया।

पोस्ट में आगे कहा गया, स्वचालित असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। ऑपरेशन अभी जारी है। इस बीच जोनल पुलिस जम्मू के पुलिस प्रवक्ता ने

पहले एक आतंकवादी के खात्मे के बारे में आधिकारिक जानकारी साझा करने के बाद कहा कि जिला डोडा के गंदोह, भद्रवाह सेक्टर में चल रहे संयुक्त अभियान में दो और आतंकवादियों को मार गिराया गया है। प्रवक्ता ने कहा, उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जम्मू जोन आनंद जैन के साथ-साथ डीआइजी डोडा और एसएसपी डोडा ने भी मौके पर जाकर ऑपरेशन का जायजा लिया। सुबह अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने गंदोह इलाके में घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा, मुठभेड़ में तीन से चार आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है। दो आतंकी घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों ने 11-12 जून को भद्रवाह के चत्तरगाला इलाके और गंदोह के तंता टॉप इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। भद्रवाह-बानी रोड पर चत्तरगाला में 11 जून को आतंकवादियों की गोलीबारी में सेना के पांच जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक एसपीओ घायल हो गए थे। इसी तरह 12 जून की शाम को एक पुलिसकर्मी उस समय घायल हो गया जब छिपे हुए आतंकवादियों ने वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की और भाग गए। इस सिलसिले में चार संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया।

केजरीवाल तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर

एजेंसी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से किया था गिरफ्तार

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। बीते मंगलवार को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पहली बार अरविंद केजरीवाल को गवाह के तौर पर 16 अप्रैल 2023 को बुलाया गया था। सीबीआई बार-बार मनीष सिसोदिया की जमानत के मामले में वही कहानी दोहराती रही है जो आज अरविंद केजरीवाल के मामले में दोहरा रही है। जिस मगुंटा रेड्डी के बयान को सीबीआई केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार बना रही है, वही मगुंटा रेड्डी जुलाई 2023 में मनीष सिसोदिया के मामले में अपना बयान दे चुका है। जब ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत दे चुका था, सुप्रीम कोर्ट जमानत देने वाला था, तब इन्हें मैगुंटा रेड्डी के बयान की याद क्यों नहीं आई? कल प्रधानमंत्री मोदी आपातकाल का रोना तो रो रहे थे, मैं समझता हूं आज इससे बड़ा आपत्काल कोई नहीं हो सकता।

आम आदमी पार्टी की नेता रीना गुप्ता ने बताया कि सबसे बड़ी बात ये है कि सीबीआई के पास दो साल से ये 50,000 दस्तावेज हैं, उन्होंने कभी अरविंद केजरीवाल को नहीं बुलाया। अब अचानक से अरविंद केजरीवाल को गवाह से आरोपी कैसे हो गए। ये सी धा - सी धा राजनीतिक षडयंत्र था कि केजरीवाल बाहर न आएं, इसलिए आज सीबीआई के जरिए उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

आप नेता जस्मीन शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जांच एजेंसी सीबीबाई कोर्ट में झूठ बोलते हुए पकड़ी गई। सीबीबाई ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जज ने भी यह बात मानी है कि सीबीआई जो कह रही है और उसके पास जो सबूत हैं, उसमें कोई तालमेल नहीं है। आप नेता रीना गुप्ता ने कहा कि कोर्ट ने अभी तक कोई आदेश नहीं दिया है। जज दोपहर साढ़े चार बजे आदेश सुनाएंगे। सीबीआई कोशिश कर रही है लेकिन अभी तक कोई केस नहीं है।

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि 20 जून को अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत प्रवर्तन निदेशालय ने स्टे लगवा लिया। अगले ही दिन सीबीआई ने आरोपी बना दियाऔर आज गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये क़ानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में कहा, सीबीआई दावा कर रही है कि मैंने मनीष सिसोदिया के खिलाफ बयान दिया है, यह गलत है। मनीष सिसोदिया निर्दोष हैं, आम आदमी पार्टी निर्दोष है और मैं भी निर्दोष हूं।

ओवैसी को संसद से बाहर किया जाए

नई दिल्ली। लोकसभा में कल नव निर्वाचित सांसदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा शपथ के बाद लगाए गए नारों को लेकर विवाद गहरा गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, ओवैसी ने जिस तरह से संसद में शपथ ली, उससे पूरे देश का अपमान हुआ है। 'फिलिस्तीन जिंदाबाद' कहना अपराध है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें संसद से बाहर निकाला जाना चाहिए। हैदराबाद से पांचवीं बार सदस्य निर्वाचित हुए ओवैसी ने उर्दू में शपथ ली। शपथ लेने से पहले उन्होंने दुआ पढ़ी।

भारत से लगातार दुश्मनी में यकीन नहीं : पाकिस्तान

कश्मीर का राग अलापने से बाज नहीं आये पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ लगातार दुश्मनी में यकीन नहीं रखता और पाकिस्तान बातचीत को तैयार है। स्थानीय समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार सरकार द्वारा संचालित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद (आईएसएसआई) की 51वीं स्थापना वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री डार, जो विदेश मंत्री का पद भी संभाल रहे हैं, ने कहा, पाकिस्तान लगातार दुश्मनी में यकीन नहीं रखता। हम आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। संघर्ष के दौर पर रोक लगाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए श्री डार

ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान का दक्षिण एशिया के लोगों के प्रति यह दायित्व है कि वे मतभेद के बजाय सहयोग को प्राथमिकता दें। मानव विकास सूचकांकों में पिछड़े इस क्षेत्र में गरीबी, बेरोजगारी, निरक्षरता, बीमारी, भोजन और पानी की कमी है। प्राकृतिक आपदाओं, पर्यावरण क्षरण और जलवायु परिवर्तन के बारे में जोर देते हुए कहा कि इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए शत्रुता जारी रखने की जगह सामूहिक कार्रवाई जरूरी है। श्री डार की टिप्पणियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत भारत के प्रति पाकिस्तान की नीति की पहली औपचारिक अभिव्यक्ति को चिह्नित किया है। श्री डार ने कहा कि कि चूंकि इस्लामाबाद सभी लंबित मुद्दों पर व्यापक बातचीत के लिए खुला है, यह एकतरफा हुक्मों को स्वीकार नहीं करेगा या भारत द्वारा आधिपत्य के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा, हम दक्षिण एशिया में रणनीतिक स्थिरता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएंगे और नई दिल्ली में 'हिंदुत्व' से प्रेरित शासन द्वारा किसी भी गैर-विचारित सैन्य दुस्साहस का प्रभावी और निर्णायक रूप से जवाब देंगे। गौरतलब है कि 05 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने संबंधों को शिथिल कर दिया था।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में अब आपराधिक कार्रवाई की अपील

विश्ववार्ता ब्यूरो

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह में एक नया मोड़ आ रहा है जिसके अनुसार इस मामले में समझौता करने वाले व्यक्तियों / संस्थाओं के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सीजेएम मथुरा की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया है।

यह प्रार्थना पत्र योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ट्रस्ट आगरा के अध्यक्ष अजय प्रताप द्वारा सीजेएम मथुरा की अदालत में 10 जून को दिया गया था, जिस पर आज बहस होने की उम्मीद थी। अजय प्रताप इस केस में अधिवक्ता भी हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी।

उन्होंने बताया कि औरंगजेब ने ओरछा नरेश वीरसिंह बुंदेला द्वारा बनवाए गए केशवदेव मन्दिर डीग गेट को

सत्रहवीं शताब्दी में क्षतिग्रस्त किया था। ब्रिटिश सरकार ने 1920 में ऐनसियन्ट मानूमेन्ट प्रेजरवेशन ऐक्ट (1904 के 7) के अनुसार इस सम्पत्ति को संरक्षित इमारत घोषित किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर क्षेत्र में बने ईदगाह को भी संरक्षित मॉनूमेन्ट माना है अतः किसी सस्था /व्यक्ति को इस पर किसी प्रकार का समझौता करने का अधिकार नही है।

तीनों नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू करने की तैयारी पूरी

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने की सरकारी कवायद जारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आगामी एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद गत 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था।

सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्ट करना, किसी भी पुलिस थाने पर प्राथमिकी यानी जीरो एफआईआर दर्ज करना, प्राथमिकी की निःशुल्क प्रति देना, गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार, गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना, फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी, त्वरित जांच, पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना, पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार, इलेक्ट्रॉनिक समन, पीड़िता के महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान, पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना, न्यायालय में सीमित स्थगन, गवाह सुरक्षा योजना, जेंडर समावेश,सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, विशेष परिस्थितियों में पुलिस थाने जाने से छूट, जेंडर-

न्यूट्रल अपराध, सामुदायिक सेवा, अपराधों के लिए अपराध की गंभीरता के अनुरूप जुर्माना, सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं एवं तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान शामिल हैं।

सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है ताकि तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैले और इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। चूंकि नए आपराधिक कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसलिए राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो ने मौजूदा अपराध एवं अपराधी पहचान नेटवर्क प्रणाली में 23 सुधार किए हैं। इसके अलावा ब्यूरो ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों की निरंतर समीक्षा और सहायता के लिए 36 टीमें और कॉल सेंटर बनाए हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की तामील की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन ऐप विकसित किए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर सभी हितधारकों के साथ साझा किए हैं। उसने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ,वेबिनार और सेमिनार भी किए जिनमें 40,317 अधिकारियों तथा कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। ब्यूरो के मार्गदर्शन में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने 5,84,174 कर्मियों की क्षमता निर्माण का काम भी किया, जिनमें जेल, फॉरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन पक्ष के 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। कर्मयोगी भारत और विकास ब्यूरो नए आपराधिक कानूनों पर तीन-तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं, जिनमें अब तक 2,17,985 कर्मियों ने नामांकन कराया है। देशवासियों को इन परिवर्तनकारी सुधारों के बारे में जागरूक बनाने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने वेबिनारों के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया है, जिनमें लगभग 40 लाख जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

झमाझम बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी ने की गोसेवा

सीएम की आवाज सुन दौड़ते चले आए गोवंश, गोवंश को दुलारकर गुड़ खिलाया गोरक्षपीठाधीश्वर ने

» योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का किया दर्शन-पूजन

» ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर मत्था टेका

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद बुधवार सुबह झमाझम बारिश के बीच मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने भीगने की परवाह न करते हुए गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। बुधवार सुबह मानसून की पहली झमाझम बारिश के बावजूद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया।

गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर रखी जाए समुचित व्यवस्था

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने 17 जुलाई, 2024 को मनाये जाने वाले मोहर्रम 'योग-ए-आशूरा' के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह/ नगर विकास/ ऊर्जा विभाग से कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, जगह-जगह पानी का छिड़काव एवं सुचारु विद्युत व्यवस्था कराये जाने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि उक्त त्योहार पूरे प्रदेश में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग करबला के शहीदों की याद में जुलूस निकालते हैं, मातम मनाते हैं एवं जगह-जगह सबीले लगाते हैं।

श्री सैफी ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए। जुलूस मार्ग में सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ जगह-जगह पानी का छिड़काव किया जाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत ताजियेदारों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाए।

पर्यटन से जुड़े विशिष्ट जनों की बैठक सम्पन्न

» समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने की अध्यक्षता

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। नगरीय संरचना को जानने एवं समस्याओं के समाधान की नीतियों पर जनसंवाद करने के लिए अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में आज पर्यटन से जुड़े हुए उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश से आए हुए विशिष्ट जनों की बैठक हुई।

इसमें शहरों में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नीति निर्धारण पर सभी ने विचार रखे। पर्यावरण संकट को देखते हुए ग्रीन टूरिज्म से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। समाजवादी सरकार की नीतियों के अनेक लाभार्थियों और प्रशंसकों ने अखिलेश यादव को लोकसभा चुनाव की शानदार विजय पर शुभकामनाएं दीं। आगे साझा कार्यक्रम का ठोस रोड मैप बनाने पर चर्चा हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के मुख्यमंत्रित्व काल में विश्वस्तरीय पर्यटन नीति बनी जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हुई। श्री अखिलेश यादव जी की दूरदर्शी नीतियों से निवेश बढ़ा। समाजवादी सरकार की नगरीय योजना, कुशीनगर हवाई अड्डे का निर्माण, बौद्ध सर्किट का विकास, अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी उत्सव, बर्ड फेस्टिवल, साइकल ट्रैक, हनोवर मेला, बटेश्वर घाट जीर्णोद्वार, जनेश्वर मिश्रा पार्क का निर्माण, कन्नौज के इत्र को प्रोत्साहन को लेकर फ्रांस से साझा कार्यक्रम, नीदरलैंड के इको फ्रेंडली परिवहन मॉडल की तर्ज पर ट्रांसपोर्टेशन मॉडल को आज भी जनता याद करती है।

बैठक में केके सिंह, राजा साहब चुरहट, राजा साहब ओयल, केशवेंद्र प्रताप सिंह, मीरा वर्धन, अंब्रिश, अभ्युदय प्रताप सिंह खजूरहट स्टेट, राम प्रताप सिंह, मीनाक्षी अग्रवाल सिंह, तृप्ति अवस्थी, रचना सिंह, मनिंद्र मिश्रा मशाल (यश भारती), अनिरुद्ध सिंह, राहुलवीर सिंह, प्रतिभा सिंह, मनुराज सिंह सिंघाई स्टेट, प्रदुम्न सिंह, राजा अमीर नकवी और अमर हबीबबुलाह, मुमताज खान, सलीम साहब, कनक रेखा चौहान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

परिवहन निगम के बस स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगा ठंडा पानी

लखनऊ। यात्रियों को आरामदायक यात्रा के साथ ही बस अड्डों पर भी उन्हें सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में परिवहन निगम ने बुधवार को भारत पेट्रोलियम कंपनी के साथ एक एमओयू किया है। इसके तहत परिवहन निगम के 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। वाटर कूलर लगने के बाद यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाने हेतु होटल ताज मे एमओयू साइन किया गया।

एमओयू हस्ताक्षरित करते समय

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नमामि गंगे की बैठक संपन्न

रेन वाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क विकसित किये जाने पर किया गया विचार-विमर्श

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नमामि गंगे विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डल एवं जनपद स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क विकसित किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भूजल संचयन एक चुनौती रहा है। जल का संरक्षण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि भविष्य की पीढ़ी के लिए भी आवश्यक है। वर्षा जल संचयन के विभिन्न तरीकों के लाइव डिमान्स्ट्रेशन के माध्यम से आमजन को शिक्षित करने की जरूरत है, इसके लिये एक मॉडल तैयार कर मण्डल एवं जनपद स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क विकसित किया जाये। पार्क में वर्षा जल संचयन की नवीनतम तकनीकी का उपयोग किया जाये।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क में विकसित किया जाये। पार्क में आने वाले बच्चों के लिये एक इन्टप्रिटेशन सेन्टर होना चाहिये, जिसमें प्ले स्क्रीन पर बच्चों को जल संचयन के विषय पर जानकारी प्रदान करने हेतु फिल्म दिखाई जा सके। इसके अलावा एक ओपेन एअर थियेटर भी होना चाहिये, जिसमें बच्चे वर्षा के जल संचयन की जानकारी प्राप्त कर सके। इसके लिये ज्यादा से ज्यादा डिजिटल तकनीकी का प्रयोग किया जाये। इस पार्क के माध्यम से लोगों मे वर्षा के जल संचयन के प्रति जागरूकता फैलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जल बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। प्रदेश के समस्त जिलों में मानसून के प्रारम्भ से पूर्व प्राथमिकता पर आवश्यकतानुसार वर्षा के जल को नष्ट होने से बचाने हेतु समस्त उपायों को समय से पूर्व सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आगंनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, इत्यादि पर अनिवार्य रूप से रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करायी जाए।

उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गत वर्षों में जनपदों में जिन शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना की गयी है, उनका निरीक्षण कर सफाई या मरम्मत करा लिया जाए ताकि वे क्रियाशील रहे। नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क अथवा आपके नियन्त्रणाधीन सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किए जाएं। जनपद के सभी अमृत सरोवर का निरीक्षण कराकर यदि कहीं जल प्रवाह में रूकावट हो, उसे ठीक किया जाए, यदि कहीं अमृत सरोवर निर्माणाधीन हो तो उसे शीघ्र पूरा करा लिया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, एमडी जल निगम ग्रामीण राजशेखर, एलडीए वीसी इन्द्रमणि त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल बुधवार को मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ में मद्यनिषेध विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।

मनरेगा श्रमिकों के खातों में जल्द पहुंचेगी मजदूरी की धनराशि

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के श्रमिकों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। इन लोगों का अब बहुत जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रयासों से केंद्र सरकार से करीब रु. 1027 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। प्रदेश के मनरेगा मजदूरों की मजदूरी के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये केंद्रीय सहायता के प्रथम भाग की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। केंद्र से मिली सहायता से मनरेगा श्रमिकों के बकायेदारी भी दूर होगी। जल्द ही श्रमिकों के खाते में उनकी मजदूरी का भुगतान पहुंचेगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में ससमय पहुंचे, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। मनरेगा के लिए श्रमांश मद में जारी धनराशि के लिए केंद्र सरकार के प्रति श्रमिकों की ओर से उप मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश के लिए 26 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं जिसके सापेक्ष अब तक प्रदेश द्वारा 8.30 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त 0जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमांश मद के लिए केंद्र द्वारा करीब रु01027 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है, इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। बहुत जल्द ही श्रमिकों के खाते में उनकी मजदूरी का भुगतान भी पहुंचेगा।

आवश्यक सूचना

मेरी जमीन रजिस्ट्री के असल कागज़ात, जोकि 05 अगस्त 2021 को रजिस्ट्रीकृत किये गये, आवेदन संख्या 202100898017902 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 14257 के पृष्ठ संख्या 183 से 198 तक क्रमांक 14137 रजिस्ट्री ऑफिस में कहीं खो गये। बहुत खोजा लेकिन नहीं मिले।

-गोविन्द शरण
पुत्र मंशाराम
नि. ग्राम मझपुरवा तह. नवाबगंज जिला बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर ता.गुर्री विकास खंड भावलखेड़ा जनपद शाहजहांपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा०पं०/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-26.06.2024

निविदा सूचना

गग्राम पंचायत जलालपुर ता. गुर्री में मनरेगा निधि के तहत वित्तीय बर्ष 2024-2025 में निम्न विवरण के अनुसार कार्य किया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड फर्मो से टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक टेंडर दाता निविदा प्रकाशन के 3 दिन में ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें। टेंडर 29/06/24 को खोले जायेंगे।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. में)	सामग्री विवरण
1	इटौरिया में अतवीर के मकान से तिराहा तक ईटरलॉकिंग व नाली निर्माण	214741 रु.	ईट, गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेन्ट व अन्य सामग्री।
2	शेरू के मकान से रिसू के मकान तक ईटरलॉकिंग व नाली निर्माण	315743 रु.	ईट, गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेन्ट व अन्य सामग्री।
3	जूनियर स्कूल में वाउंड्री वाल का निर्माण	756522 रु.	ईट, गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेन्ट व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

रामगुनी
ग्राम प्रधान

बिरला देवी
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर ता.गुर्री विकास खंड भावलखेड़ा जनपद शाहजहांपुर

बिरला ने स्पीकर पद की मर्यादा के साथ किया खिलवाड़

» आपातकाल को काला दिन बताते हुए दो मिनट का मौन रखवाने पर भड़की कांग्रेस

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत ओम बिरला द्वारा लिया गया पहला निर्णय तथा उनके द्वारा दिया गया पहला बयान संसदीय परंपराओं के खिलाफ रहा और यह बताने के लिए काफी है कि जनता द्वारा सत्ता के खिलाफ मतदान कर भाजपा को दी गई चेतावनी के बावजूद नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं का न तो अहंकार कम हुआ और न ही उनका संविधान तथा लोकतंत्र विरोधी इरादा ही बदला है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने कहा कि आज लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसके उपरांत लोकसभा नेता विरोधी दल राहुल गांधी सहित सभी विपक्ष के नेताओं ने परंपरा का निर्वहन करते हुए ओम बिरला को बधाई दी और निष्पक्ष रूप से लोकसभा के संचालन के लिए खुले मन से हर तरह से सहयोग का आश्वासन भी दिया। डॉ. राय ने कहा कि सदन का कायदा होता है कि पीठ पर बैठा हुआ अध्यक्ष या सभापति निर्धारित एजेण्डे के बाहर न तो एक भी शब्द बोल सकता है और न ही कोई कार्यवाही कर सकता है। उसके बावजूद बिडला ने स्वयं को पार्टी बनाते हुए 50 साल पूर्व लगे आपातकाल को काला दिन बताते हुए दो मिनट का मौन रखवाया।

काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का बुधवार की शाम को निधन हो गया। उनके निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज काशी के लिये बहुत पीड़ादायक खबर है।

श्री काशी विश्वनाथ जी मंदिर के पूर्व महन्त डॉ. कुलपति तिवारी का निधन काशी की अपूरणीय क्षति है। कुलपति तिवारी ने विश्वनाथ मंदिर से जुड़ी लोक परंपराओं पर आधारित वार्षिक आयोजनों को और भव्यता प्रदान की। सावन मास में पूर्णिमा तिथि पर काशी विश्वनाथ के झूलनोत्सव, दीपावली के अगले दिन होने अन्नकूट पर्व, बसंत पंचमी पर बाबा विश्वनाथ के तिलकोत्सव, महाशिवरात्रि पर विवाहोत्सव और अमला एकादशी पर बाबा के गवना के उत्सव पर काशी विश्वनाथ मंदिर में निभाई जाने वाली परंपराओं का निर्वाह तब से अनवरत करते आ रहे थे। उन्होंने काशी की परंपरा को सदैव जीवंत रखा। आज उनका हम काशीवासियों को छोड़कर जाना बहुत दुःखद है। बाबा विश्वनाथ उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। शोकाकुल परिजनों व उनके शुभचिंतकों के प्रति कांग्रेस पार्टी अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

कार्यालय नगर पंचायत काकोरी, लखनऊ

पत्रांक- 129 / न०पं०का०/ ई-निविदा सू०/2023-24 दिनांक- 26.06.2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत काकोरी में राज्य वित्त आयोग के संस्तुतियों के अन्त्रगत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत काकोरी के मुख्य मार्ग ब्लाक से होते हुये काकोरी पुलिस चौकी तक सी०सी० रोड एवं नाली मरम्मत कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड हेतु दिनांक 27.06.2024 से दिनांक 09.07.2024 तक प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त निविदायें दिनांक 10.07.2024 को अपराहन 10:00 बजे खोली जायेंगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं दस प्रतिशत जमानत धनराशि आ०टी०जी०एस० के माध्यम से खाता संख्या 5997000100042690 पंजाब नेशनल बैंक शाखा काकोरी जमा करना अनिवार्य है, जिसकी छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य का आगणन, नियम व शर्त कार्यालय नगर पंचायत काकोरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

(सुदेश यादव)
अधिशासी अधिकारी
कार्यालय नगर पंचायत काकोरी,
लखनऊ

(रोहित साहू)
अध्यक्ष
कार्यालय नगर पंचायत काकोरी,
लखनऊ

पूर्व कुलपति की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक

संसद से सड़क तक संघर्ष में समाज के सहयोग का दिलाया भरोसा

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा की अध्यक्षता में लखनऊ के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक सांझी दुनिया कार्यालय में हुई जिसमें विशेष रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। प्रो. रूपरेखा वर्मा ने इस अवसर पर सिविल सोसाइटी की ओर से हस्ताक्षरित और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संबोधित पत्र राजेंद्र चौधरी को सौंपा।

प्रो. रूपरेखा वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संविधान की रक्षा और गरीब जनता के हित में जो संघर्ष समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबन्धन ने किया, उससे नफरत के सौदागरों को शिकस्त मिली। नागरिक समाज ने अखिलेश यादव का अभिनंदन करते हुए उनकी और गठबन्धन के सभी घटकों की प्रशंसा की। साथ ही लोकतंत्र और संविधान पर हमले की आशंका को देखते हुए अखिलेश यादव के नेतृत्व में संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रखने में नागरिक समाज के सहयोग का भी भरोसा दिलाया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में कहा गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के घटक के रूप में और उत्तर प्रदेश की एक प्रमुख पार्टी के अध्यक्ष के रूप में आपने जिस तरह साधारण जनता के मुद्दों की पैरवी की और जिस तरह भारतीय संविधान की रक्षा के लिए जोरदार लड़ाई लड़ी, उसके लिए आपको हमारा साधुवाद। उत्तर प्रदेश को जिस तरह सत्ता में काबिज लोगों ने धर्मांधता और विभाजन का अड्डा बना दिया है, उसके खिलाफ गरीब जनता के हित में जो संघर्ष आपकी पार्टी ने और पूरे गठबंधन ने किया और जिस समझदारी के साथ चुनाव लड़ा, उसी का परिणाम है कि आज पूरा देश उत्तर प्रदेश की तारीफ कर रहा है। आप व गठबंधन के प्रयास ने नफरत के सौदागरों को जो शिकस्त दी, उसके लिए नागरिक समाज आपकी और गठबंधन के सभी घटकों की प्रशंसा करता है।

आपके और जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधियों को मात देने का यह सिलसिला रूकना नहीं चाहिए। वह फिर लामबंद होंगे और नफरत का खेल खेलेंगे। जनता के मुद्दों को नकारेंगे। विरोधी पार्टियों को तोड़ने की कोशिश करेंगे और जनता को आपस में लड़ा कर लोकतंत्र पर हमला करेंगे। इसलिए जो संघर्ष चुनाव के दौरान किया गया उसकी एकजुटता और जज्बा जारी रखने में आपके व इंडिया गठबंधन के सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए लगातार सजग रहने की जरूरत है। संसद से सड़क तक का सजग संघर्ष आपके और नागरिक समाज दोनों के माध्यम से जारी रहेगा, ये हमारी आशा है और आपसे अपेक्षा भी। मतदाताओं ने नफरत की राजनीति के खिलाफ वोट किया है जनता के संकल्प की रक्षा के लिए हम आप और आपके गठबंधन से अपील करते हैं।''

पत्र पर हस्ताक्षरकर्ता हैं पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. रूपरेखा वर्मा, इप्टा नाट्य निर्देशक राकेश वेदा, साहित्यकार वीरेन्द्र यादव, राजनीति शास्त्र पूर्व विभागाध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व प्रत्याशी मेयर वंदना मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष इविवि लाल बहादुर सिंह, व्यंग्य लेखक राजीव ध्यानी, एपवा कार्यकर्ता मीना सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता एवं टिप्पणीकार अतहर हुसैन आदि।

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-106/जननिर्माण / एम०बी०एल०/2024-25 दिनांक- 25.06.2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यों हेतु दिनांक 26.06.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 10.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाला बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. बेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 26.06.2024 सायं 05:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 10.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिंड निविदा खोलने की तिथि-11.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे से
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी स्खे। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
जनपद-लखीमपुर

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
जनपद-लखीमपुर

एक नजर

गैंगस्टर की जमानत अर्जी खारिज

अम्बेडकरनगर । विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर परविंद कुमार ने गैंगस्टर अजय यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी। आलापुर थाना क्षेत्र के अरमा गांव निवासी अजय यादव के खिलाफ बीते दिनों अलीगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना अध्यक्ष अलीगंज ने दर्ज कराए केस में कहा था कि अजय व उसके पांच अन्य साथियों का एक गैंग है, जिसका सरगना अजय है। गैंग के सदस्यों द्वारा भयादोहन कर लोगों को परेशान किया जाता है और आर्थिक वसूली की जाती है। इसी मामले में अब अजय ने कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसे विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दी।

अपराधियों की धरपकड़ जारी

अम्बेडकरनगर। पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-124/24 धारा 306, 323, 504 भादवि से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त 01- रिजवान अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र रहीमबक्श उर्फ नकछेद निवासी सहजौरा इल्तिफातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर। 02- इरफान अहमद उर्फ बच्चवा पुत्र रहीमबक्श उर्फ नकछेद निवासी सहजौरा इल्तिफातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर को बुधवार समय करीब 11.30 बजे जुबेर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

पैसा न देने की मुख्यमंत्री से शिकायत

अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में लंच पैकेट तैयार करने के बाद पारिश्रमिक न दिए जाने का आरोप लगाते हुए एक कैटरर्स स्वामी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। भीटी तहसील क्षेत्र के काही निवासी रामू ने बताया कि वह शादी समेत अन्य आयोजनों में भोजन बनाता है। 14 दिसंबर 2022 को कटेहरी ब्लॉक में सामूहिक विवाह योजना का आयोजन हुआ था। उसमें उसे लंच पैकेट तैयार करने की जिम्मेदारी मिली थी। आयोजन के बाद उसने ब्लॉक के अधिकारियों से अपना पारिश्रमिक मांगा तो आज कल देने की बात की जाती रही। पैसा न मिलने पर इस बीच उसने दोबारा 36 हजार रुपये बकाया की मांग की तो एडीओ समाज कल्याण द्वारा पारिश्रमिक देने से इन्कार कर दिया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगा वाटर कूलर

जहांगीरगंज,अम्बेडकरनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के परिसर में स्थित प्रसव कक्ष के बगल में स्थानीय श्रेष्ठ दानवीर टीम के सदस्यों के सहयोग से भीषण गर्मी से शीतल पेय जल उपलब्ध हो सके और गर्भवती महिलाओं व उनके तीमारदारों की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाया। पूजन अर्चन के साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने शुभारंभ किया इस मौके पर टीम के कमलेश मिश्र, डॉ शैलेश मिश्रा अनिल सिंह हरिओम द्विवेदी ज्योतिंद्रनाथ त्रिपाठी भूपेंद्र मिश्र अभिषेक तिवारी शैलेंद्र यादव गुड्डू सिंह अनूप सिंह , विपिन पांडे ए रामानंद मिश्रा साधु यादव शैलेंद्र यादव प्रद्युम्न तिवारी, अभिषेक पांडे चेतन यादव सतीश पाल स यादव सर्वेश यादव अवधेश यादव, संघ के प्रचारक शनी नारायण, पीयूष तिवारी विशाल शर्मा हरिओम दुबे आदि लोग उपस्थित रहे। लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना की।

जलभराव रोकने को चला सफाई अभियान

अम्बेडकरनगर। नगरपालिका परिषद अकबरपुर परिक्षेत्र में बारिश से जलभराव को रोकने के लिए अयोध्या मार्ग, बस स्टेशन, नई सड़क, गौसपुर, जलालपुर रोड पर जेसीबी के माध्यम नालों की सफाई की गई। अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में तमसा नदी का जलस्तर बढ़ने से जिन मोहल्लों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है वहां नालों को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा रहा है। इसके साथ ही सभी वार्डों में भी सफाई अभियान चल रहा है। अयोध्या मार्ग व बस स्टेशन क्षेत्र में अभियान चलाकर नाले व नालियों की सफाई की गई। बाद में नगरपलिका सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक हुई। एक जुलाई से चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सभासद व सफाई नायकों से ईओ बीना सिंह ने कहा गया कि वे अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था की जानकारी कर लें। हर वर्ष की तरह इस बार भी एक जुलाई से 31 जुलाई तक यह अभियान चलेगा। लोगों को जगरूक करने के साथ सभी वाडों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाए। इस दौरान रवि उपाध्याय, मोहम्मद इसराइल, अरविंद कुमार व राजकुमार मौजूद रहे।

मनरेगा में कार्य क र रही महिला मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बीकापुर,अयोध्या बीकापुर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत असकरनपुर के पूरे नंदा तिवारी निवासी लगभग 48वर्षीय सुमन पत्नी मयाराम निषाद ग्राम सभा के ही मजरे ससौली में मनरेगा के द्वारा कराये जा रहे सड़क पटाई कार्य में (मजदूरी) काम कर रही थी बुधवार को कार्य के दौरान दोपहर में खाने की छुट्टी में खाना खाने के बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई।जिसे देख अन्य महिला मजदूरों ने सहयोग करते हुऐ तुरंत ग्राम प्रधान एवं अन्य गांव वालों को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गंभीरावस्था में अपने संसाधन से इलाज के लिए सीएचसी बीकापुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।तथा क्षेत्रवासियों में शोक छा गया। उपस्थित ग्रामीणों के मुताबिक मृतक महिला की मौत के बाद उसके मुंह से झाग आ रहा था। जिससे किसी विशैले जंतु के काटने की आशंका व्यक्त करते हुए मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए परिजनों की सहमति के बाद विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मादक पदार्थों के दुरुपयोग से दूर रहने के लिए अवध विवि में चला जागरूकता अभियान

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी से मुक्त अन्तरराष्ट्रीय दिवस मनाये जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। बुधवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर नार्कों को-ऑर्डिनेशन मैकेनिज्म सेंटर के नोडल अधिकारी प्रो0 अनूप कुमार ने परिसर के मोहन चक्रवर्ती भवन में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थो के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी से दूर रहने का सकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का दुरूपयोग व अवैध तस्करी हमारे समाज के लिए घातक है। मादक पदार्थो की तस्करी एक वैश्विक अपराध है। जिसका दुष्प्रभाव स्थानीय स्तर पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज मे भी यह मादक पदार्थ अवैध रूप से पहुँचता है, जिसके विनाशकारी प्रभाव होते है। इससे सभी को दूर रहने की आवश्यकता है। इस जागरूकता अभियान में प्रो0 फर्रूख जमाल, प्रो0 गंगाराम मिश्र, डॉ0 प्रतिभा, डॉ0 शिवांश, विनीता पटेल, रत्नेश, संजीव, श्रीवास्तव, डॉ0 सरिता पाठक, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

शिकारी कुत्तों ने मोर को नोंचकर किया घायल

मिल्कीपुर,अयोध्या। थाना इनायत नगर अंतर्गत खिहारन गांव स्थित अंधीअंधा श्रवण आश्रम के निकट जंगल झाड़ियां में आवारा शिकारी कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर उसे घायल कर दिया।बगल से गुजर रहे ग्रामीण मोहम्मद इसरार ने जब देखा कि कुछ कुत्ते मोर को नोंच रहे हैं तब वह दौड़ कर गए और कुत्तों को भगाते हुए राष्ट्रीय पक्षी मोर को बचाया।इसके बाद घायलावस्था में मोर को बगल स्थिति अंधीअंधा श्रवण आश्रम पर ले गए। आश्रम के महंत स्वामी कृष्णाचार्य महाराज ने पशु चिकित्सक को बुलाकर अपनी देखरेख में मोर का इलाज करवाया। महंत ने बताया कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी मोर की देखरेख के लिए मौके पर नहीं आया।फिलहाल घायल मोर को इलाज के बाद मंदिर के एक कमरे में सुरक्षित रखा गया है।घायल मोर की देखरेख और इलाज करवाने में स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद इसरार,सूरज मौर्य,आकाश मौर्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

दिल्ली में अखिलेश से मिले पूर्व मंत्री शंखलाल

अम्बेडकरनगर। पूर्व मंत्री शंखलाल माझी ने फिर से राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। उन्होंने नई दिल्ली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। वहां काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी सपा प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आएगी। बीते लोकसभा चुनाव में पूर्व मंत्री को बसपा की तरफ से कुछ नेताओं ने टिकट का ऑफर किया था। काफी दिनों तक जिले में इसकी राजनीतिक सरगर्मी बनी रही। हालांकि बाद में शंखलाल मांझी ने बसपा से चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया। इसके लिए उन्होंने अपनी पत्नी के स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया, वो पूरे लोकसभा चुनाव से वे मुख्य रूप से दूर बने रहे। अब एक बार फिर से उन्होंने अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाई है। एक दिन पहले पूर्व मंत्री ने नई दिल्ली में पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मुलाकात की है।

सड़क चौड़ीकरण की जद में आयी दुकानों पर चला बुलडोजर

दुकानदारों और ग्रामीणों ने इसका विरोध जताया लेकिन इनका विरोध ज्यादा देर टिक नहीं पाया

विश्ववार्ता संवाददाता

दुकानें ध्वस्त करती जेसीबी

सोहावल,अयोध्या। लोक निर्माण विभाग की सड़क रौनाही पड़ाव से ड्योढ़ी बाजार तक हो रहे चौड़ीकरण में कई दर्जन दुकानों पर बुलडोजर चला और ध्वस्तीकरण प्रक्रिया अपनाई गई। चुनाव से पहले दुकानों में निशान लगाकर चुप बैठे विभाग के अचानक भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ सुबह आ धमकने से चपेट में आ रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

कई तो स्वत अपना सामान समेट अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिए। बुधवार को सुबह नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, रौनाही सहित आसपास के थानों से बुलाई गई पुलिस बल और राजस्व विभाग के पैमाइश करने वाले कर्मियों का जत्था रौनाही पड़ाव आ धमका। चिन्हित की गई सड़क के दोनो ओर दुकानों और मकानों के ध्वस्तीकरण में जुट गया। कुछ दुकानदारों और ग्रामीणों ने इसका विरोध जताया लेकिन इनका विरोध ज्यादा देर टिक नहीं पाया। बुलडोजर ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया। यह कार्रवाई शाम तक चलती रही और लगभग 50 से ज्यादा दुकानें ध्वस्त कर दी गयी । ड्योढ़ी बाजार तक 9 किलोमीटर की इस सड़क की चौड़ाई बीचोबीच से एक तरफ 15 मीटर बतायी जा रही है। नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा ने बताया कि ध्वस्त की गई दुकानें लोक निर्माण विभाग की भूमि में ही बढ़ा कर बनाई गई थी। इसकी पैमाइश चुनाव से पहले ही कराके चिन्हांकन करा दिया गया था। कई बार नोटिस और एनाउंसमेंट कराया गया है। बन रही सड़क में अतिक्रमण बाधक बन रहा था। अभी आगे भी यह कार्रवाई चलती रहेगी।

डेढ़ लाख पात्रों का बनाया गया आभा कार्ड

आलापुर, अम्बेडकरनगर। तहसील क्षेत्र में आभा आईडी बनाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा पात्रों का आभा आईडी कार्ड बनाया जा चुका है। आईडी बनाने में लगी टीमों को कार्ड बनाने में और तेजी लाए जाने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से जागरूक होकर कार्ड बनवाने में रुचि लेने का आह्वान किया है।मालूम हो कि आभा कार्ड के जरिए चिकित्सक को लोगों की सभी मेडिकल जानकारी आसानी से मिल जाएगी। बता दें कि बीते दिनों आलापुर तहसील क्षेत्र में आभा कार्ड बनाने का अभियान शुरू हुआ था। इसकी जिम्मेदारी आशा, एएनएम व सीएचओ को सौंपी गई है। विकास खंड रामनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलापुर से जुड़े लगभग दो लाख पचास हजार लोगों का आभा कार्ड बनना है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि आभा कार्ड बनाने का अभियान तेजी से चल रहा है। अभी तक लगभग एक लाख 59 हजार आभा कार्ड बनाए जा चुके हैं। अभियान के तहत पांच वर्ष के ऊपर के सभी लोगों का आवश्यक रूप से बनना है। यह एक ऐसा डिजिटल कार्ड है जिसमें सभी तरह की जांच, निदान, बीमारी व बीमा पॉलिसी का ब्यौरा भी दर्ज रहता है।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति का फूंका पुतला

कृषि विश्वविद्यालय के पुतला जलाते एबीवीपी कार्यकर्ता

विश्ववार्ता संवाददाता

मिल्कीपुर,अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्यनरत आठ छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई से नाराज छात्रों एवं एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह का पुतला जलाए जाने का कार्यक्रम सुनिश्चित था। जिसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को पहले से हो चुकी थी और जैसे ही पुतले के साथ छात्र विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर पहुंचे पुलिस ने छात्रों पर बल प्रयोग करते हुए पुतला छीन लिया था इसके बाद आंदोलित छात्र पुतला दहन नहीं कर पाए थे। पुतला जलाने के के कार्यक्रम को पुलिस द्वारा रोक दिए जाने से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ठान लिया था कि हम पुतला जलाकर ही रहेंगे। किंतु इनायत नगर खंडासा और कुमारगंज थानों की पुलिस फोर्स नाराज छात्रों की निगहबानी में जुट गई थी। पूरे दिन पुलिस एवं छात्रों के बीच लुकाछिपी का खेल चला रहा, लेकिन नाराज छात्र पुतला जलाने से बाज नहीं आए। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 से चंद कदम दूरी स्थित सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय के ठीक सामने विश्वविद्यालय की बाउंड्री वाल के पास कुलपति का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की।

जिलाधिकारी ने बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह सिंह द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अमरौला अकबरपुर अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए दिए जाने के सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चो को विटामिन ए पीलाकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि विटामिन ए० सम्पूरण कार्यक्रम प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को निशुल्क टीकाकरण सत्र पर पिलाया जायेगा। विटामिन ए० सम्पूरण कार्यक्रम 26 जून 2024 से 1 माह तक चलेगा। आप लोग से विशेष अपील है कि अपने 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन ए० की खुराक अवश्य पिलायें।विटामिन ए से फायदे रतौंधी एवं अंधापन से बचाव एवं कुपोषण से बचाव तथा रोगों से लड़ने हेतु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है जनपद में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम अभियान में 287559 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 9 माह से 5 वर्ष तक के लक्षित सभी बच्चों को विटामिन 'ए' की दवा पिलवाया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विटामिन-ए की खुराक से बच्चों को आवश्यक पोषण मिलता है और अनेक प्रकार के रोगों से बचाव होता है। इसका सेवन रतौंधी जैसे रोगों से बचाता है। विटामिन-ए की कमी होने से रतौंधी, कुपोषण सहित कई गंभीर बीमारियां हो जाती हैं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की भी पहचान कर उनका समुचित उपचार किया जाए।

इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.राजकुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानन्द सिद्धार्थ सामु. स्वा.केन्द्र अकबरपुर अधीक्षक डा० नूर अहमद, स्वा०शिक्षा अधिकारी संजय कुमार बी.पी.एम. पवन वर्मा, डी.पी.एम. अनिल मिश्रा, डी.सी.पी.एम. प्रीतम विकम डब्लू.एच.ओ. से एस.एम.ओ.अंशु सिंह, यूनीसेफ से आरती यादव विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र प्रताप, सहायक अध्यापक श्याम कुमारी उपस्थित रहे ।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्रों का चयन करने के डीएम ने दिए निर्देश

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति अध्यक्ष जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवम् प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा निकट भविष्य में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस के चयन परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकल विहीन कराने हेतु संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिए गए मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।

उक्त परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा शासन द्वारा दिए गए निर्देशों से सभी को बिंदुवार अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

ट्रेनों के सभी कोच फुल, बढ़ीं मुश्किलें

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। देश की राजधानी के साथ ही महानगरों की ओर से जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में इस बीच यात्रियों की संख्या बढ़ी है। स्लीपर व जनरल कोच की संख्या कम पड़ने लगी है, इससे यात्रियों की मुश्कलें बढ़ गई हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी जनरल व स्लीपर टिकट पर यात्रा करने वाले आम यात्रियों को उठानी पड़ रही है। अकबरपुर जंक्शन से हर दिन 29 जोड़ी ट्रेनों का संचालन होता है। पिछले कई दिनों से अकबरपुर जंक्शन पर भीड़ बढ़ गई है। हाल यह है कि जनरल व स्लीपर टिकट पर मुंबई व दिल्ली की ओर जाने वाले यात्री भीड़ के चलते अपना टिकट रद कराकर वापस लौटते नजर आ रहे हैं।

पहले ट्रेनों में दो बोगी आगे की सामान्य व दो बोगी पीछे की सामान्य होती थी। ऐसे में सामान्य व निम्न मध्यम वर्ग के लोग आसानी से यात्रा करते थे। अब अधिकतर ट्रेनों में आगे की सामान्य वोगियां हटा दी गई हैं। केवल पीछे ही सामान्य बोगियां हैं। अब आगे पीछे के चक्कर में सामान्य यात्री ट्रेन छूटने के डर से स्लीपर व एसी में चढ़ जा रहे हैं। अभी तक अब स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल

ओखा गोहाटी ट्रेन में गेट पर बैठकर सफर करते यात्री।

रही थीं। छुट्टी खत्म हो रही हैं तो लोग घर वापस हो रहे हैं। इसके चलते महानगर से आने-जाने वाली सभी ट्रेनें फुल चल रही हैं। दोपहर एक बजे के करीब ओखा से चलकर गोहाटी जाने वाली ओखा- गोहाटी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पहुंची। ट्रेन रुकते ही यात्री स्टेशन पर लगे स्टैंड पोस्ट पर पानी भरने के लिए दौड़ पड़े। ट्रेन की सभी बोगियां खचाखच भरी हुई थीं। लोग ट्रेन के डिब्बों के गेट पर बैठ यात्रा करते नजर आए। अकबरपुर के शास्त्रीनगर निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि दिल्ली जाना था, लेकिन अचानक ट्रेनों में भीड़ बढ़ने से टिकट रद्द कराना पड़ा। जलालपुर कस्बा निवासी जावेद ने बताया कि मुंबई व्यक्तिगत कार्य से जाना था। मंगलवार को स्टेशन पर आरक्षण काउंटर पर पहुंचा तो एक भी ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल सका, इससे यात्रा रद्द करनी पड़ी। रेल मंत्रालय को गर्मी के समय में स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ ही ट्रेन की बोगियों की संख्या भी बढ़ाने की जरूरत है।

> गर्मी की छुट्टियां समाप्त हो रही हैं। ऐसे में घूमने फिरने के लिए गए बाहर गए लोग अब घर लौट रहे हैं। इससे करीब प्रत्येक ट्रेन में भीड़ बढ़ी है।
>
> **विनोद कुमार, स्टेशन अधीक्षक**

सड़क चौड़ीकरण के बाद अब वन निगम करा रहा हरे पेड़ों की कटान

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सड़क चौड़ीकरण के बाद वन निगम द्वारा कई दर्जन हरे पेड़ों की नीलामी करा कर कटान कराई जा रही है जिससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

मामल विकास खंड टाण्डा के हंसवर मार्ग का है जहां चिंतौरा से हंसवर के बीच सड़क के किनारे 79 हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है जबकि सड़क चौड़ीकरण का कार्य काफी पहले पूरा हो चुका है लेकिन सड़क से दूर स्थित पीपल, बरगद, पाकड़, आम, नीम, शीशम आदि के पेड़ों की कटाई कराई जा रही है।

टाण्डा वन रेंजर आरपी चौधरी ने बताया कि उक्त पेड़ों की नीलामी वन निगम के डीएलएम (गोंडा व गोरखपुर) द्वारा कराई गई है।

टाण्डा वन दरोगा जे.पी मिश्रा ने बताया कि टाण्डा हंसवर मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के पूर्व वन विभाग की टीम ने छपान (पेड़ों का आंकलन कर प्रत्येक पेड़ों पर नंबर डालना) का काम पूरा कर लिया गया था और बसखारी ब्लाक के

पेड़ों की कटान भी पूरी हो गई लेकिन टाण्डा ब्लाक के पेड़ों की नीलामी नहीं हो सकी थी। उन्होंने बताया कि लाट संख्या 65 व 66 पर एक पटरी पर 52 व दूसरी पटरी पर 27 पेड़ों की नीलामी वन निगम द्वारा कराई गई थी जिसकी कटान अब हो रही है।

एक तरफ कहाँ शासन व समाजसेवियों द्वारा पेड़ों को लगाने की मुहिम चलाई जा रही है वहीं दूसरी तरफ टाण्डा हंसवर मार्ग पर वर्षों 79 हरे भरे पेड़ों पर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर कुल्हाड़ी चल रही है जबकि सड़क चौड़ीकरण का काम काफी पहले पूरा हो चुका है। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि जो पेड़ सड़क के ठीक किनारे आ रहे थे उनकी कटान तो ठीक है परंतु जो पेड़ सड़क से 5 से 8 फ़ीट की दूरी पर हैं उनको आखिर क्यों काटा जा रहा है। बहरहाल सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद पूर्व में कई गई छपान का हवाला देकर वर्षों पुराने हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने से स्थानीय लोगों व समाजसेवियों में आक्रोश व्याप्त है।

अहिरौली में बढ़ी चोरी रतजगा कर रहे ग्रामीण

अम्बेडकरनगर। अहिरौली थानाक्षेत्र में रविवार की रात चोर तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। इससे ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए। सोमवार की रात करीब 11:30 बजे प्यारेपुर गांव के निकट कुछ संदिग्ध को देख पहरा दे रहे ग्रामीणों ने आवाज दी तो वे भागने लगे। इस पर लोगों ने हल्ला गुहार मचा कर अन्य ग्रामीणों को भी बुला लिया। रात एक बजे तक गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने घंटों आसपास के इलाकों को छान मारा लेकिन संदिग्ध कहीं भी नहीं मिले। इसके बाद ग्रामीणों को रात जाग कर बितानी पड़ी। बताते चलें कि शनिवार को चोर मुस्लिमपट्टी गांव के पारसनाथ यादव

और महराजदीन यादव के घर को निशाना बनाकर 50 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवर चुरा ले गए थे। मामले में चोरी का केस दर्ज हुआ था।

72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। थानाध्यक्ष शशांक शुक्ल ने बताया कि रात में गश्त बढ़ा दी गई है। चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। साथ ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

इल्तिफातगंज में 22 करोड़ से सुधरेगी पेयजल व्यवस्था

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। नगरपंचायत का दर्जा मिलने के दो दशक बाद इल्तिफातगंज नगर वासियों की पेयजल व्यवस्था में अब व्यापक सुधार होगा। 22 करोड़ की लागत से अमृत योजना टू के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में दो ओवरहेड टैंक, पांच नलकूप स्थापना के साथ 55 किलोमीटर नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही 4302 नए लोगों को कनेक्शन दिए जाएंगे।

नगरपंचायत इल्तिफातगंज की लगभग 30 हजार की आबादी की पेयजल व्यवस्था में सुधार होने जा रहा है। अमृत योजना टू के तहत बीते माह नगरपंचायत में सर्वे किया गया था। लगभग एक दशक पूर्व कुछ मोहल्लों में पाइप लाइन से आपूर्ति की जा रही थी लेकिन उसका व्यापक लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा था। वार्डों के सर्वे के बाद यह तय हुआ था कि सभी 15 वार्डों के लिए दो ओवर हेड टैंक स्थापित किए जाएं। इनमें से एक की क्षमता 1400 केएल व दूसरे की क्षमता 700 केएल होगी। इसके अलावा पांच नए नलकूपों की स्थापना के साथ 55 किलोमीटर लंबाई में पाइप लाइन बिछाना तय हुआ। 4203 घरों को नया कनेक्शन देने पर सहमति बनी। इसके अलावा पुरानी पाइपलाइन को भी ठीक किया जाएगा। साथ ही जिन घरों में पूर्व में कनेक्शन के बावजूद आपूर्ति सही से नहीं हो पा रही थी उन्हें भी ठीक किया जाएगा। जिससे लोगों को सुचारू जलापूर्ति हो सके । आजादनगर के रामअशीष ने कहा कि पुरानी पाइपलाइन से बहुत ही धीमी गति से पानी आता है ऐसे में टंकी भरने में कई घंटे लग जाते हैं। अंबेडकरनगर वार्ड के सुशील मिश्र ने बताया कि वार्ड में पेयजल का बहुत संकट है। नई पाइप लाइन के निर्माण से समस्या दूर होगी। सुभाषनगर के अमरेश व आदिल शाह ने बताया कि लंबे समय के बाद जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार होने जा रहा है इससे नगर पंचायत की जनता को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

> नगर पंचायत में सर्वे का कार्य पूर्ण कर डीपीआर तैयार कर लिया गया है जिसे मंजूरी के लिए शासन के पास भेजा जाना है। जल्द ही स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **विवेक कुमार, अवर अभियंता जलनिगम अयोध्या**

आक्रोश आठ छात्रों पर विश्वविद्यालय की दंडात्मक कार्यवाही से नाराज हैं छात्र

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री के सामने की नारेबाजी, रोका वाहन

विश्ववार्ता संवाददाता

मिल्कीपुर, अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के ऑडिटोरियम में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सामने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 8 छात्र छात्रों के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्यवाही से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

छात्रों का उग्र प्रदर्शन देख पुलिस एवं प्रशासन हरकत में आ गया और कृषि विश्वविद्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों को बंद कर करा दिया। उधर छात्रों द्वारा द्वारा तीन सूत्रीय मांगो का एक ज्ञापन भी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नहीं लिया। जिससे नाराज और आक्रोशित छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता कृषि मंत्री के वाहन के आगे पहुंचकर उन्हें विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने से रोकने लगे। भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को घसीट घसीट कर कृषि मंत्री के वाहन के आगे से हटाया। उधर मीडिया कर्मियों ने कृषि मंत्री से समूचे प्रकरण पर जानकारी के लिए वार्ता करना चाहे लेकिन उन्होंने चुप्पी साध ली।

वेहोस निलम्बित छात्र को कंधे पर लेकर जाते प्रदर्शन कारी छात्र

देवीपाटन मंडल और अयोध्या मंडलों के कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों एवं किसानों की एक समन्वय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बुधवार को किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही थे। कृषि मंत्री को विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर ही रोके जाने एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह का पुतला जलाए जाने के मकसद से भारी संख्या में छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार नंबर एक पर पहुंच गए थे। मामले की नजाकत भाप एसडीएम एवं सीओ मिल्कीपुर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उग्र एवं आंदोलित छात्रों के हाथों से पुतला छीनवा लिया और आक्रोशित छात्रों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए कृषि मंत्री से वार्ता कराए जाने का आश्वासन दिया। छात्र अपने हाथों में मांगो का ज्ञापन लिए जब कृषि मंत्री के पास पहुंचे तब उन्होंने छात्रों से वार्ता करने के बजाय विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने की राह पकड़ ली। इसके बाद छात्र और उग्र हो गए तथा जमकर हंगामा हो गया। छात्र कुलपति सहित शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुनः गेट नंबर एक पर आ गए। प्रशासन उनके मान मनौव्वल में जुट गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के ज्ञापन में तत्कान विद्यार्थियों का निष्कासन रद्द किया जाए, विश्वविद्यालय के छात्र यशपाल सिंह के आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय जाच कराए जाने सहित छात्रों के भविष्य को अंधकार में डालने व विश्वविद्यालय के कुप्रबंधन की वजह से आत्महत्या जैसी जघन्य घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही।

एक नजर

श्रद्धालुओं से भरा टेंपो खाई में गिरा 11 लोग घायल

शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र के गांव कटियूली के पास घटिया घाट से गंगा स्नान कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। जिससे शाहजहांपुर नगर के मोहल्ला तेली बजरिया निवासी विमलेश, रामजी सुनील, शिवम, मुस्कान सक्सेना, दीपिका, सुनीता अंश, ऋषभ व टैम्पू का ड्राइबर साबिर शामिल है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लाया गया। जहां 6 लोगो की मलहम पट्टी करने के बाद घर भेज दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल 5 लोगो देवकीनंदन, सुनील, सुनीता मुस्कान साबिर को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बही बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से टेंपो की गति ज्यादा जोर होने की वजह से ड्राइवर से टेंपो का बैलेंस नहीं संभाला गया। इसी वजह से टेंपो जाकर खाई में पलट गया वहीं इस घटना में कोई अनहोनी नहीं हुई।

युवक-युवतियों के लिए कराटे में बेहतर भविष्य

सहारनपुर। मिस्टर नंदकिशोर कराटे एसोसिएशन ऑफ़ सहारनपुर सचिव एवं संस्थापक ब्रूस ली मार्शल आर्टस अकैडमी के ग्रैंड मास्टर ने बताया कि कराटे में नवयुवकों के लिए बहुत ही बेहतर भविष्य है और आत्मरक्षा की भी बहुत ही अच्छी कला है हम अपनी वह दूसरों की आत्मरक्षा कराटे द्वारा कर सकते हैं कराटे प्रशिक्षण से हमारा मन एकाग्र रहता है चुस्ती फुर्ती रहती है मोटापा नहीं बढ़ता है और भी बहुत सारे फायदे हैं खिलाड़ियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए । मार्शल आर्ट में महिलाओं को सेल्फ डिफेंस सीखना चाहिए जिससे वह अपनी आत्मरक्षा कर सकें श्री किशोर ने बताया कि सरकार द्वारा पूर्व में चली रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में हाई स्कूल इंटर की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का सफल पूर्वक प्रशिक्षण मिस्टर नंदकिशोर एवं उनके टीम के द्वारा छात्राओं को दिया गया जिससे वह है आज आसमाजिक तत्वों से अपनी आत्मरक्षा कर सकती हैं और प्रशिक्षण से सेल्फ कॉन्फिडेंस छात्राओं के अंदर पैदा हुआ वह अब निडरता के साथ विद्यालय आकर अपनी पढ़ाई कर सकती है और अपना बचाव स्वयं कर सकती हैं नंदकिशोर द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सहारनपुर.राजकीय हाई स्कूल पठलोकर.राजकीय हाई स्कूल भाघूवाला.कोच एकता कोच पुष्कर सिंह पुंडीर कोच सुरेंद्र कोच गुलशेर कोच प्रदीप कुमार कोच रोहित कोच शिवम कश्यप कोच रितु देवी पूनम सैनी कुमारी रचना काजल आदि कोचों ने सेल्फ डिफेंस का सफल प्रशिक्षण गवर्नमेंट कन्या हाई स्कूल व इंटर कॉलेज में दिया।

कोई भी पात्र व्यक्ति राशन पाने से वंचित न रहे

शाहजहांपुरर। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए के आधार सीडिंग कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये। राशन वितरण के दौरान गरीबों को पूरा राशन मिले, किसी भी दशा में घाटतोली नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डीएसओ को निर्देश दिये कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय से राशन वितरण किया जाये, कोई भी पात्र व्यक्ति राशन पाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कोटेदार गरीबों के राशन वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी न करें। साथ ही उन्होने आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु गति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में पंचायत सहायकों को भी लगाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके गौतम एवं जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरी उपाध्याय सहित राशन डीलर, ठेकेदार व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

औषधि प्रशासन विभाग की बैठक सम्पन्न

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से सुझाव लिए। उन्होंने लाइसेन्स एवं पंजीकरण की वृद्धि के लक्ष्य को पूरा किये जाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए संचारी रोगों के फैलने से रोकने के लिए कटे, सड़े-गले फल को विक्रय से रोकने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने खाद्य पदार्थो के नमूनों की कम संख्या होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि नियमित नमूना लेने में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने खराब कार्यशैली वाले 10 से कम नमूना भरने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जवाब तलब के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी बोतल एवं तेल आदि का भी सैंपल लिया जाए और जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। जागरूकता के लिए रैली निकाली जाए, वॉल पेंटिंग कराई जाए, बैनर पोस्टर आदि लगाया जाए। उन्होंने 15 दिनों में सुधार करने हेतु कड़े निर्देश दिए।

छह कुंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन और 20 कंटेनर प्लास्टिक गिलास पकड़े

» प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर निगम में किया गया जमा

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतिबंधित पॉलीथिन के बोरो की जांच करते निगम अधिकारी

सहारनपुर। नगर निगम ने राज्य कर के मोबाइल स्कवॉड की मदद से 20 बोरियों में भरी छह कुवंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास के 20 कंटेनर पकडे. है। यह प्रतिबंधित पॉलीथिन शहर की एक ट्रांस्पोर्ट के वाहन से पकडे. है। ट्रांसपोर्टर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए पकड़ी गयी प्लास्टिक जब्त कर निगम लायी गयी है।

नगर निगम ने शहर की एक ट्रांस्पोर्ट के वाहन से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास की खेप पकड़ी है। राज्य कर के मोबाइल स्कवॉड द्वारा एक वाहन को जीएसटी जांच के लिए रोककर जब उसकी जांच की गयी तो उसमें काफी मात्रा में प्लास्टिक बोरे और गत्ते के कंटेनर पाये गए। बोरो की जांच की गयी तो उनमें प्रतिबंधित पॉलीथिन व कंटेनरों में प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास पाये गए। राज्यकर के सहायक आयुक्त विवेक कुमार ने इसकी सूचना नगर निगम को दी।

इस सूचना पर नगर के मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, सफाई निरीक्षक आशीष, प्रवर्तनदल की टीम के साथ दिल्ली रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचे और मोबाइल स्कवॉड द्वारा रोके गए वाहन की जांच की तो 20 प्लास्टिक बोरों में 30-30 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन तथा गत्ते के 20 कंटेनरों में प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास भरे पाये गए मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल ने बताया कि गत्ते के कंटेनरों पर नींबू पानी लिखा था।

निगम अधिकारियों ने 20 बोरियों में भरे 600 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन और कंटेनरों में भरे प्लास्टिक गिलास जब्त कर लिया और ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर निगम ले आए। ट्रांस्पोर्टर पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

बरेली। खेत पर काम कर रहे किसान पर बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह जमीन में धंस गया और उसकी मौत हो गई। खाना खाकर वापस लौटे बेटे ने जब पिता के शव को जमीन में गड़ा देखा तो हडकंम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पचंनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव रायपुर हंस निवासी ५५ वर्षीय लेखराज पुत्र छेदालाल के भतीजे हरपाल सिंह ने बताया मंगलवार को उनके चाचा खेत पर धान की बेड लगा रहे थे। उनकेसाथ उनका छोटा बेटा सुनील भी था। सुनील घर पर खाना खाने चला गया।

इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए और जमीन में धंस गए उनकी मौके पर ही मौत हो गई। खाना खाकर जब सुनील वापस आया तो उसके होश उड़ गए। उसके पिता जमीन में घंसे हुए थे। पिता का शव देखकर उसको होश उड़ गए। वह चित्कार मार कर रोने लगा। आसपास काम करने वाले ग्रामीणों ने उसके शव को निकाल कर इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विकास प्राथमिकताओं कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकताओं कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

मण्डलायुक्त ने हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुये ओवर हेड टैंक व निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन जनपदों की प्रगति कम है और ओवरहेड टैंक के लिए अभी तक भूमि चिन्हित नहीं हो पाई है, एक सप्ताह में भूमि चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। माह का जो निर्धारित लक्ष्य उसको पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए जिन जनपदों में हर घर योजना के अंतर्गत जो अवशेष कार्य है,शीघ्र पूर्ण कर उसकी सूची मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर घर नल योजना के अन्तगत खोदी गयी सड़कों का निर्माण शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण तरीके से शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाये, जिससे आम जन को आवागमन में असुविधा ना हो।

मण्डलायुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण अंतिम चरण में है,समस्त कार्य पूर्ण कर लिए जाएं और माह जुलाई-2024 में

विद्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बढ़ती जाएं।

जो गोवंश निराश्रित है, उन्हें पकड़ कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। सहभागिता योजना के अंतर्गत गौवंश दिए गए उन सभी गौवंशों का सत्यापन कराकर उन्हें टैग कर अपलोड किया जाए। जिन गोपालो ने गोवंश को संरक्षण करना छोड़ दिया है, उनके खातों में धनराशि ना भेजी जाए। वृहद गौशालाओं में हो गये एवं हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कराए जाने एवं गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के सापेक्ष भुसा, हरा चारा, पीने के पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

नशा देकर किया था दुष्कर्म, गर्भपात कराया

बरेली। देहात क्षेत्र में एक छात्रा से दुष्कर्म व गर्भपात कराए जाने का मामला सामने आया है। घटना फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। छात्रा एक कॉलेज से बी ए की पढ़ाई कर रही है। पीड़ति के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं छात्रा को परेशान करने में एक अन्य युवक भी फरार बताया जा रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश रही है। पीड़ति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही छात्रा के बयान दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्र एक कॉलेज में बी ए की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के परिवार ने पुलिस को बताया कि बेटी की तबीयत खराब हुई तो उससे पूछा। लेकिन वह कुछ बता नहीं सकी। बाद में मां ने पूछा तो वह डरकर सहमी हुई थी, और उसने बताया कि तीन-चार माह पहले गांव के रहने वाले एक युवक ने उसे कोल्डिंग पर नशीला पदार्थ दिया था। और उसके बाद दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद छात्रा को धमकी दी कि यदि परिवार से बताया या पुलिस से शिकायत की तो हम बदनाम कर देंगे। जिसमें मोहित और विशाल नाम के 2 युवक पीड़िता को लगातार परेशान कर रहे थे। जब यह बात छात्रा परिवार को पता चली तो छात्रा के पिता ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं।

एडीजी रमित शर्मा ने संभाला बरेली जोन का चार्ज

» बरेली में आई जी रह चुके हैं रमित शर्मा, कहा अपराधियों पर सख्त एक्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। नवागत अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर थे। चार दिन पहले शासन ने उन्हें बरेली जोन की जिम्मेदारी दी थी। इससे पहले रमित शर्मा बरेली रेंज में आईजी रह चुके हैं, 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी रमित शर्मा ने कहा कि अपराधियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। आगामी त्यौहार और कावड़ यात्रा सकुशल तरह से संपन्न कराई जाएगी। जहां यातायात व्यवस्था की समस्याएं हैं उन्हें भी दूर किया जाएगा। लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई होगी।

शुक्रवार रात हुआ था ट्रांसफर- शुक्रवार देर रात 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीणा को लखनऊ में एमडी पुलिस आवास निगम में एडीजी बनाया है। वहीं प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को बरेली जोन का एडीजी बनाया है।

रमित शर्मा आईजी बरेली भी रह चुके हैं-1999 बैच के आईपीएस अधिकारी रमित शर्मा की गिनती तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों में की जाती है। प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हुई तो रमित शर्मा प्रयागराज के पहले पुलिस कमिश्नर नियुक्त किए गए। इससे पहले वह बरेली में आईजी रेंज भी रह चुक हैं। रमित शर्मा को बेहतर कानून व्यवस्था संभालने के लिए जाना जाता है। वह वेस्ट यूपी के मेरठ में भी डीआईजी रेंज रह चुके हैं।

जी आई एस सर्वे पुराने करदाताओं पर लागू नहीं होगा

बरेली। नगर निगम जी आई एस सर्वे पुराने करदाताओं पर लागू नहीं होगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह जानकारी समाजवादी पार्टी के सभासद राजेश अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया व्यापारियों और जनता के द्वारा मिले सहयोग और संघर्ष के परिणाम स्वरूप विजय मिली है। ज्ञात रहे की वर्ष 2023 - 24 के एरिया और गत वर्षो में मिलने वाली छूट के लिए लड़ाई लड़ी जा रही थी। नगर निगम के सभासदों की एक विशेष बैठक में जो की महापौर डॉ. उमेश गौतम ने बुलाई थी। इस बैठक में नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स के साथ ही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

श्रीराम कथा में अयोध्या प्रसंग सुनाकर भाव विभोर किया

सहारनपुर। श्री शिव धाम मंदिर पवन विहार में वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में आयोजित श्रीराम कथा अमृत वर्षा एवं हनुमत यज्ञ में मंदिर के यज्ञ आचार्य पंडित अरुण चंद्र शास्त्री और आचार्य गणों ने मंत्र उच्चारण के साथ यजमानों केपी सिंह मुकेश शर्मा विजय शर्मा श्रीमती गार्गी शर्मा रकम पाल द्वारा संपन्न कराया गया है। यज्ञ आचार्य ने बताया कि यह करने से आसपास का वायुमंडल शुद्ध हो जाता है कथा व्यास सुभाष चंद्र ने आज के प्रसंग में प्रभु श्री राम जी का जन्म उत्सव अयोध्या में बड़ी धूमधाम से मनाया गया और प्रभु श्री राम कई वर्षों तक अयोध्या में रहे। इसके उपरांत विश्वामित्र के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने गए आज के प्रसंग में कथा व्यास जी ने शिक्षा पर पूर्ण दृष्टिपात किया है राजा जनक जी ने विश्वामित्र जी के यहां स्वयंवर के लिए निमंत्रण भेजा है और कथा व्यास जी राम सीता की विवाह का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया है विश्वामित्र जी राम और लक्ष्मण को लेकर जनक भवन पहुंचे की शर्त के अनुसार प्रभु श्री राम जी ने भगवान शिव जी के धनुष को तोड़ दिया स्वयंवर में पहुंचे भगवान परशुराम जी बड़े ही क्रोधित हुए और पूरे भू मंडल में हलचल पैदा हो गई है उसके पश्चात प्रभु श्री राम जी ने अपना नारायण स्वरूप दिखाकर प्रभु परशुराम जी को शांत किया।

नगर विधायक व सीएमओ ने किया विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान का शुभारंभ जिला महिला अस्पताल में नगर विधायक राजीव गुम्बर व सीएमओ डा. संजीव मांगलिक ने किया, इस अवसर पर नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई, पूरे माह में क़रीब 5 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है, अभियान का सुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विधायक सहित सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक श्री गुम्बर द्वारा कहा गया कि विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान जैसा कि इसका नाम है जिसमें टीम खुद घर-घर जाकर बच्चों को विटामिन ''ए'', ओआरएस एवं जिंक देकर उन्हें प्रतिरक्षित करते हैं साथ ही उन्हें अन्य स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराते हैं, ऐसे में हमारा यह प्रयास रहे कि कोई भी

» बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

हितग्राही सुविधा से वंचित न रहे अधिक से अधिक अभियान का कवरेज रहे जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके, उन्होने अपील की है कि सभी माताएँ जिनके बच्चे नौ माह पूर्ण कर चुके हैं, वह अपने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलाएँ, महिला सीएमएस डॉक्टर इंद्रा सिंह ने बताया कि 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन ए के सम्पूरण किए जाने के संबंध में संचालित कार्यक्रम आगामी 25 जुलाई तक जारी रहेगा, उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक 6 माह में एक बार आयोजित किया जाता है तथा साल में दो बार आयोजित किया जाता है, उन्होंने बताया कि जनपद में इस बार क़रीब 05 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी, उन्होंने जानकारी देते बताया कि विटामिन ए बच्चों के शारीरिक विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है, विटामिन ए की खुराक मिल जाने से उनमें रतौंधी, कुपोषण नहीं होता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है, इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर संजीव मांगलिक, सीएमएस डॉक्टर रामानंद, सीएमएस डॉक्टर इंद्रा सिंह सहित सीनियर डॉक्टर व मैनेजर ईशा कश्यप मौजूद रही।

आधे घंटे की बरसात ने खोली नगर निगम की पोल

सहारनपुर। आधे घंटे की बरसात ने आज नगर निगम के विकास कार्यों की पोल पट्टी खोल दी है। मौहल्ला शारदानगर की कई गलियों में जलभराव की उत्पन्न हो गयी।

शारदानगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दोपहर आधे घंटे के लिए बरसात हुई। जिससे शारदानगर की अधिकांश गलियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोगों के घरों में गंदा जल घुस गया। एक तरफ तो नगर निगम स्मार्ट सिटी के नाम लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की ऐवज में अधिक टैक्स वसूल रहा है, लेकिन सुविधाओं का यह आलम है कि क्षेत्र में नालिया चॉक है, और नाले में सफाई न होने से गन्दगी लबालब है, जिससे जरा सी बरसात आने पर चारों तरफ गन्दे भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने नगर निगम की कार्यशैली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यही हाल महानगर की अधिकांश कालोनियों का है, जहां स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगों के साथ सिर्फ छलावा ही किया गया है।

अग्रवाल एकता मंच की बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। अग्रवाल एकता मंच के तत्वावधान में एक अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्थानीय जीपीओ रोड स्थित एक होटल के सभागार में किया गया।

बैठक में अग्रवाल एकता मंच का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से राजीव सिंघल को अध्यक्ष, निशान्त गर्ग को महामंत्री, संदीप बंसल कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गये।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए कहा कि वे अग्रवाल एकता मंच को बल प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है उसका वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे तथा मंच हित में सदैव ठोस निर्णय लेंगे।

मंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कहा कि उन्हें जो प्यार व स्नेह पदाधिकारियों द्वारा जा रहा है, उसको वे कभी भूल नहीं पायेंगे तथा पूरी ईमानदारी से अपने पद का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर अंशुल, अर्पण अग्रवाल, पीयूष बंसल, अरविंद मित्तल, आकाश, गौरव, रिंशू, गौव गर्ग, अनुज बंसल आदि मौजूद रहे।

तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

बरेली। बुधवार तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। दूसरी बार झमाझम बारिश शुरू हुई है।

सुबह से आसमान में बादल छा रहे हैं मौसम विभाग के अनुसार बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने दो दिन का बारिश का अनुमान बताया है। इससे पहले सोमवार को दिन भर हल्की धूप रही तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कई बाद बादल बरसने जैसे दिखे। इससे पहले रविवार दोपहर को 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई थी, जिसके बाद तापमान में कमी आई है। लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है।

इससे पहले रविवार को प्री मानसून बारिश से फसलों को भी फायदा हुआ। अलग-अलग स्थानों पर सड़कों व गलियों में पानी भर गया। वहीं, दिन मे आसपास के जिलों के लिए झमाझम बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

हनुमतधाम पर 11 पौधे रोपित कर अभियान का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष आज वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने हनुमतधाम में ग्रुप के सदस्यों द्वारा तय किये गए लक्ष्य को पूर्ण होने के लिए पर प्रार्थना करते हुए ग्रुप के संरक्षक चन्द्रशेखर खन्ना (धीरू) के द्वारा पौधारोपण की शुरुआत करते हुए 11 पौधों को रोपित करके पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ग्रुप की संरक्षक डॉ. रश्मि बहल ने कहा कि पौधारोपण करते हुए पौधों की देखभाल करना वेहद पुनीत कार्य है और वर्तमान समय की जरूरत भी। इस अवसर पर पत्रकार युगेश कृष्ण व शोशल मीडिया से आकाश मिश्रा को उत्कृष्ट कार्य हेतु ग्रुप के संरक्षक चन्द्रशेखर खन्ना द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्री खन्ना ने कहा कि पौधों को ऐसी जगह पर लगाना चाँहिये जहां पर उनकी समुचित देखभाल भी हो सके प्रत्येक व्यक्ति द्वारा वर्तमान समय में कम से कम 5 पौधे अवश्य लगाना चाँहिये।

इस दौरान ग्रुप क्रियेटर अभिनय गुप्ता, गुप्ता पौधरोपण मुहिम की प्रभारी ज्योति गुप्ता , महेंद्र दुबे , अनिल गुप्ता प्रधान ,रिधि बहल हनुमत धाम प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बिनोद कुमार अग्रवाल, नुज़हत अंजुम, काजल यादव, कुलदीप गुप्ता, एडवोकेट अनूप कुमार, शालू यादव, पूनम वर्मा, डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा (चुकन्नी), निखिल गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, मोहम्मद शान आकाश मिश्रा, हर्षित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत गुलड़िया में आकाशीय बिजली गिरने से निलेश की मृत्यु

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र गांव गुलडिया में आज बुधवार को दिन के करीब 12:00 छत पर नहा रहे किशोर निलेश पुत्र करण सिंह के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजन उसको आनन फानन में डायल 112 पुलिस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। वही जब घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार पैगाम हैदर नायब तहसीलदार रोहित कटियार लेखपाल कमलेश राजपूत अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने मौके का निरीक्षण किया परिवार के लोगों से मुलाकात की और स्वातना दी और कहा कि आप

अपने बच्चो का पोस्टमार्टम करवा लीजिए। जिससे सरकार से मिलने वाला लाभ मिल जाएगा।

वही सूचना पर कोतवाल हरपाल सिंह बालियान पुलिस बल के साथ पहुंचे परिवार की सहमति के बाद पंचनामा भरने के बाद उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्वास्थ्य ऑस्टियोपोरोसिस मे हड्डी फ्रैक्चर होने की संभावना बहुत अधिक

भारत में ही लगभग 7 करोड़ लोग ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित: डॉ हर्ष

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। ऑस्टियोपोरोसिस हड्डी का एक चयापचय रोग है, जिसके कारण हड्डी के घनत्व में कमी हो जाती है। प्रभावित हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और हड्डियां अधिक नाजुक हो जाती हैं,हड्डियों का आकार, प्रकार और संरचनात्मक घनत्व बादल जाता है। अस्थि द्रव्यमान बचपन और किशोरावस्था में तेजी से बनता है, और 30 की उम्र के बीच में अपने चरम पर पहुंच जाता है। लगभग 40 वर्ष की आयु से, अस्थि द्रव्यमान घटने लगता है। यही ऑस्टियोपोरोसिस है और हड्डी फ्रैक्चर होने की संभावना हल्की सी चो या गिरने से अधिक हो जाएगी। उपरोक्त ओजस्वी विचार द्रोणाचार्य आयुर्वेदिक एजूकेशनल इंस्टीट्यूट एवं हॉस्पिटल, सहारनपुर के क्रिया शरीर विभाग के असोसिएट प्रोफेसर आयुर्वेद वाचस्पति डॉ हर्ष ने दिल्ली रोड पर आयोजित निशुल्क बी एम डी शिविर मे व्यक्त किए।

डॉ हर्ष ने इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धूम्रपान ,अत्यधिक शराब और कैफीन का सेवन, कम कैल्शियम का सेवन, सोडियम (नमक) बहुत अधिक सेवन,स्टेरॉयड या अन्य दवाओं का लंबे समय तक उपयोग, समय से पहले रजोनिवृत्ति (उम्र ढ 40 वर्ष) वाली महिलाओं में एस्ट्रोजन की कमी, जल्दी रजोनिवृत्ति (40-45 वर्ष की आयु) या अंडाशय की सर्जरी आदि ऐसे कारण हैं, जिससे पहले ऑस्टियोपीनिया और बाद मे ऑस्टियोपोरोसिस होता है। ऑस्टियोपोरोटिक फ्रैक्चर की सामान्य जगहों में जांघ की हड्डी (कूल्हे के जोड़ के पास), रीढ़ (कशेरुक) और अग्र बाहु (कलाई के पास) शामिल हैं।रीढ़ में किसी भी आघात के बिना फ्रैक्चर हो सकता है। कशेरुकी फ्रैक्चर से पीठ में कूबड़ हो सकता है और शरीर की ऊंचाई में कमी, और कभी-कभी पीठ में दर्द हो सकता है।

बी एम डी टेस्ट से इसका पता लगने पर कैल्शियम और विटामिन डी दो आवश्यक पोषक तत्वों का सेवन, सूर्य का प्रकाश, दूध, दही,पनीर, बादाम, अखरोट और तिलसंतरे, अंजीर, किशमिश, सूखी अंजीर और खुबानी इत्यादि का सेवन करना चाहिए।

शिविर मे 109 रोगियों की जांच की गई जिसमे 67 महिलाएं ऑस्टियोपीनिया और ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ति मिली। शिविर मे मुख्य सहयोग झंडु कम्पनी के भूपेन्द्र सैनी का रहा।

देश का किसान व मजदूर बुरी तरह से परेशान : चौ . अभिषेक काम्बोज

सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की एक पंचायत का आयोजन स्थानीय मण्डी समिति रोड स्थित नवीन कृषि मंडल परिसर में किया गया।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौ.अभिषेक काम्बोज एडवोकेट ने कहा कि आज देश व प्रदेश की सरकारें चुने हुए जनप्रतिनिधियों का उत्पीड़न कर रही हैं, देश का किसान बुरी तरह से परेशान है व बिजली, पानी की मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। सरकार बिजली के बिलों को माफ करें अन्यथा किसान जन आंदोलन पर उतर आयेगा। देश के प्रधानमंत्री विकसित भारत बनाने का ढोल व विदेश में पिट रहे हैं, विकसित भारत तब बनेगा जब देश का धरतीपुत्र किसान धरतीपुत्र देश का मजदूर खुशहाल होगा।

पंचायत को यूनियन के राष्ट्रीय सचिव किसानों मजदूरों के संघर्षशील नेता डा. राजेश गौतम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये। पंचायत में अशोक काम्बोज, विकास काम्बोज, भोला काम्बोज, सरदार कुलदीप सिंह, स.रविन्द्र सिंह, कंवरपाल प्रधान, मांगेराम प्रधान, पहल सिंह प्रधान, वेदप्रकाश, जुल्फान, राहुल रामपुर, अरविंद-नागल, चौ.बलबीर गंगोह, रामदास, अफसा आजमी, श्रीमती लता देवी आदि ने मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता चौ.मोतीराम ने की तथा संचालन फैजान मलिक ने किया।

एक नजर

छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा का आयोजन 29 को

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सत्र 2024-25 के लिये सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र/छात्राओं हेतु मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालेज प्रतापगढ़ में दिनांक 29 जून 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकृत छात्र अपने आधार कार्ड एवं फोटो के साथ निर्धारित तिथि व स्थान पर पूर्वान्ह 10 बजे तक पहुँचेगें। परीक्षा में उत्तीर्ण हाने वाले अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जायेगी।

हाईवे में दो बाइके भिड़ी चार घायल

सुमेरपुर-हमीरपुर। नेशनल हाईवे 34 में श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कालेज के सामने दो बाइके भिड़ जाने से पति-पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए। सभी को राहगीरों की मदद से कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर सभी को घर भेज दिया गया। विदोखर पुरई निवासी रूपेंद्र यादव 30 वर्ष अपनी पत्नी ममता 28 वर्ष को बाइक में बैठाकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। वहीं पलरा निवासी धीरेंद्र प्रजापति 25 वर्ष अपनी पत्नी को बाइक से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आ रहा था। श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कालेज के सामने अस्पताल की ओर जाने के लिए धीरेंद्र प्रजापति ने अचानक बाइक मोड़ दी। इससे दोनों बाइके आपस में टकरा गई और चारों गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने चारों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद चारों की हालत में सुधार होने के बाद छुट्टी कर दी गई है।

करंट की चपेट में आने से किशोरी झुलसी

कुरारा-हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी लड़की के विद्युत करेंट की चपेट में आने से परिजनों ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। कुरारा क्षेत्र के जमरेही उपर गांव निवासी गुड़यि देवी 15 वर्ष पुत्री फूलचंद्र को विद्युत आपूर्ति के दौरान करेंट लग जाने से परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना की सूचना अस्पताल द्वारा थाना पुलिस को दी गई है।

अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग

कुरारा-हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान ने सार्वजनिक स्थान पर शौचालय निर्माण कराए जाने के खिलाफ पुलिस अधीक्षक सहित थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। कुरारा क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान गायत्री देवी शिवहरे पत्नी ललित मोहन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव निवासी रामगोपाल यादव पुत्र स्वामीदीन सार्वजनिक स्थान पर शौचालय का निर्माण कर रहा है। मना करने पर वह नही मान रहा है। गांव निवासी बब्बू द्वारा इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। लेकिन वह नहीं मान रहा है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

संगीत नाटक अकादमी और नटराज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दीक्षांत समारोह आयोजित

» छात्र-छात्राओं ने दिखाया अपनी-अपनी कला का हुनर, किया गया सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता

बांदा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं नटराज संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास कार्यशाला का दीक्षांत समारोह सांस्कृतिक मंचों के माध्यम से किया गया।

रेलवे समुदायिक भवन बांदा में आयोजित समारोह का शुभारंभ नटराज पूजन से किया गया ,जिसमें लवलेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ,स्वर्ण सिंह सोनू ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर खुर्द ,राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बांदा, अमित सेठ भोलू समाजसेवी ,सबल सिंह पूर्व क्रीड़ा अधिकारी ,शिवकुमार गुप्ता राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता वरिष्ठ खिलाड़ी, प्रधानाचार्य भागवत प्रसाद इंटर कॉलेज ,डॉ0 शिव प्रकाश सिंह केंद्रीय उपाध्यक्ष कलार्पण,आनंद किशोर लाल जिला अध्यक्ष संस्कार भारती ,योगेश सिंह राजकुमारी गुप्ता ,नीरज सोनी ,डॉ0 दीपक स्वर्णकार चिकित्सा अधिकारी ,अंजना स्वर्णकार ,प्राचार्य अनुराधा सिंह एवं प्रबंधक धनंजय सिंह आदि सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके, पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन दीनदयाल सोनी, नम्रता गुप्ता एवं पूरन गोयल जानी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ

गायन विभाग के 30 छात्र-छात्राओं के द्वारा राग यमन जिसके बोल हरि चरण चित धरिए मितवा एवं राग भैरवी डगर चलत छेड़े श्याम तथा भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां की गयी।

समस्त कला साधकों का आभार प्राचार्य अनुराधा सिंह ने एवं निर्देशक धनंजय सिंह ने प्रस्तुत किया प्रस्तुत कर रहे सभी मेधावियों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से सहयोग आचार्य जयचंद्र, दयानंद सिंह ,श्याम सुंदर ,अमन यादव आदि का रहा तथा कार्यशाला के प्रशिक्षक के रूप में सुगम संगीत के प्रशिक्षक विजय सेन जी कथक नृत्य के प्रशिक्षक राम प्रकाश मिश्रा तंत्र वाद्य प्रशिक्षण का मंजू देवी, चित्रकला प्रशिक्षक हरिनारायण मिश्रा, तबला वादन प्रशिक्षक राम केदार द्विवेदी ,ढोलक वादन प्रशिक्षिका किरण सेठी ,सेमी क्लासिकल प्रशिक्षिका सुश्री अनुपमा त्रिपाठी,भाव नृत्य प्रशिक्षिका देवासी गुप्ता एवं शेषाद्री शुक्ला आदि का रहा जिन्हे शील्ड प्रदान कर सम्मान एवं आभार किया गया।

हिस्ट्रीशीटर बेखौफ होकर घर में घुसा, मारी अधेड़ को गोली

विश्ववार्ता संवाददाता

बांदा। हिस्ट्रीशीटर ने तमंचे से अधेड़ को गोली मार दिया। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के तेरहीमाफी गांव निवासी 55 वर्षीय सुरेद्र मिश्रा पुत्र शिवभजन लाल कर्मकांडी ब्राम्हण है। वह बुधवार की सुबह पड़ोसी के यहां तेरहवीं संस्कार में हवन पूजन कराने जाने के लिए तैयारी बना रहा था। तभी पड़ोसी हिस्ट्रीशीटर घर में घुस आया और सुरेंद्र से शराब पीने के लिए दो सौ रूपए मांगने लगा। इस पर सुरेंद्र ने रूपए देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया। कि हिस्ट्रीशीटर ने तमंचा से सुरेंद्र के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घायल के भतीजे रोहित मिश्रा ने बताया कि सुरेंद्र आविहित है। हिस्ट्रीशीटर घर में घुस आया। शराब के लिए रूपए न देने पर गोली मार दिया।

उधर थानाध्यक्ष तिंदवारी राधाकृष्ण तिवारी ने बताया कि दोनो लोग पीते खाते थे। हिस्ट्रीशीटर लल्लू बाजपेई ने उससे शराब पीने के लिए रूपए मांगा न देने पर उसे गोली मार दिया। फिरहाल तहरीर नही मिली है।

तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ करीब 20 मुकदमे पहले से दर्ज है।

पुलिस लाइन में नवीन आपराधिक विधियों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

हमीरपुर। आज पुलिस महानिदेशक उप्र. लखनऊ निर्देशन में अभियोजक अधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक विधियों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 व नवीन अन्य अधिनियमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के उप-निरीक्षक/विवेचकगण, थाना कार्यालयों/शाखाओं में कार्यरत मुख्य आरक्षी (प्रधान लेखक) एवं आरक्षी (लेखक) को नवीन आपराधिक विधियों से प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर अभियोजक व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

कांलोनी के वाशिंदों ने नलकूप का मोटर पंप ठीक कराए जाने की मांग

कुरारा-हमीरपुर। कस्बा कुरारा के भौली रोड स्थित कांशीराम आवासीय को पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप की मोटर पंप फुंक जाने से कालोनी में निवास करने वाले लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। भौली रोड के पास कांशीराम आवास बने हुए हैं। इनमे सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। इनके पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप लगा हुआ है। जिसका मोटर पंप दो दिन पूर्व जल गया था। जिसको अभी तक ठीक नही कराया गया है। इस कालोनी के वाशिंदों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगे हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। लोग पेयजल के लिए दूर दूर तक जाने को मजबूर हो रहे हैं। कालोनी निवासी रामू गुप्ता, विनोद तिवारी, राकेश, आदि ने बताया कि पेयजल आपूर्ति न मिल पाने से खेत में लगे निजी नलकूप से पेयजल की व्यवस्था करना पड़ रहा है। कालोनी के वाशिंदों ने नलकूप का मोटर पंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बांदा। लोडर की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी 38 वर्षीय रविद्र यादव पुत्र सूरजबली यादव शहर कोतवाली क्षेत्र के बाधा पुरवा तेरहवी संस्कार में शामिल होने गया था। तभी शनिवार की सुबह वह खेतो की तरफ जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे लोडर ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद लोडर समेत चालक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर परिजन दोबारा बांदा ले आए यहां एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के बहनोई मुलायम सिंह ने बताया कि वह किसानी करता था। उसके तीन बेटी है।

नरेन्द्र प्रताप सिंह होंगे बांदा के डीएम

बांदा। जनपद के नये जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप सिंह होंगे। जनपद में लगभग एक साल दो माह से डटी रही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल का स्थानान्तरण लखीमपुर खीरी कर दिया गया है।

अटल भूजल योजना के तहत जलवीरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

सुमेरपुर-हमीरपुर। अटल भूजल योजना के तहत ब्लाक सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जलवीर, स्वयं सहायता की महिलाओं एवं प्रगतिशील कृषकों को अटल जल एप्लीकेशन, कृषि में ड्रिप एवं सिंप्रकलर के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने जल की बर्बादी रोकने के प्रति आगाह किया। ब्लांक सभागार में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान मौदहा ने संपन्न कराया। इसमें जलवीर, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के अलावा प्रगतिशील कृषकों को अटल भूजल योजना के तहत ग्राम पंचायत में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अटल जल एप्लीकेशन, डी डब्ल्यू आर एल, कृषि क्षेत्र में ड्रिप एवं सिंप्रकलर के उपयोग से होने वाले फायदों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर को जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार, नोडल अधिकारी योगेश कुमार, कृषि विशेषज्ञ आनंद सिंह, खंड समन्वयक रामजी मिश्रा आदि ने संबोधित करके महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

धूमधाम से मनी क्षत्रपति साहूजी महाराज की जयंती

विश्ववार्ता संवाददाता

हमीरपुर। अपनादल एस कार्यालय में सामाजिक न्याय के पुरोधा आरक्षण के जनक पिछड़ों व दलितों के मसीहा क्षत्रपति साहूजी महाराज की १५०वीं जंयती मनायी गई। इस अवसर पर जनपद के समस्त कार्यवाहक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज़लिाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत ने कहा की समाज में दलित व पिछड़ों को समानता का अधिकार दिलाने के लिए साहूजी महाराज ने अपने कार्यकाल में कई आदेश पारित किए। राज्य में सभी वर्गों में जाति पांति के भेदभाव ख़त्म करने की मुहिम का हिस्सा बने साथ ही विधवाओं को पुनर्विवाह करने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया। पुरानी कुरीतियों को ख़त्म करने पर संघर्ष किया। सामाजिक न्याय और अधिकार की लड़ाई में वो अग्रणी भूमिका निभाते रहे। कार्यक्रम के उपरांत अपनादल एस के संस्थापक यशः कायी डा. सोनेलाल पटेल की जयन्ती को धूमधाम से मनाने के लिये ज़्यादा से ज़्यादा संख्या बल लेकर 2 जुलाई को इंद्रागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ जाने पर विचार मंथन किया गया। सभी पदाधिकारियों को विधानसभा वार ज़म्मिदारी दी गई। वही सभी से अपील की गई की 30 जून तक सभी विधानसभा प्रभारी अपनी अपनी सूची बनाकर ज़लिा कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे। जिससे यहां से जानेवाले लोगों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर सतीश एड, रामहेत राजपूत लोधीपुरा, सुरेन्द्र राजपूत बरहरा, राजा राजपूत गलिहा राठ, बदन सिंह धमना, अहसान अली सरीला, आदित्य ठाकुर सरीला, अभिलाषा मिश्रा राठ, छाया मिश्रा राठ, मूलचन्द राजपूत सरीला, विवेक कुमार खेड़ा, शिवकुमार राजपूत खेड़ा, चंचल चौरसिया सरीला, संदीप राय सरीला सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

क्षत्रपति साहूजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते महेन्द्र राजपूत व अन्य

घटिया पाइप लाइन डालने की शिकायत एडीएम से

विश्ववार्ता संवाददाता

सुमेरपुर-हमीरपुर। जलापूर्ति के लिए कस्बे के आधा दर्जन वार्डों में जल संस्थान द्वारा बिछाई जा रही पाइप लाइन मानक के अनुरूप न बिछाने का आरोप लगाकर सभासद ने मामले की शिकायत अपर जिला अधिकारी के अलावा मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री को भेजकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

नगर पंचायत के सभासद दीपक शर्मा ने अपर जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि नगर पंचायत की धनराशि से जल संस्थान कस्बे के वार्ड संख्या 1, 6, 16, 17, 18 आदि में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछा रहा है। यह पाइपलाइन बहुत ही कम गहराई में डाली जा रही है। जिससे वाहनों के गुजरने से इनके टूट जाने का खतरा है। सभासद ने जल संस्थान के अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर

» सभासद ने जल संस्थान पर लगाया घटिया कार्य का आरोप

जांचकर कार्यवाही की मांग की है। सभासद ने उक्त शिकायत मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री आयुक्त को भी भेजी है। जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेन्द्रनाथ ने सभासद के आरोपों को नकारते हुए बताया कि पाइपलाइन मानक के अनुरूप ढाई फीट गहराई में डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन डीआई की चार इंची है। इसके टूटने का कोई खतरा नहीं है।

आरआरसी सेंटर व अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आरआरसी सेंटर, से अमृत सरोवर तालाब, निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खाधान्न स्मार्ट मॉडल शॉप,आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा डकोर विकास खंड के ग्राम ऐरी रमपुरा में विकास कार्यों का लोकार्पण किया था। जिसके बाद अब तक विकास कार्यों का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए, बताते चलें कि विगत वर्षों में मा0 मुख्यमंत्री जी ने ग्राम ऐरी रमपुरा में जनसभा को सम्बोधित किया था।

जहां उन्होंने ग्रामीणों को राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दी थी। जिसका लोकार्पण भी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था। गांव में बनने वाले राजकीय हाईस्कूल के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को 20 नवंबर 23 को सौंपा गया था जिसकी लागत 2.428 करोड़ है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। जिसकी लागत 2.16 करोड़ है। ग्राम ऐरी रमपुरा पहुंचे जिलाधिकारी ने इन निर्माण कार्यों की पड़ताल की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान एक दीवाल तिरक्षी पाई गई। जिसे जिलाधिकारी ने तुड़वाकर पुनः बनाए जाने के निर्देश दिए। जिसके बाद उन्होंने राजकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई।

मुख्यमंत्री माटीकला टूल-किट्स योजना व शिल्पकारी प्रशिक्षण का उठायें लाभ

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी राम करन दूबे ने बताया है कि ''मुख्यमंत्री माटीकला टूल-किट्स योजना'' एवं ''शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना'' संचालित की जा रही है। माटीकला को बढ़ावा देने के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद को 36 अदद निःशुल्क विद्युत चालित चॉक एवं माटीकला की पंजीकृत सहकारी समितियों हेतु मिट्टी गूथने की मशीन (पगमिल) वितरण हेतु 09 लाभार्थी तथा 25 लाभार्थियों के लिये शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

18 से 50 आयु वर्ग के अभ्यर्थी/कारीगर योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु माटीकला के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आनलाइन फार्म भरने हेतु पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि प्रपत्रों की

» आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गयी है

आवश्यकता होगी। आनलाइन उपरान्त हार्डकापी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र आनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 10 जुलाई 2024 निर्धारित की गयी है। आनलाइन आवेदन माटीकला के पोर्टल नचउंजपांसंइवंतकण्पद पर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के मोबाइल नम्बर 9795314712, 9580503178 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

एपीजे अब्दुल कलाम शौर्य पुंज योजना में हुई धांधली को लेकर ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौप कर भ्रष्टचार मुक्त कराने की मांग की सभासदों ने नगर पंचायत रामपुरा मे बड़े पैमाने पर ए पी जे अब्दुल कलाम शौर्य पुंज योजना मे हुई धांधली को लेकर आ ज जि ला धि का री का र्या ल य पहुंचकर सभासदों ने जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडेय को संवोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी महोदया को सौंपकर जांच कर कार्यवाही की मांग की । आपको बतादे कि विगत दिनों नगर पंचायत रामपुरा मे 1 करोड़ 25 लाख की रूपये की लागत से स्थापित कराई गई एपीजे अब्दुल कलाम शौर्य पुंज योजना मे टैंडर प्रक्रिया के लिए शासन से धन राशि अब मुक्त होने के मध्य दोनो मे बड़ी धांधली की गई जिसके जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे को बचाने मे लगे हैं

इसी वजह से इस योजना के महत्व पूर्ण दस्तावेज नगर पंचायत रामपुरा ने वर्तमान न प अध्यक्ष की मदद से दस्तावेज गायब कर दिए जिसकी सभासदगणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाईं और दस्तावेज तलब करते हुए पूर्व मे की गई लिखित शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई । जिसमे लाइटों एवम प्लेटो का गवन कर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने निजी आवास एवम खेत पर स्थापित कर ली । जिसका उल्लेख है कि महोदय उक्त सामग्री की रिकवरी करने एवम शौर्य पुंज योजना मे धांधली करने वाले दोषियो के विरुद्ध कार्यवाही की जाए । और ध्वस्त हो चुकी योजना को पुनः चालू किया जाए, जिससे नगर वासियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण करी योजनाओ का लाभ मिल सके।

शासन स्तर से आए धन में गड़बड़ी और भ्रष्टचार की आशंका

नगर पंचायत रामपुरा मे 15 वे वित्त के संभावित टैंडर जारी करने की मनसा जाहिर की है जिसमे मनमाने तरीके से एक जगह सभी कार्य किए गए जिसमे सड़के , एवम पेयजल व्यवस्था हेतु सरकार द्वारा आए वाटर कूलर मनमाने ढंग से सार्वजनिक स्थलों मे न लगाकर अपने करीबी लोगो को सुविधा पहुंचाने हेतु मनमाने ढंग से लगाए गए 15 वे वित्त मे शासन स्तर से आए धन मे गड़बडी और भ्रष्टचार की आशंका है। वही अधिशाषी अधिकारी द्वारा सभासदों से लिखित ली गई की सड़को मे कोई भी सड़क संभावित निविदा मे शामिल नही की गई । और सरकार द्वारा संचालित 15 वे वित्त योजना के संभावित विकास कार्यों की गहनता से उच्च अधिकारियो द्वारा जांच कराकर महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाए तथा संभावित निविदाओ को निरस्त किया जाए जांच के समय अधोहस्तक्षरी को सूचित करे जिससे जांच निष्पक्ष और सही हो सके । इस मौके पर मौजूद सभासद विमल कुमार वार्ड नंबर 2, ब्रजेश कुमार वार्ड नं 4 , गिरजा शंकर वार्ड नं 1, जाकिर, मनोज, अल्ताफ खा, ब्रजेंद्र कुमार , बृज किशोर वार्ड नं 3, अरविंद सिंह अध्यक्ष जिला योजना समिति सहित मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय बचत की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें डाकघर से सम्बंधित वित्त मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं के बारे में शशिकांत रावत जिला बचत अधिकारी द्वारा यथा किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, मासिक आय योजना, पीपीएफ योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आरडी आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा खालिद अंजुम उपजिलाधिकारी/प्रमाण अधि०, राष्ट्रीय बचत ने अभिकर्ताओं से जमा में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की अभिकर्ताओं ने वर्तमान में जमा के सम्बंध में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया यथा कुरारा पोस्ट ऑफिस में प्रिंटर खराब होने की जानकारी दी। जिस सम्बंध में अंशुमान पाठक पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर हमीरपुर ने अग्रिम 15 दिन में समस्या का सम्पूर्ण निस्तारण करने का वादा किया। पोस्ट मास्टर हमीरपुर ने अमिनकर्ताओं से अनुरोध किया कि आप लोग सुकन्या समृद्धि योजना एवं महिला सम्मान पत्र में अधिकाधिक खाते खुलवाते हुये इन जनप्रिय योजना का लाम आम जनमानस को मिल सके। बैठक के अंत में राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा जनता के धन को सुरक्षित करने के सम्बंध में पोस्ट मास्टर जानना चाहा कि जनपद हमीरपुर में वर्तमान में जनता के धन को सुरक्षित रखने क्या उपाये अपनाये जा रहे हैं। इस सम्बंध में पोस्ट मास्टर द्वारा अवगत कराया कि अब जिले में किसी भी पासबुक में हाथ से इंट्री नहीं हो रही है।

समस्त इंट्री प्रिंटर के द्वारा की जा रही है एवं समस्त खातों को मोबाइल नम्बर से जोड़ दिया गया है। जिससे खाताधारक के पास प्रत्येक माह जमा की सूचना पहुंच जाती है। इसके अलावा भी यदि खाताधारक चाहे तो यूनिक आईडी से अपने खाते में जमा धन की जानकारी मोबाइल फोन द्वारा देख सकता है।

किशोर की करंट लगने से हुई मौत

बांदा। करंट लग जाने से किशोर की मौत हो गई। करंट की चपेट में आने से दादी और चाची की हालत बिगड़ गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के सर्वोदय 17 वर्षीय अनुज पुत्र ओमप्रकाश बुधवार की सुबह निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल में था। उसने खिड़की को छू लिया। करंट का झटका लगते ही वह नीचे गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। घरवालो को यह आशंका थी कि अनुज कि छत से गिर कर मौत हुई है। कुछ ही देर के बाद अनुज की 70 वर्षीय दादी शिवपतिया,और 28 वर्षीय चाची मनीषा को करंट के झटके लगे। तब परिजनो को पता चला कि अनुज की करंट लगने से मौत हुई है। मृतक के चाचा मानसिंह ने बताया कि दूसरी मंजिल मे निर्माणा चल रहा है।

योजना जिनके विद्युत बिल बकाया नहीं वे अपना आवेदन ऑनलाईन पंजीकरण करके अपने आवासों पर लगा सकते हैं

डीएम ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में बैठक कर निर्देश दिए

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को अवशोषित दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के संबंध में परियोजना अधिकारी नेडा ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि ऐसे सभी घरेलू विद्युत उपभेक्ता जिनके विद्युत बिल बकाया नहीं वे अपना आवेदन ऑनलाईन पंजीकरण pmsurysghar.gov.in पर करके अपने निज आवासों पर लगा सकते है। उपभोक्ता के स्वीकृत विद्युत भार के समतुल्य अथवा उससे कम क्षमता का सोलर रूफटॉप संयंत्र लगा सकता है। 01 कि०वा० का सोलर प्लांट लगाने पर रू0 45000/- 02 कि०वा० का सोलर प्लांट लगाने पर रू०- 90000/- एवं 03 कि० से 10 कि०वा० क्षमता तक के सयंत्र पर 108000/- हजार का अनुदान उपभेक्ता के बैंक खाते में डीवीटी के माध्यम से सीधे भुगतान किया जाएगा। पीएम सूर्य घरः योजना सोलर पावर प्लांट लगानें की लागत सामान्यतः 60 से 65 हजार प्रति कि०वा० मात्र आती है। जिलाधिकारी ने जनपद के लिये निर्धारित 12000 के लक्ष्य के संबंध में समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपनें विभाग के समस्त कार्मिकों को योजना के संबंध में जानकारी देकर इच्छुक कार्मिकों की सूची परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध कराये। मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, स्वस्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग अपने समस्त कार्मिकों को शत प्रतिशत पंजीकरण करा कर लाभान्वित करायें। साथ ही बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं वेण्डर्स को निर्देशित किया कि मॉग के अनुसार आवश्यक सामग्री का भण्डारण कर उपभेक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करते हुए लाभ दिलाये। उन्होंने प्रतिदिन 1000 हजार पंजीकरण करानें के निर्देश देते हुये वेण्डर्स को सचेत किया कि उपभोक्ता का हित सर्वोपरि है ।जो बेण्डर्स अच्छा कार्य करेंगें उनका प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के पंजीकृत उपभोक्ताओं को जिलाधिकारी हेल्पलाईन से जोड़ा जाये जिससे उपभोक्ताओं का हित संरक्षित कर उचित लाभ दिलाया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों के साथ आत्मीय सम्बन्ध व शिक्षण रुचि पर की गयी चर्चा

बांदा। हमारी शिक्षण विधि व छात्र/छात्राओं के साथ स्थापित आत्मीय सम्बन्ध हमारे शिक्षण कार्य को रूचिकर व उपयोगी बनाते हैं। उपरोक्त बातें संत तुलसी पब्लिक स्कूल में चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अपर्णा पाण्डेय ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। तत्पश्चात श्रीमती पाण्डेय ने कक्षा प्रबन्धन के सम्बन्ध में सरल व व्यावहारिक उपाय बताये। तत्पश्चात दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रोग्राम डायरेक्टर मनोज सिंह ने कक्षा शिक्षण को सुगम व रूचिकर बनाने हेतु विभिन्न उदाहरणो के माध्यम से स्पष्ट किया। कार्यशाला में उपस्थित 73 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने संदेह को स्पष्ट किया एवं रिसोर्स परसन द्वारा पूछे गये प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर दिए। कार्यक्रम में कार्यकारी प्रबन्धक डा० मनीष कुमार गुप्ता व विद्यालय के डायरेक्टर जगनायक यादव ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

संपादकीय

विपक्षी एकता की दरारें

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत के साथ ही विपक्षी एकता की दरारें झलकने लगी हैं। सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में 50 वर्ष पूर्व देश में आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया गया। लेकिन इस प्रस्ताव के चलते विपक्षी एकता में पहले दिन ही सेंध लग गई। बताया जा रहा है कि आपातकाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पर कांग्रेस को समाजवादी पार्टी तथा तृणमूल कांग्रेस का साथ नहीं मिला। दावा किया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया जिससे कांग्रेस को निराशा हुई और बीजेपी को खुशी हुई। स्पीकर ओम बिरला ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए कहा कि सदन इसकी कड़ी निंदा करता है। ऐसे में भाजपा को भी विपक्षी के गुब्बारे पर चोट करने का मौका मिल गया। आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव पर समर्थन से लेकर स्पीकर के चुनाव में विपक्ष की हार तक भारतीय जनता पार्टी ने 18वीं लोकसभा के तीसरे दिन बुधवार को विपक्षी एकता पर तीखे सवाल उठाए। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा कि विपक्षी एकता एक मिथक है। इंडिया गठबंधन में कई दलों ने आपातकाल पर प्रस्ताव का समर्थन किया जबकि कांग्रेस ने अपना चेहरा छिपाने की कोशिश की। स्पीकर के चुनाव के दौरान ध्वनि मत या मत विभाजन की मांग को लेकर भी विपक्ष में एकमत नहीं था। तीसरी बार फेल राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले दिन ही फेल हो गए। स्पीकर का चुनाव हारना इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा झटका है जो उसे लगना ही था। भारतीय जनता पार्टी के नेता शहजाद पूनावाला ने यहां तक तंज किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी (एसपी) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद दे दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, वाह, जब कांग्रेस ने आपातकाल की निंदा के प्रस्ताव का विरोध किया तो एसपी, डीएमके, टीएमसी के सांसद उससे दूर चले गए! वहां इंडी गठबंधन चल रहा है...। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सदन में जहां साधारण बहुमत से दूर है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) को एक दशक के बाद विपक्ष के नेता का पद मिला है। इस बीच, दावा किया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया जिससे कांग्रेस को स्वाभाविक रूप से गहरी निराशा हुई होगी और बीजेपी को खुशी हुई होगी। स्पीकर ओम बिरला ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए कहा कि सदन इसकी कड़ी निंदा करता है। उन्होंने उन लोगों के दृढ़ संकल्प की सराहना भी की जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया, उसके अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेदारी को बरकरार रखा। स्पीकर ओम बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि यह दिन भारत के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था जिसे उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान पर हमला बताया। लोकसभा अध्यक्ष ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को रेखांकित किया, इसके मूल्यों पर प्रकाश डाला जो बहस और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का समर्थन करते हैं। बिरला की टिप्पणी के दौरान, कांग्रेस सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाकर विरोध जताया और उस पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। सदन ने आपातकाल के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में कुछ क्षण का मौन भी रखा। इसके बाद, सदन ने आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा में सुचारु कामकाज होगा तथा देश की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी बड़ी भूमिका होगी।

कटाक्ष हसन जैदी

संसद चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी

अरविंद जयतिलक

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश को हराकर एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुन लिए गए हैं। ध्वनिमत के जरिए ही ओम बिरला को चुन लिया गया और विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की। देश की नई संसद में ओम बिरला का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हे आसन पर आसीन कराकर सदन की परंपरा और गरिमा को चरितार्थ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ओम बिरला को बतौर सांसद एवं 17 वीं लोकसभा के अध्यक्ष के रुप में किए गए उनके कार्यों की जमकर सराहना की और कहा कि उनका अनुभव काम आएगा।

उल्लेखनीय है कि ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुना गया है। 17 वीं लोकसभा में बतौर अध्यक्ष उनकी भूमिका बेहद सारगर्भित रही। नवनियुक्त लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत सभी दलों के नेताओं ने भरपूर बधाई के साथ विपक्ष को बराबर मौका दिए जाने की मांग की। बहरहाल जिस तरह पहले दिन लोकसभा का माहौल सहज दिखा है, उससे उम्मीद की जाना चाहिए कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही अपनी जवाबदेही और जिम्मेदारी का भलीभांति निर्वहन करेंगे। समझना होगा कि संसद को चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है।

बेशक विपक्ष का उत्तरदायित्व है कि वह जनता व जनहित से जुड़े मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछे। सरकार की कड़ी घेराबंदी करे। लेकिन यह तभी संभव होगा जब सदन की कार्यवाही ठीक तरीके से चलेगी। जब सदन ही हंगामे की भेंट चढ़ जाएगा तो फिर विपक्षी दलों की आवाज को कौन सुनेगा? इस तथ्य से कोई भी असहमत नहीं कि देश विविधताओं से भरा हुआ है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ क्षेत्रीय भावनाओं और मुद्दों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उस पर विमर्श को आगे बढ़ाना और जनआकांक्षाओं के निष्कर्ष तक ले जाना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है। लेकिन जनआकांक्षाओं की पूर्ति तब होगी जब सदन व्यवस्थित रुप से चलेगा। जब विपक्ष के तार्किक सवालों का सत्ता पक्ष द्वारा तार्किकता से जवाब दिया जाएगा।

लेकिन 17वीं लोकसभा में ऐसा होता नहीं दिखा। संसद का ज्यादतर समय हंगामे की भेंट ही चढता. रहा। सदन के सदस्यों को याद रखना होगा कि 13 मई 1952 को जब संसद की पहली बैठक संपन्न हुई तब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि संसद जनभावनाओं की अपेक्षा की सर्वोच्च पंचायत है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने संसदीय लोकतंत्र को जवाबदेही से जोड़ते हुए संदेश दिया कि भारत की सेवा का अर्थ लाखों-करोड़ों पीड़ति लोगों की सेवा करना है। लोकसभा के पहले अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर ने जनता और जनप्रतिनिधियों को आगाह करते हुए कहा था कि सच्चे लोकतंत्र के लिए व्यक्ति को केवल संविधान के उपबंधों अथवा विधानमंडल में कार्य संचालन हेतु बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुपालन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि विधानमंडल के सदस्यों में लोकतंत्र की सच्ची भावना भी विकसित होनी चाहिए।

सवाल लाजिमी है कि क्या मौजुदा निर्वाचित जनप्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित नेहरु और मावलंकर की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरेंगे। राजनीतिक दलों विशेषकर जनता के प्रतिनिधियों को इन सवालों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दो राय नहीं कि इन दशकों में संसद ने ढेऱ सारे उतार-चढ़ाव देखे और अपनी सर्वोच्चता बनाए रखी। देश भी संसदीय लोकतंत्र पर अपना विश्वास बनाए हुए है। आज भी लोगों की निष्ठा व आस्था संसद के प्रति बनी हुई है। बहुलतावादी भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं के बावजूद भी संसद में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और आवाज मुखर हुई है। संसद ने इन दशकों में ढेऱ सारे ऐसे निर्णय लिए हैं जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। सामाजिक मोर्चे पर संसद के कार्यों का मूल्यांकन करें तो निःसंदेह उपलब्धियां स्वागतयोग्य है।

मसलन संसद में महिलाओं को आरक्षण, दहेज प्रथा और अस्पृश्यता उन्मूलन जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोकथाम लगाकर संसद ने अपने मानवीय दृष्टिकोण को चरितार्थ किया है। भूमि सुधार और श्रम कानून के माध्यम से वह भूमिहीनों और कामगारों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। संसद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का द्वारा खोला है। मनरेगा कार्यक्रम चलाकर रोजगार क्रांति का शुभारंभ किया। संसद ने घरेलू हिंसा पर रोक का कानून बनाकर बच्चों और महिलाओं की रक्षा की। सूचना और शिक्षा के अधिकार कानून से समाज को लैस किया। फिर भी इस दिशा में संसद द्वारा अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह तभी संभव होगा जब जनता के प्रतिनिधि संसद की गरिमा का पालन करते हुए जवाबदेही का आचरण पेश करेंगे।

उन्हें समझना होगा कि हजारों कानून बनने के बाद भी देश की जमीनी सूरत नहीं बदली है। संसद की भूमिका का विस्तार किया जाना जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब देश की सर्वोच्च पंचायत में गरीबों, मजदूरों, किसानों और आधी आबादी की भागीदारी बढ़ेगी। आज संसद के स्वरूप, कार्यप्रणाली, प्राथमिकता और उसकी सोच में बदलाव की जरूरत है। देश को जवाबदेह, अनुशासित और कामकाजी संसद चाहिए। अगर देश के पहली संसद से मौजुदा संसद की तुलना करें तो पहली संसद ज्यादा प्रभावी और कामकाजी रही। पहली लोकसभा के पहले साल यानी 1952 में कुल 103 और राज्यसभा की 60 बैठकें हुई। समझा जा सकता है कि संसद कितना अनुशासित और जवाबदेह थी। तब संसद में बहस को लोकतंत्र का पवित्र कार्य समझा जाता था।

आज स्थिति उलट है। आए दिन संसद स्थगित होती है और हंगामा खड़ा होता है। बहस को लेकर संसद सदस्य कितने गंभीर हैं, इसी से समझा जा सकता है कि वे सार्थक बहस के बजाए एकदूसरे की कमियां गिनाते हैं। यह स्थिति निराशाजनक है। दुखद स्थिति यह है कि संसद जिसे विशेषकर कानून बनाने वाली संस्था के रुप में जाना जाता है उसकी अभिरुचि आज कानून निर्माण के बजाए सियासी मसलों को लेकर है। एक आंकड़े के मुताबिक पहली लोकसभा में तकरीबन 49 फीसदी समय कानून निर्माण पर खर्च होता था। आज यह दर 13 फीसदी रह गया है। यही नहीं, संसद में व्यक्तिगत शालीनता और भाषा की मर्यादा भी टूट रही है। अक्सर संसद के माननीय सदस्य उपदेश बघारते हैं कि संसद सर्वोपरि है और उसके मान-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए। निःसंदेह इस उपदेश से किसी को ऐतराज नहीं। लेकिन क्या यह सच नहीं है कि माननीयगण ही संसद की मर्यादा की धज्जियां उड़ा रहे हैं?

एक सभ्य लोकतांत्रिक देश के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती। 2019 में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के 250 वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि विरोध और अवरोध के बीच भेद किया जाना आवश्यक है। तब प्रधानमंत्री मोदी ने संसद सदस्यों के समझ कई ऐसी महत्वपूर्ण बातें कही जो संसदीय मर्यादा के लिए बेहद आवश्यक है। 250 वें सत्र के पहले दिन राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडु ने सदस्यों के व्यवहार को देखते हुए कहते सुने गए थे कि जहां तक लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का संबंध है 'सब ठीक नहीं है।' उन्होंने सदस्यों को आत्ममंथन का सुझाव दिया था। तब उम्मीद की गयी थी कि मानीय सदस्यगण आत्ममंथन करेंगे और सदन की गरिमा बनी रहेगी। लेकिन जिस तरह बार-बार सदन को हंगामा के जरिए बाधित किए जाने का प्रयास होता रहा है, वह संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

कहना गलत नहीं होगा कि माननीय सदस्यगण विरोध और अवरोध के फर्क को महसूस करने को तैयार नहीं हैं। शायद उन्हें लग रहा है कि संसद की मर्यादा का हनन करके ही वह अपनी बात जनता तक पहुंचा पाएंगे। अगर उनकी सोच यह है तो उन्हें समझना होगा कि उनकी सोच से देश सहमत नहीं है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि 18 वीं लोकसभा के लिए गठित सरकार, विपक्ष और निर्वाचित सदस्य अपनी जवाबदेही और जिम्मेदारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन देश की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

आप माननीय हैं, संसद की गरिमा का ख्याल रखें


प्रभुनाथ शुक्ल

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ ली, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है, वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रही जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है, उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं, यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोट बैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया, वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं, उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में ली और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं, उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजयी हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद किये जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस पर भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोट बैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कह कर लोगों का अभिवादन किया क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जुड़ा है।

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ. विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायित्व था, यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाये तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की गरिमा के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता-विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति ईजाद की, वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है।

कविता

रीता श्रीवास्तव

नाविक

मन का अंतर्द्वंद्व भले हो, मेरा नाविक ही मेरे
जीवन को रखता गतिमान।
नयी पुरानी पीढ़ी में अनगढ़ भावों का अंतर
दे रहा चुनौती बनकर अब मेरा ही वर्तमान
क्या लाये थे, क्या पायेगा पूछ रहे हो मेरे नाविक
सब कुछ खोया खोकर पाया,
विलग अब है मोह माया, लुप्त हो गये आंखों से
ओझल हो गये वे लोग
जिनके दम पर दम भरते थे, उनकी परिपाटी जीते थे
अब तो जीवन ढलना है, सर्वस्व समर्पण करना है
नहीं वजूद है अपना कोई, यह दस्तूर निभाना है
नाविक देते हो तुम संबल,मन की दुनिया तरल सरल
अब तो केवट तुम ही हो जीवन नैया के माँझी
ओ मेरे खेवनहार, हो जाऊं मैं द्वंद्व मुक्त
ओ मेरे पालनहार, भूल गयी पथ पर है भरोसा
नहीं रही मैं जीवन हार, तुम्हीं पार लगा सकते हो
भले कठिन हो मँझधार, अब तुम ही मेरे कर्णधार।

विरोधाभास : मीडिया ट्रायल बनाम समानान्तर अदालती व्यवस्था

डॉ. हरवंश दीक्षित

नीट परीक्षा में लापरवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और ख़बर आयी है। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया है। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नम्बर से एनटीए को मेल किया था।

लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही कर सकता है। इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए।

किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती।

बीते वर्षों में रिया-सुशांत, आरुषि-तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर-सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया-सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा।

मीडिया ने खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू-टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां-बाप को जीते जी मार डाला। बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरूषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गयी, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है।

आरुषि के मां-बाप राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यन्त्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा।

नीट परीक्षा से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है।

मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है। यह जब किसी विषय पर अदालत विचार कर रही हो तो इस तरह का मीडिया ट्रायल न्यायिक कार्यों में दखलंदाजी और अदालत की अवमानना है।

न्यायशास्त्र का आधारभूत सिद्धांत यह है कि किसी व्यक्ति को तब तक निर्दोष माना जाएगा जब तक उसे अदालत द्वारा दोषी साबित न कर दिया जाए, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ऊपर यह नियम लागू नही होता। कई बार तो वह इस तरह की व्यूहरचना तैयार कर लेता है कि अभियुक्त के खिलाफ एक सामाजिक माहौल तैयार हो जाता है और मुकदमे के अदालत में जाने से पहले ही अभियुक्त दोषी ठहरा दिया जाता है।

विधि आयोग ने 2006 में जारी अपनी 200 पेज की रिपोर्ट में मीडिया ट्रायल अभिव्यक्ति की आजादी तथा निष्पक्ष न्याय के अन्तर्सम्बन्धों पर विस्तार से चर्चा की थी। आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम जगन्नाथराव ने मत व्यक्त किया था कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण समाचारों के प्रसारण का स्वरूप बदला और उसका असर कई बार अभियुक्तों, गवाहों और यहां तक कि न्यायाधीशों पर पड़ता है।

किसी भी व्यक्ति को अदालती फैसले से पहले फैसला सुनाने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। विधि आयोग ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि इस तरह के मीडिया ट्रायल से निष्पक्ष न्याय पाने के अधिकार में गैरवाजिब दखलंदाजी हो रही है जो न्यायालय अवमानना कानून 1971 की मंशा के विरुद्ध है।

न्यायालय अवमानना कानून की धारा 2 में अवमानना को परिभाषित किया गया है। ऐसा कोई भी प्रकाशन जो न्यायिक कार्यवाही या न्याय प्रशासन में दखलंदाजी करता हो या उस पर प्रतिकूल असर डालता है, वह अदालत की आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है।

मीडिया ट्रायल द्वारा न केवल समानांतर जांच की कार्यवाही की जा रही है अपितु तमाम विशेषज्ञों को बुलाकर उसके फॉरेंसिक और कानूनी पहलुओं पर इस तरह की चर्चा की जा रही है जिससे कई लोगों को अपराधी साबित किया जा सके। इस सामाजिक दबाव के सामने निष्पक्ष जांच करना और फिर उस पर निष्पक्ष निर्णय देना आसान काम नहीं है।

मुकदमे के सम्यक विचारण के बाद यदि अदालत उन लोगों के खिलाफ सुबूत न मिलने पर छोड़ देता है, जैसा कि आरुषि और सर्वजीत के मामले में हुआ तो आम आदमी के मन में मीडिया द्वारा बनायी गयी अवधारणा इतनी पुख्ता होती है कि उसका अदालत के प्रति विश्वास कम हो जाए तो आश्चर्य नहीं।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस तरह का आचरण केवल समाज या अभियुक्त के निष्पक्ष न्याय पाने के अधिकार को ही प्रभावित नहीं कर रहा है। इससे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की साख पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की बुनियाद उनकी निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा पर टिकी होती है। अपनी साख को बनाए रखने के लिए उन्हें सदैव सजग रहना पड़ता है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपने विकास के ऐसे पड़ाव पर है, जब उसे अपनी साख और प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। इसके लिए उसे मसालेदार ख़बरों की जगह तथ्य परक और संतुलित ख़बरों पर ध्यान देना होगा। उसे अभिव्यक्ति की आजादी और अभियुक्त के न्याय पाने के अधिकार के बीच सामंजस्य बनाना होगा। मीडिया ट्रायल की मौजूदा प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

रेउसा पुलिस पर मुकदमा न दर्ज करने का मृतक के परिजनों ने लगाया आरोप

» दो लोगों पर रिपोर्ट लिखे जाने पर शव का किया अंतिम संस्कार

विश्ववार्ता संवाददाता

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा पुलिस पर केस दर्ज न किए जाने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पाकर मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंच गयी। मुकदमा दर्ज किए जाने पर परिजनों ने घरना समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार किया।सकरन थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी पप्पू का शव सोमवार देर रात रेउसा थाना क्षेत्र के सोनावा गांव में झोपड़ी में लटकता पाया गया था। आरती नाम की एक महिला ने खुद को मृतक की पत्नी बताते हुए इसकी सूचना रेउसा पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पंचनामा के समय पुलिस द्वारा उन्हे सूचना नही दी गयी थी।

आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते पुलिस अधिकारी

उसके बाद मृतक के भाई रामनरेश ने रेउसा पुलिस को तहरीर देकर सोनावां निवासी महेन्द्र कुमार जायसवाल व आरती देवी पर पप्पू की हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया था, मगर पुलिस द्वारा मुकदमा नही दर्ज किया गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी थी। मंगलवार देर रात पप्पू का शव पीएम होकर गांव पहुंचा तो बुधवार की सुबह परिजन ऊंचगांव में शव रखकर घरना प्रदर्शन करने लगे। मृतक के परिजनों ने बताया कि जब तक दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही किया जायेगा, तब तक शव का अंतिम संस्कार नही होगा।

प्रदर्शन की सूचना पर रेउसा, सकरन व तम्बौर थानों की पुलिस गांव पहुंची तथा नाराज परिजनों को समझाने का प्रयास किया। काफी समझाने के बाद दोपहर दो बजे जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही तब जाकर परिजन माने मृतक के भाई ने महेन्द्र कुमार व आरती के विरुद्ध रेउसा पुलिस को तहरीर दे दी है। परिजनों ने धरना खत्म कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ रेउसा घनश्याम राम ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर महेन्द्र व आरती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

मानसिक विक्षिप्त महिला की आबरू लूटी

» आरोपी को पकड़ कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

» परिजन ने पुलिस को दी तहरीर, दबाया जा मामला

विश्ववार्ता संवाद

रेउसा (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के भाई ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता के भाई द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना रेउसा में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है। पुलिस फिलहाल इस प्रकरण को दबाने में जुटी है।

रेउसा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला (40) का मानसिक संतुलन ठीक न होने से वह इधर-उधर टहलती रहती है। पीड़िता के भाई ने थाना रेउसा में दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि मानसिक संतुलन ठीक न होने की वजह से उसकी बहन प्रायः इधर-उधर घूमती रहती है। आरोप है कि बीती 25 जून की रात वह बम्हनावां गांधी पार्क के पास बैठी थी जहां बम्हनावां गांव के राजेंद्र पुत्र सुरेश ने उसके साथ गलत काम किया। महिला को भोजन देने गए व्यक्ति ने उक्त कृत्य को देख कर शोर मचाया तो अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

डायल 112 पुलिस को सूचना देने पर वह भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों द्वारा मौके पर पकड़े गए आरोपी को डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीड़ति ने सम्बंधित मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। एसओ ने पीड़ति पक्ष से मानसिक विक्षिप्त महिला को घर में रखने का मशविरा दिया है।

आरोपी को छोड़ा अथवा हुआ फरार

बम्हनावां गांव में मंगलवार रात रेप के आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर उसका वीडियो भी बनाया। डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। रात में ही बाइक से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, जिनके हवाले आरोपी को कर दिया गया, लेकिन बुधवार को रेउसा पुलिस आरोपी के बारे में कोई भी जानकारी देने से बचती रही। एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया कि रेउसा पुलिस ने इस सम्बंध में मुझे कोई जानकारी नहीं दी है मैं बात करता हूं।

सांसद अशोक कुमार रावत ने किया क्षेत्र भ्रमण

मिश्रिख (सीतापुर)। लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख (सु0) में चुनाव के बाद अब शिकायतों को दौरा शुरु हो गया है। मिश्रिख से चौथी बार सांसद चुने जाने वाले अशोक रावत ने मुख्य सचिव को पत्र लिख अवैध खनन व ग्राम पंचायतों में गड़बड़ी की शिकायत कर जांच कराए जाने की मांग की है। सांसद ने पत्र में लिखा है कि एक भट्ठा मालिक ने धार्मिक स्थल की भूमि पर अवैध कब्जा करके भट्ठे का संचालन कर रहा है। वहीं विकास खंड मिश्रिख, गोंदलामऊ, मछरेहटा की कई ग्राम पंचायतों में गड़बडी की जांच करा कार्यवाही करने की मांग की है। सांसद ने कहा शिकायत मिली है मिश्रित की ग्राम सभा भिठौली में साबिर अली उर्फ मुन्ना ईंट भट्ठे का संचालक कर रहे है। उन्होने चित्र कूट आश्रम की पौराणिक भूमि कब्जा कर लिया है। इस आश्रम पर मौजूद प्राचीन रामटीला , लक्ष्मण टीला , भरत टीला, सत्रुहन टीला आदि पर अवैध खनन कर मिट्टी निकाल कर ईंट बना रहे है।

सचिव पर कार्यवाही को सीडीओ को लिखा पत्र

» फर्म को किया भुगतान, विधायक ने जताई नाराजगी

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। सकरन विकास खंड में सचिव द्वारा प्रधान के खाते से एक फर्म को पैसा भेजा गया। प्रधान की शिकायत पर सेउता विधायक ने सचिव के विरुद्ध कार्यवाही के लिए मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है।

विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत धनावा के प्रधान देवीदयाल ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद सेउता विधायक ज्ञान तिवारी से शिकायत की। प्रधान ने बताया कि मानदेय का डोंगल लगाने के लिए सचिव अंकित तिवारी ने उनके डिजिटल सिग्नेचर ले लिए थे। इसके बाद सचिव ने 27 हजार 700 रुपये का भुगतान प्रधान के खाते से मां इंटरप्राइजेज के नाम कर दिया तथा प्रधान को इसकी जानकारी तक नही दी गयी। प्रधान की शिकायत पर विधायक ने पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद सेउताविधायक ज्ञान तिवारी व अन्य

इसके अलावा ब्लॉक में ब्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर विधायक ज्ञान तिवारी ने सचिव विकास तिवारी, उमाकान्त व टीए प्रदीप कुमार पर भी नाराजगी जताते हुए उन लोगों को अपनी आदत में सुधार लाने की हिदायत दी है।

गैरहाजिर चल रही पांच शिक्षिकाओं की समाप्त होंगी सेवाएं !

» 5 जुलाई तक जवाब देने का बीएसए ने दिया अंतिम मौका

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। परिषदीय विद्यालयों में तैनात पांच शिक्षिकाएं लंबे समय से अपने तैनाती स्थल पर बगैर कोई सूचना दिए गैरहाजिर चल रही हैं। विभाग द्वारा इनको नोटिस भेजकर जवाब मांगा मगर शिक्षिकाओं की तरफ से कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

इनमें ऐलिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा की सहायक अध्यापिका निधि तिवारी, बिसवां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बेरिहा की सहायक अध्यापिका मधू वर्मा, महोली ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय पैलाकीसा की सहायक अध्यापिका इस्प्रीत कौर, पिसावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका पूनम तथा गोंदलामऊ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सरवां की पूर्व प्रधान अध्यापिका बसुधा कुमारी का नाम शामिल है। बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने इन सभी पांचों अध्यापिकाओं का विज्ञापन जारी कर उन्हें 5 जुलाई तक स्पष्टीकरण देने को कहा है। विधिसंगत स्पष्टीकरण न होने पर यह मान लिया जाएगा कि शिक्षिकाएं कार्य करने की इच्छुक नहीं हैं। बीएसए ने बताया कि पूर्व में जारी की गई नोटिसों के क्रम में विभागीय नियमानुसार उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

प्रधान व रोजगार सेवकों ने नहीं दिया स्पष्टीकरण

» फर्जी हाजिरी लगाने पर बीडीओ ने दो दर्जन लोगों को दी थी नोटिस

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। बीडीओ सकरन द्वारा नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने के बाद भी ब्लॉक में मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने का मामला थम नही रहा है। प्रधानों द्वारा फोटो से फोटो खींच कर ऑनलाइन हाजिरी लगायी जा रही है और एक माह बीत जाने के बाद भी किसी ने स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

सकरन ब्लॉक में मनरेगा के तहत लगायी जा रही फर्जी हाजिरी व फोटो से फोटो खींच कर साइड पर अपलोड किये जाने का सिलसिला निरंतर जारी है। फर्जी हाजिरी लगाने के मामले में 20 मई को खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा सकरन, दुगाना, अदवारी, अंगरासी, बरछता, इस्माइलपुर, कम्भरिया खुनखुन, मोहारी, पखनियापुर, प्यारापुर, पिपराखुर्द, रत्नापुर, कोशर, उमराखुर्द, झौव्वाकलां, ताजपुर सलौली व चिल्हिया समेत करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों के प्रधान व रोजगार सेवकों को नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण मांगा गया था। मगर एक माह बीत जाने के बाद किसी भी किसी प्रधान द्वारा स्पष्टीकरण नही दिया गया। फर्जी हाजिरी के अलावा फर्जी फोटो भी साइड पर अपलोड किए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक व टीए मिलकर योजना के तहत फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों का भुगतान मनरेगा से करवा रहे हैं। एपीओ रवि सिंह ने बताया कि नोटिस का स्पष्टीकरण न देने वाली ग्राम पंचायतों की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की गयी है।

मनरेगा में ठेकेदारी प्रथा से हो रहा कार्य

विकास खंड सकरन में मनरेगा योजना में ठेकेदारों से कार्य करवाने में तकनीकी सहायक की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। मनरेगा योजना में चल रही ठेकेदारी प्रथा को लेकर विकास खंड में तैनात एक टीए की भूमिका संदेह के घेरे में है। ब्लाक में तैनात टीए छैलबिहारी के पास सकरन व मानपुर सिकरी न्याय पंचायतों की 15 ग्राम पंचायतों का चार्ज है। एक साल पूर्व तत्कालीन सीडीओ अक्षत वर्मा ने भ्रष्टाचार के चलते टीए छैलबिहारी को ब्लॉक से हटाकर जिला मुख्यालय पर अटैच कर दिया था। सीडीओ के यहां से तबादला हो जाने पर टीए ने जुगाड़ लगाकर पुनः सकरन ब्लॉक में अपनी पोस्टिंग करवा ली। टीए द्वारा प्रधानों के संरक्षण में सकरन में ठेकेदारी प्रथा परवान चढ़ रही है।

एक नजर

मृतक शिक्षक को साथी शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

सीतापुर। सड़क हादसे में मंगलवार सुबह परसेंडी ब्लॉक में तैनात शिक्षक राजकुमार की मौत हो गई थी। इसको लेकर बुधवार को बीआरसी परसेंडी पर मृतक आत्मा की शांति के लिए शोकसभा की गई। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व मृतक के परिजनों को दुख की इस घड़ी में सात्वनां देने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में बीईओ ऋषिकेश सिंह, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, एआरपी राजेश गुप्ता, केशव, पंकज राजवंशी, राकेश यादव, मनोज गौड़, श्रीपाल, संजीव जायसवाल, रोमेश यादव, अभय सिंह, राजीव वर्मा, राजेश वर्मा, अनिल सिंह, महमूद आलम, हबीब, अंकिता सिंह, अनीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

लज्जाभंग के केस में 3 वर्ष का कारावास

सीतापुर। यहां की एक सेशन अदालत ने लज्जाभंग के एक मुकदमे में फैसला सुनाते हुए दोषसिद्ध आरोपी को तीन साल की सज़ा के साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड मुकर्रर किया है।इस केस में वादी द्वारा बहन की लज्जा भंग करने की कोशिश करने के संबंध में थाना रामपुर मथुरा पर पंजीकृत मु.अ.सं 02/19 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना के कारण न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/(पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-14 सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त एजाज पुत्र साकिर अली निवासी कस्बा व थाना रामपुर मथुरा को अतंर्गत धारा 354D भादवि में 3 वर्ष कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

दुष्कर्म के मुकदमे में 7 वर्ष का कारावास

सीतापुर। दुष्कर्म के एक मुकदमे में सेशन कोर्ट ने दोषसिद्ध आरोपी को 7 वर्ष के कारावास और 15 हज़ार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई है।इस मामले में अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ गलत काम करने के संबंध में थाना खैराबाद पर मु.अ.सं 106/17 धारा 376,452,323,506 भादवि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस केस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/(पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-14 द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र नत्थू निवासी मो. आनन्द नगर थाना कोतवाली नगर को अतंर्गत धारा 376/452/323/506 भादवि में 7 वर्ष कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

आम की बोली लगाने को लेकर विवाद

लहरपुर। स्थानीय मंडी स्थल में बुधवार को आम बिक्री पर बोली लगाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दबंगों ने दलित की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। बुधवार को राम खेलावन निवासी मोहल्ला शेख टोला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बुधवार को मंडी में पके आम की बिक्री चल रही थी जिसमें बोली लग रही थी मेरे द्वारा 27 प्रति किलो का भाव लगाकर बोली से आम खरीदा गया था, तभी अलाउद्दीन निवासी ग्राम नवीनगर आया और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा मेरे मना करने पर अलाउद्दीन व उसके भाई ने उसे जाति सूचक गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घूंसों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित रामखेलावन ने आरोप लगाया है कि उक्त लोग काफी दबंग प्रवृत्ति के हैं, जो कि मंडी में आए दिन विवाद करते रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। घटना के संबंध में कोई प्रभारी निरीक्षक अपराध राम मणि यादव ने बताया कि, प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

बगैर परमिट नेशनल हाइवे पर फर्राटा भर रहीं डबल डेकर बसें

फाइल फोटो

» परिवहन निगम के समानांतर चल रहीं माफियाओं के वाहन

» जिले के कस्बों से दिल्ली के लिए चल रही अनाधिकृत बसें

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। दिल्ली, गाजियाबाद, लुधियाना, पंजाब व हरियाणा समेत अन्य बड़े शहरों के लिए परिवहन निगम की बसें नहीं बल्कि माफियाओं के संरक्षण में चल रहीं डबल डेकर बसें संचालित की जा रही हैं। परिवहन निगम के समानांतर यह बसें हाइवे पर दर्जनों की संख्या में बेखौफ फर्राटे भर रही हैं। परिवहन व पुलिस विभाग से सांठगांठ के चलते इन बसों को छूने का कोई साहस भी नहीं करता है।

हैरानी की बात तो यह है कि आए दिन इन बसों से हादसे होते रहते हैं लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। परिवहन निगम की बसों की गिरती इनकम की बड़ी वजह प्राइवेट बसों का संचालन किया जाना है। मंगलवार को गोंडा से लुधियाना जा रही तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे में एक यात्री का पैर कट गया जबकि लगभग डेढ़ दर्जन सवारियां घायल हो गईं। सूचना पाकर सीएमओ, एएसपी उत्तरी, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन परिवहन विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। अनाधिकृत तरीके से हाइवे पर फर्राटे भरने वाली डबल डेकर बसें हादसे की वजह बनती जा रही हैं। बता दें कि जिले के लहरपुर, तम्बौर, बिसवां, रेउसा, महमूदाबाद, हरगांव, पुराना सीतापुर समेत अन्य कस्बों से हर रोज दर्जनों बसें दिल्ली व अन्य शहरों के लिए चलती हैं। रोडवेज बसों की तुलना में इनका किराया भी कम होता है। जानकार बताते हैं कि पश्चिम के एक माफिया गिरोह के संरक्षण में इन बसों का संचालन होता है।

इतना ही नहीं इन बसों से दिल्ली से टैक्स चोरी करके सामान भी छिपाकर लाया जाता है। मंगलवार को हुए हादसे के बाद डबल डेकर बसें फिर से सुर्खियों में भले ही आ गई हों लेकिन प्रशासन ने इस तरफ ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। एआरटीओ प्रवर्तन एसके गुप्ता ने बताया कि प्राइवेट बसों की जांच की जाती है। चेकिंग अभियान चलाकर यह देखा जाएगा कि बसों को यूपी परमिट है अथवा ऑल इंडिया परमिट। परिवहन निगम के राजस्व को घाटा पहुंचाने वाली बसों की जांच की जाएगी।

दो घरों से शातिरों ने की लाखों की चोरी

» तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो घरों से चोर गहने व नगदी समेत दो लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद भी किसी भी घटना का केस दर्ज करने के बजाय जांच की बात कहकर पीड़ितों को टरका दिया।

क्षेत्र के ग्राम परसिया अढ़मलपुर निवासी कृष्णाकांत पुत्र सुरेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात अज्ञात चोर ने घर के पीछे की दीवार से चढ़कर जीने से उतर कर कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवर पायल, माला, झाला एवं 15000 की नकदी भी चोरी कर ले गए। अज्ञात चोरों ने उसके भाई रमाकांत की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा 5000 नकद एवं बच्चों की गुल्लक जिसमें लगभग 8000 थे व पायल, सोने के झाला, माला आदि चोरी कर ले गए।

चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

सुबह उठने पर उसे चोरी की जानकारी हुई। इसी गांव के जाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल गफूर ने बताया कि बीती रात उसके घर की पीछे की दीवार से चढ़कर चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर हार, झाला, अंगूठी पायल व लगभग 25 हजार की चोरी कर फरार हो गए। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। घटना के संबंध में प्रभारी राममणि यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है घटना की जांच के लिए पुलिस को भेजा गया है।

मूड़ासानी के दो घरों से दो लाख की चोरी

महोली (सीतापुर)। कोतवाली महोली क्षेत्र के मूड़ासानी में चोरों ने मंगलवार रात दो घरों को निशाना बनाया। चोरो ने घर के जेवरात व नकदी समेत दो लाख कीमत का सामान उठा ले गए। मूड़ासानी निवासी मदारीलाल का परिवार रात में छत पर सो रहा था। चोर छत के रास्ते जीने से नीचे उतर गए व कमरे में रक्खे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखी झुमकी, मंगलसूत्र, बाली, हथफूल, दो जोड़ी पायल व मांग बेदी समेत दो हजार रुपये उठा ले गए। मदारीलाल जब सुबह सोकर उठे तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसी गांव के ही आलोक पुत्र मायाराम के घर से शातिर चोर झाला, टप्स, दो जोड़ी पायल, जेवरी, मंगलसूत्र सहित व पांच सौ रुपये चोरी कर लिए। दोनों घटनाओं में दो लाख रुपये से अधिक के गहने चोरी होने की बात कही जा रही है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

संचारी रोगों से बचाव हेतु दिया गया प्रशिक्षण

लहरपुर। विकास खंड सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संचारी रोगों पर अंकुश लगाने के लिए सफाई कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मनोज वर्मा बीसीपीएम गौरव सक्सेना बीपीएम ने प्रशिक्षण दिया। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा पंकज वर्मा ने ग्रामीण अंचलों में विशेष सफाई अभियान चलाने एवं घरों को साफ सुथरा रखने की अपील की। पालिका परिषद मीटिंग हॉल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक बैठक अनुरुद्ध पटेल अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डॉक्टर पीएस आंनद व बीएमसी यूनिसेफ अखिलेश पाण्डेय ने टीकाकरण कराने, सफाई रखने, कहीं पर पानी जमा ना होने देने तथा अन्य संचारी रोगों से बचने हेतु सावधानियां बरतने हेतु जानकारी दी। अनरुद्ध कुमार पटेल, नीरज गौड़, मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया खाद्य सामग्री किट का वितरण

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। उपजिलाधिकारी महमूदाबाद ने तहसील सभागार में 21 निर्धन दिव्यागों को खाद्य सामग्री किट का वितरण किया गया। खाद्य सामाग्री किट वितरण के समय नायब तहसीलदार महमूदाबाद, राजस्व निरीक्षक महमूदाबाद व अन्य राजस्व कर्मियों के साथ ही पत्रकार बन्धू उपस्थित रहे। खाद्य सामग्री किट में 35 किलो गेहूं ,15 किलो चावल, 3 किलो दाल, 3 किलो सरसों का तेल, 1 किलो नमक,चायपत्ती, धनिया, मिर्च थी।

दिव्यांगों को खाद्य सामग्री किट का वितरण करतीं एसडीएम महमूदाबाद

खाद्य सामग्री किट पाने वाले दिव्यांग लाभार्थी मनोज पुत्र कमलेश निवासी पैतेपुर, कुलदीप राठौर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी पैतेपुर, जब्बार अली पुत्र हसमत अली निवासी ग्राम तकिया, जाफर पुत्र मजीद निवासी मोतीपुर, रफीक पुत्र कल्लू निवासी कटरा, केवला देवी पुत्री नन्दलाल निवासी मालसरॉय, बलराम पुत्र सुकई निवासी मालसरॉय, अनवर पुत्र मुन्ना निवासी महमूदाबाद, राकेश पुत्र सर्वजीत निवासी भरहरमऊ, रमेश पुत्र गुरूदीन निवासी भरहरमऊ, राजकुमारी पुत्री गुरूदीन निवासी बाबूपुर, खैरूल्निशां पत्नी मासूम अली निवासी बाबूपुर, अजीम पुत्र सलीम निवासी मुर्तजानगर, केतकी पत्नी मयाराम निवासी बरगादिया, ज्ञानवती पत्नी राजाराम निवासी बरगदिया, सुनीता पत्नी शिवबरन निवासी लोधासा, मनोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी शाहिनपुर, मौजीलाल पुत्र मैकू निवासी मीरानगर, उस्मान पुत्र खलील निवासी मीरानगर, सलमा पुत्री नईम निवासी गुलरामऊ, इस्लामुद्दीन पुत्र फकीरे निवासी पैंगम्बरपुर है। खाद्य सामग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों द्वारा उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को धन्यवाद व्यक्त किया गया।

विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर आज अमन नशा मुक्ति केन्द्र तरीनपुर द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन के विरोध में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चिकित्सक डा. सी.पी. सिंह ने कहा कि विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों जैसे- शराब, गांजा, भांग, स्मैक, एवं नशीली गोलियां आदि के सेवन से व्यक्ति के शरीर के विभिन्न अंग गुर्दे, फेफडे, लीवर आदि खराब हो जाते है व आंतो में कैंसर, नपुंसकता व हार्ट अटैक भी हो जाता है।

अधिकांश व्यक्तियों में आर्थिक असुरक्षा व संतुष्टि का अभाव होने के कारण लोगों को मानसिक तनाव हो जाता है। जिससे मुक्ति पाने के लिए लोग विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन करने लगते है। धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति भयंकर नशे के आदी हो जाते है। प्रबन्धक अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सबसे चिन्ता का विषय यह है कि 16 वर्ष की आयु वर्ग के बालकों में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति बडी है ऐसी स्थिति में बच्चों के अभिभावकों को विशेष ध्यान देने व संवाद बनाने के अतिरिक्त उनकी निगरानी भी जरूरी है।

इसी के साथ उपस्थिति सभी लोगो को संकल्प करवाया गया कि वह स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन नही करेंगे और जो व्यक्ति नशे का सेवन कर रहे है उनको नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर छेदालाल राठौर, अवधेश कुमार, चांद मोहम्मद, सीमा कुमारी, बन्दना, दयाराम, अमन विक्रम सिंह, संजय शुक्ला, शेरा सिंह, नीरज वर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

खुशखबरी प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाने वाला आरसीएच पोर्टल पर मिला पहला पायदान

32.98 प्रतिशत अंकों के साथ गोंदलामऊ सीएचसी रहा प्रथम

» खैराबाद सीएचसी सबसे फिसड्डी मिला 20वां स्थान

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में गोंदलामऊ सीएचसी ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। सीतापुर शहरी क्षेत्र और मिश्रिख सीएचसी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

इसके अलावा पहला और कमसंडा सीएचसी ने टॉप फाइव में जगह बनाई है। यह उपलब्धि इस माह के तीसरे सप्ताह में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्राप्त हुई है। खैराबाद सीएचसी इस मामले में फिसड्डी साबित हुई है। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाने वाला आरसीएच पोर्टल एक आईने की तरह है। सूबे के सभी जिले आठ मानकों / संकेतकों के आधार पर अपनी उपलब्धि इस पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जाती है। इसी के आधार पर जिला स्तर पर सीएचसीवार और मंडल व प्रदेश स्तर पर जिलेवार रैंक बनती है। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गोंदलामऊ सीएचसी ने 32.98 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है।

पोर्टल पर दर्ज कुल प्राप्तांक व रैंक

रैंक	सीएचसी	प्राप्त अंक	रैंक	सीएचसी	प्राप्त अंक
1	गोंदलामऊ	32.98	2	सीतापुर शहर	32.30
3	मिश्रिख	32.26	4	पहला	32.01
5	कसमंडा	32.00	6	मछरेहटा	31.79
7	सकरन	31.56	8	सिधौली	31.29
9	पिसावां	31.15	10	ऐलिया	31.09
11	बेहटा	30.35	12	बिसवां	30.29
13	महोली	30.25	14	परसेंडी	30.16
15	महमूदाबाद	30.05	16	रामपुर मथुरा	29.42
17	हरगांव	29.27	18	रेउसा	29.24
19	लहरपुर	28.14	20	खैराबाद	27.87

इस तरह तय होती है रैंकिंग

आरसीएच पोर्टल पर 8 संकेतकों के आधार पर यह देखा जाता है कि जिले ने सेवाएं देने में कितनी प्रगति की है। इन संकेतकों में गर्भवती का रजिस्ट्रेशन, प्रथम तिमाही में रजिस्ट्रेशन व जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था, बच्चों का रजिस्ट्रेशन, पूर्ण प्रसव जांच, कुल प्रसव, संस्थागत प्रसव और पूर्ण टीकाकरण शामिल होते हैं। इन सभी मानकों पर प्राप्त उपलब्धि के आधार पर अंक दिए जाते हैं और इन्हीं प्राप्त अंकों के आधार पर जिला स्तर पर सीएचसीवार और मंडल व प्रदेश स्तर पर जिलेवार रैंकिंग तय होती है।

एक नजर

विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने किया शुभारंभ

गोण्डा। जिला महिला चिकित्सालय में नियमित टीकाकरण के अंतर्गत विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की डोज पिला कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवम अन्य सहयोगी संस्थाओं के जनपद स्तरीय प्रतिनिधि उपलब्ध रहे। यह कार्यक्रम 26 जून से आगामी एक माह तक प्रत्येक टीकाकरण दिवस के दिन आयोजित किया जाएगा। टीकाकरण के सत्र पर ही स्वास्थ्य एवम ICDS विभाग के संयुक्त प्रयास से 09 माह से 05 वर्ष के बच्चो को विटामिन ए की डोज से आच्छादित किया जाएगा । जनपद में लगभग 4 लाख 72 हज़ार बच्चों को आच्छादन किया जाना है ।

नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी को 20 वर्ष जेल

गोंडा। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कनविक्शन' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी करायी जा रही थी। जिसके फलस्वरूप नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आरोपी अभियुक्ता राधा वर्मा को 20 वर्ष सश्रम कारावास व 30 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़के को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में वांछित अभियुक्ता-राधा वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता अशोक सिंह, मॉनिटरिंग सेल व थाना कोतवाली मनकापुर के पैरोकार के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्ता को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ऐक्ट कोर्ट गोण्डा ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास व रू 30 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

कोटे की दुकान के चयन में धांधली का मामला उजागर

बहराइच। तहसील सदर के ब्लाक हुजूरपुर ग्राम पंचायत बैकुंठा में कोटे की नई दुकान के चयन में धांधली का मामला उजागर हुआ है। इस चयन प्रक्रिया के दौरान दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हुआ। बाद में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा जिला पूर्ति अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए। इलाके के सैकड़ों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर जमकर किया प्रदर्शन,दुबारा खुली बैठक कर नई कोटे के चयन की मांग रख माँग रखी। इस मौके पर अमृत लाल, समोखन, अलीहसन, मंजू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

वनस्पति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा कल

बहराइच। किसान पीजी कॉलेज में बीएससी वनस्पति विज्ञान 6 सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 28 जून को होगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ राहुल कुमार सिंह ने दी।
उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए दो बैच बनाए गए हैं। प्रथम बैच की परीक्षा प्रात: 8:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जबकि द्वितीय बैच की परीक्षा पूर्वाह्न 11:15 बजे से अपराह्न 2:15 बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले विभाग में पहुंचे जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संचालित कराई जा सके। उन्होंने कहा की अनुपस्थिति परीक्षार्थी इससे उत्पन्न स्थिति के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

केडीसी में आज मिलेगा सम्मान

बहराइच। किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था के प्रशासनिक भवन में जिले में योग के क्षेत्र में योगदान देने वालों को शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा आज सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में अपराह्न 1:00 से आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चयन समिति द्वारा समाज के सभी वर्गों के ऐसे लोगों को चयनित किया गया है जिन्होंने योग को प्रोत्साहन देने के लिए बड़ा योगदान दिया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े तथा व्यक्तिगत प्रयासों द्वारा योग के लिए कार्य करने वाले अनेक लोग इस अवसर पर सम्मानित किए जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.सत्यभूषण सिंह हैं।

कपड़ा व्यापारी का फंदे से लटकता मिला शव

श्रावस्ती। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेचई पुरव में एक कपड़ा व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश फंदे से लटकते मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के मामा द्वारा घटना की सूचना सिरसिया पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भिनगा भेज दियाऔर मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक अविनाश पांडे उम्र 32 वर्ष मूल रूप से तुलसीपुर बाजार जनपद बलरामपुर का निवासी था । कुछ साल पहले अविनाश पांडे अपनी पत्नी के साथ बेचई पूरवा में मकान बनवाकर रहने लगा और एक कपड़े की दुकान भी चला रहा था । आसपास से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 7 दिन पूर्व अविनाश पांडे और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके चलते पत्नी नाराज होकर अपने मायके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के नेपालगंज चली गई थी । इसी बात से परेशान होकर अविनाश पांडे ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । घटना की जानकारी होती ही मृतक के मामा ने सिरसिया पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही सिरसिया थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम के द्वारा जांच करा कर लाश को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया गया ।

डीएम ने की बाढ़ राहत व बचाव कार्य की समीक्षा

गोण्डा। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्भावित बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य की तैयारी की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के सामने अभी तक की गई तैयारियों को रखा। अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि जनपद में संभावित बाढ़ को लेकर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम बनाया गया है उसके माध्यम से 24 घंटे बाढ़ से सम्बन्धित निगरानी की जा रही है। बाढ़ राहत व बचाव हेतु 31 बाढ़ शरणालय व 334 नाव की व्यवस्था की गई है। एक फ्लड पीएसी टीम भी उपलब्ध है। बाढ़ खंड के एक्सईएन ने बताया कि जनपद के सभी तटबंधों पर सभी तैयारियां कर ली गई है। आसपास के गांव को भी सचेत कर दिया गया है।

सभासदों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

गोण्डा। बुधवार को नगर पालिका परिषद के सभासदों ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से भेंट कर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौपा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सभासदों की ओर दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि नगर के विकास के लिए तत्काल बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाए । नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों की देखरेख को लेकर विभाग वार समिति गठित की जाए । आगामी त्यौहार को देखते हुए सभी वार्डों में लगी लाईट जो खराब हैं उनको तत्काल सही कराया जाय। नगर पालिका परिषद गोंडा के विभिन्न वार्डों में विकास के जो कार्य हो रहे हैं उनका तत्काल भुगतान कराया जाए, ताकि बिना रुके हुए विकास के कार्य को पूरा किया जा सके। ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो पत्रावली उप जिलाधिकारी के यहां रखी हुई है उसको संबंधित विभाग में भेजे जाने की भी मांग की गई है। सभासदों को का कहना है की पत्रावली जब संबंधित विभाग में पहुंचेगी तभी आवास का आवंटन हो पाएगा। ज्ञापन देने वालों में सभासद शाहिद अली कुरेशी रेखा सोनी, उर्मिला मिश्रा, अली हैदर राईनी, लव कुश, ताहिर युसूफ आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस और एसएसबी ने ऑल्टो कार से बरामद की सवा किलो चरस

डॉग स्क्वायड की मदद से पकड़ी चरसए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, मामला दर्ज कर भेजा जेल

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी और पुलिस टीम ने मंगलवार किसान के दौरान डॉग स्क्वायड की मदद से ऑटो कार से सवा किलोग्राम चरस बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार लिया। पुलिस ने तस्करी का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

बरामद चरस और कार सीज कर दिया गया है। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी 59वी वाहिनी के कमांडेंट कैलाश रमोला के नेतृत्व में जवानों द्वारा गश्त की जा रही थी। एसएसबी बलई गांव की टीम के साथ डॉग स्क्वायड दल भी जांच में लगा था। एसएसबी और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम ने मंगलवार शाम को बस्थनवा से बलईगाँव की तरफ जा रहे वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सफेद रंग की अल्टो कार लौकाही बाजार से कुछ अवैध सामान की खरीद कर बलाईगांव की ओर जा रहा था। जवानों ने कार रोक कर जांच की तो कार से सवा किलोग्राम चरस बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने कार सवार संतोष चौधरी पुत्र विश्राम थारू निवासी अचकवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्करी का मामला दर्ज कर तस्कर को जेल भेज दिया है। जबकि बरामद चरस और कार को सीज कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में चरस तस्कर तथा बरामद कार।

पति के हत्यारे को सजा दिलाने के लिए दर-दर भटक रही विधवा

नामजद तहरीर के बावजूद भी प्राथमिकी नहीं दर्ज कर रही पुलिस

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। लगभग एक सप्ताह पूर्व आसाम रोड चौराहे पर एक युवक का पाया गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। लेकिन हत्या का केस पुलिस नहीं दर्ज कर रही है न ही पीआरओ मृतक की पत्नी को एसपी से मिलने दे रहे हैं। परेशान पत्नी बुधवार को अपने बच्चों को लेकर एसपी से मिलने आई। मुलाकात न होने पर डीएम से शिकायत की।

दरगाह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नूरुद्दीन चक निवासी मोहम्मद शमीम उर्फ गनन पुत्र अब्दुल हमीद बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने पहुंचे। साथ में भाभी शबा परिवार के साथ आई। महिला का कहना है कि उसके पति मोहम्मद अहमद दरगाह में हकीम का काम करते थे। 19 जून की रात उनकी मोहल्ला निवासी ताहिर, नौशाद, दिलशाद और राजा ने हत्या कर दी। शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। लेकिन नामजद तहरीर देने के बाद भी दरगाह पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही है।

पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए सोमवार से चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन एसपी के पीआरओ मिलने नहीं दे रहे हैं। महिला का कहना है कि इसी तरह वर्ष 2017 में हुए जेठ की हत्या के मामले में भी पुलिस ने आरोपियों से मिलकर उसके पति को जेल भेज दिया था। महिला ने डीएम और मुख्यमंत्री से केस दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बाल शिशु गृह लखनऊ भेजी गई रेप पीड़िता की नवजात

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। एक नवजात कन्या को अपने अनजान माता पिता की अवैध संतान होने का दंश झेलना पड़ रहा है। जिस नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने 5 दिन पहले जिला महिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया था। उसे लोकलाज के भय से अपनी नवजात कन्या को त्यागना पड़ा। जिस पर नवजात कन्या को वन स्टाफ सेंटर की प्रशासक और पुलिस कर्मियों की टीम ने बाल शिशु गृह लखनऊ भेज दिया है। बेटी के जन्म के बाद दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता ने नवजात को स्वीकार करने पर असमर्थता जताई। इससे परेशान दुष्कर्म पीड़िता ने अपनी बेटी का परित्याग करने के लिए सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष की कोर्ट पर वाद प्रस्तुत किया था। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने मामले की सुनवाई करते हुए नवजात को लखनऊ भेजे जाने के निर्देश दिए थे।

» अंतिम बार मां का दूध पीकर जब वह मां से हमेशा के लिए अलग हुई तो भावुक हुए मौजूद लोग

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के निर्देश पर वन स्टाफ केंद्र की प्रशासक रचना कटियार, सादिक अली महिला सिपाही कांति और पुरुष सिपाही के साथ 108 एंबुलेंस द्वारा सभी नवजात को लेकर लखनऊ के राजकीय बाल शिशु गृह पहुंचे। यहां पर नवजात बेटी को लखनऊ बाल शिशु गृह के हवाले कर दिया गया, अब वहीं पर उसकी देखभाल की जाएगी।

वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवियों ने किया रक्तदान

कैसरगंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में आज बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों में रक्तदान किया। रक्तदान की शुरुआत कैसरगंज क्षेत्र के भाजपा युवा नेता सीपी सिंह से की गई। इस मौके पर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉक्टर एन के सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि लोग बढ़-चढ़कर मतदान के मतदान के पर्व में हिस्सा ले और रक्तदान करने से हमारे बॉडी में जितने भी त्रुटियां होती हैं ब्लड में जो इंफेक्शन होता है वह खत्म हो जाता है और हमारे शरीर में एक नए रक्त का संचार होता है। मानव जीवन जीने के लिए अच्छे खून की जरूरत होती है। वैसे ही हमारे शरीर को अच्छी हवा और पानी की जरूरत होती है।

नवागन्तुक जिलाधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

जिले के चहुंमुखी विकास के लिए किये जायेंगे विशेष प्रयास-जिलाधिकारी

विश्ववार्ता संवाददाता

श्रावस्ती। नवागन्तुक जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के जनपद आगमन पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों ने अगुवानी कर स्वागत किया। गार्ड की सलामी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने कोषागार में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।

जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कहा कि जिले के चहुंमुखी विकास के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है, इसलिए इन पर विशेष फोकस किया जायेगा। उन्होने कहा कि पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य विकास कार्यक्रम पर जो फोकस किया जा रहा था, उसे निरन्तर आगे बढ़ाया जायेगा। और सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को निरन्तर मॉनिटरिंग कर विकास कार्यो में तेजी लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी गरीब, असहाय एवं मजलूम व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

कार्यभार ग्रहण करते अधिकारी

नए कानूनों के बारे में जमीनी स्तर पर जनमानस को करें जागरूक : एसपी

पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

गोण्डा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 1 जुलाई से लागू होने वाले 03 नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) से आमजनमानस को जमीनी स्तर पर जानकारी देने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

एसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त थाना प्रभारी यह सुनिश्चित कर ले कि नए कानूनो के लागू होने के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के गणमान्य/सम्भ्रान्त व्यक्ति के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । जिसमें नये कानूनों के बारे में उपस्थित गणमान्य/सम्भ्रान्त व्यक्तियों को विस्तार से अवगत कराया जायेगा तथा प्रबुद्ध/सम्भ्रांत व्यक्तियों को नये कानूनों के सम्बन्ध में तैयार किये गये पम्पलेटों का वितरण किया जायेगा तथा थाने में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराधों के बारे में क्षेत्र में भ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया जायेगा। थाना क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर प्रशिक्षण एवं अभियोजन निदेशालय द्वारा भेजे गए बैनर/पोस्टर लगाये जायेंगे।

एसपी वृन्दा शुक्ला के प्रयास से टूटने से बचे तीन घर, साथ रहने पर जताई सहमति

आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने व खुशी-खुशी साथ रहने खाई कसम

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर तीन परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया । एसपी ने बताया कि मंगलवार को आवेदिका द्वारा, आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया । परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभारी उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्र, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल अनन्या सिंह, निशी त्रिवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणाणस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित कर, परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

कमर की याद में 30 जून को सजेगी मुशायरे की महफिल

गोण्डा। आगामी 30 जून को स्थानीय टाउन हॉल गांधी पार्क में दिवंगत लोकतंत्र सेनानी नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कमरुद्दीन कमर व वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व सभासद स्वर्गीय सरवर बेधड़क के नाम से ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

मुशायरा के आयोजक मानव कल्याण संगठन प्रदेश के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुकई भारती ने बताया कि ऑल इंडिया कवि सम्मेलन मुशायरा की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन उजमा राशिद होगी विशिष्ट अतिथ के तौर पर भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य डॉक्टर सैयद राशिद इकबाल मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुशायरा का कन्वीनर जाने-माने शायर आमिल गोंडवी नदीम साहिल को बनाया गया है।

ओडीओपी वित्तपोषण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उ.प्र. सरकार द्वारा ''एक जनपद एक उत्पाद'' कार्यक्रम अर्न्तगत वित्तपोषण हेतु सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना अन्तर्गत जिले हेतु चयनित उत्पाद ''गेंहू के डण्ठल से निर्मित कलाकृति'' एवं ''खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद'' के अर्न्तगत उद्योग/सेवा/ व्यवसाय क्षेत्र में बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

» उद्योग/सेवा/ व्यवसाय क्षेत्र में बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजनान्तर्गत रू. 25.00 लाख तक की कुल परियोजना लागत की ईकाइयो हेतु कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, रू. 25.00 लाख से अधिक एंव रू. 50.00 लाख तक की परियोजना पर कुल परियोजना लागत 20 प्रतिशत तथा रू. रू0 50.00 लाख से अधिक एंव रू. 150.00 लाख तथा रू. 150 लाख से अधिक की परियोजना इकाईयों के लिए कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत प्रतिशत मार्जिन मनी (सब्सिडी) के रूप में देय होगा। योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को लागत का 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक, महिला एंव दिव्यांग श्रेणी के लाभार्थियों को अंशदान के रूप में प्रोजेक्ट कास्ट का 05 प्रतिशत जमा करना होगा। आवेदन हेतु आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। आवेदक या इकाई को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/वित्तीय संस्था/सरकारी संस्था इत्यादि का चूककर्ता (डिफाल्टर) नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन योजना से स्वावलंबी बनेंगे शिक्षित बेरोज़गार

बहराइच। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले ऐसे शिक्षित बेरोजगार नव-युवक, नव-युवतियों से आवेदन आंमत्रित किये जाते है, जो ग्रामीण क्षेत्र में स्वंय उद्योग लगा कर स्वावलंबी बनना चाहते है। योजनान्तर्गत सेवा उद्योग हेतु रू. 20 लाख एवं विनिर्माण हेतु रू. 50 लाख तक के प्रोजेक्ट अनुमन्य है। योजनान्तर्गत सामान्य जाति के पुरूष लाभार्थी को प्रोजेक्ट कास्ट का 35 प्रतिशत अनुदान एवं 05 प्रतिशत स्वयं का अंशदान, इसी प्रकार समस्त महिलाए, अनुसूचित जाति, अनुसुचित जनजाति, पिछड़ी, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक तथा दिव्यांगों को प्रोजेक्ट कास्ट का 35 प्रतिशत अनुदान तथा 05 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान का प्रविधान है। योजना में पात्रता हेतु आयु 18 वर्ष तथा न्यूनतम कक्षा 8 पास होना आवश्यक है।

पुलिस भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम मोनिका रानी।

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। संभावित पुलिस भर्ती के लिए जनपद में परीक्षा केन्द्रों के चिन्हांकन हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि शासनादेश में उल्लिखित गाईडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रस्तावित कालेजों की सूची उपलब्ध करा दें। परीक्षा केन्द्रों हेतु भवन का चयन करते समय परीक्षा केन्द्र की बाउण्ड्री वाल, आवागमन के साधनों, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने तथा मूलभूत सुविधाओं यथा प्रसाधन, पेयजल इत्यादि की उपलब्धता को भी अवश्य देखा जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सरकार की ऋण योजनाओं में रुचि नहीं लेते हैं बैंक : जिलाधिकारी

जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी, स्थिति में सुधार लाने के दिये निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। विकास भवन के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न विभागों की ऋण योजना जैसे प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोज़गार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय प्रगति में सुधार लाये तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान न करने वाले बैंकों के राज्य मुख्यालय को भी अवगत करा दिया जाय। जबकि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बैंकों से नियमित समन्वय कर पात्र लाभार्थियों को ऋण दिलाकर उन्हे स्वावलम्बी बनाया जाय।

डीएम ने बैंक अधिकारियों को सचेत किया कि कार्यशैली में सुधार न पाये जाने पर नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। सम्बन्धित योजनाओं तथा सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा के दौरान बैंकों को निर्देश दिये गये कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व योजनाओं का लक्ष्य पूर्ण कर ऋण वितरण कराना सुनिश्ति करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर मिल सकें।

किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा के दौरान मत्स्य पालन व पशुपालन में केसीसी कम होने पर बैंकों को निर्देश दिया गया कि मत्स्यपालकों एवं पशुपालकों को केसीसी जारी कराएं। डीएम ने बैंकों को सुझाव दिया कि आकांक्षात्मक जनपद होने के कारण जिले में रचनात्मक कार्य करें ताकि जिले की प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर पहचान मिल सके। डीएम ने बैंकों को यह भी सुझाव एग्रीकल्चर सहित अन्य सेक्टरों में अभिनव प्रयोग कर लोगों को स्वावलम्बी बनने के लिए प्रेरित भी करें।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन इत्यादि योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजनाएं देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों के सुरक्षा कवच को ध्यान में रख कर तैयार की गई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। इसलिए बैंक प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराएं तथा आधार सीडिंग का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाय। बैठक के दौरान बैंक एटीएम एवं बैंक मित्र, ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, केसीसी, वित्तीय समावेशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आर-सेटी की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण संस्थान को प्रभावी बनाया जाय ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने बाद दक्ष हुए युचक-युवतियों को रोज़गार के संघर्ष न करना पड़े। डीएम ने आर-सेटी के माड्यूल को बाज़ार की मांग व स्थानीय आवश्यक्ता अनुरूप रिशफल किया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि शासकीय योजना अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों के साथ इच्छुक युवक युवतियों को इलेक्ट्रानिक डिवाइस रिपेयर, प्लम्बरिंग, केले के रेशे से प्रोडक्ट तैयार करने से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिलाकर इन्हे स्वालम्बी भी बनाया जाय।

बैठक का संचालन लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्वत ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, डीसी एनआरएलएम दीपक सिंह, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र, ग्रामोद्योग अधिकारी एस.पी. जायसवाल सहित अन्य विभागीय अधिरकारी, बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक नजर

मोर के टकराने से ई-रिक्शा व बाइक चालक गंभीर

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बरूहा गांव से ई-रिक्शा चालक व गांव निवासी बाइक चालक दोनों अलग-अलग किसी काम से बांदा जनपद जा रहे थे। जब दोनो औगासी पुल के पार पहुंचे तभी उड़ता हुआ मोर बाइक से टकरा गया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर ई-रिक्शे से टकराया। बाइक की टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया। बाइक चालक और रिक्शा चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरूहा गाँव निवासी मुनीम का 22 वर्षीय पुत्र अंकित ई-रिक्शा चालक है। वह रिक्शा लेकर बांदा जनपद जा रहा था। वहीं गांव निवासी दोधन का 30 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र भी बाइक पर सवार होकर किसी काम से बांदा जनपद जा रहा था। जब दोनों औगासी पुल के पार पहुंचे तभी एक मोर उड़ता हुआ आकर बाइक सवार बीरेंद्र से टकरा गया। बीरेंद्र की बाइक अनियंत्रित होकर अंकित के ई-रिक्शे से टकरा गई। बाइक की टक्कर से रिक्शा पलट गया। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉक्टर घायलो को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे है।

अज्ञात वाहन के धक्के से महिला की मौत

हलिया । लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 तुलसी गांव के सामने ओवरब्रिज पर सोमवार की देर रात 30 वर्षीय अज्ञात महिला की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर पंहुची पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को शिनाख्त कराना का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग तुलसी गांव के सामने ओवरब्रिज पर विक्षिप्त 30 वर्षीय महिला सड़क पार कर रही थी उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई जिससे महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लहंगपुर चैकी प्रभारी विजय कुमार राय ने महिला के शव को स्थानीय लोगों से पहचान कराया लेकिन पहचान नहीं होने पर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

नाली सफाई के लिए बीडीओ को प्रार्थना पत्र

हलिया। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया निवासी चंदू ने खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर नाली की सफाई कराने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि बड़ी चैक से कब्रिस्तान तक बनी नाली की सफाई कराने की मांग किया है। जिससे मुहर्रम पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो सके। बीडीओ ने नाली सफाई कार्य कराने के लिए एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव को निर्देश दिया है।एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने नाली सफाई कराने का आश्वासन दिया है।

अनुयायियों को कराया जलपान

फतेहपुर। आरक्षण के जनक, पिछड़े व दलितों के मसीहा, समता मूलक समाज के पक्षधर छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती ग्राम व पोस्ट उमरी में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें अनुयायियों की सेवा के लिए डा. बीआर अंबेडकर युवा जन सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जलपान का स्टाल लगाकर सेवा की। जिसकी सभी ने सराहना की। फाउंडेशन के संरक्षक रुद्रेश कुमार एवं संस्थापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि समय-समय पर फाउंडेशन की ओर से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें अनुयायियों को जलपान कराकर पुण्य लाभ कमाया जाता है। इस मौके पर महामंत्री दीपक देहाती, मीडिया प्रभारी लवकुश साहू, विवेक माधुरे फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष अमन वर्मा, पवन चंद्र, योगेश गौतम, अजय, चंद्रभान यादव, रवि साहू, सोमदत्त मौर्य, नीरज, रंजन भारती, उमाकांत, मुन्ना आदि लोग उपस्थित रहे।

गोरखपुर महानगर अध्यक्ष के निधन पर कांग्रेसियों ने मनाया शोक

फतेहपुर। मंगलवार की रात गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की एक सड़क दुर्घटना में निधन हो जाने से दुखी जिले के कांग्रेसियों ने बुधवार की प्रातः दस बजे ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें स्वर्गीय आशुतोष तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चैहान व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय तिवारी एक कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता थे। जिनकी मृत्यु से कांग्रेस को अतुलनीय क्षति हुई है। उसकी पूर्ति कर पाना सहज नहीं है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने भी श्री तिवारी को एक जुझारू साथी बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है। शोक सभा में राजन तिवारी, मयंक मिश्रा, माया देवी, शतोष यादव, हिदायत उल्ला खान, चन्द्र शेखर मौर्य, हम्माद हुसैन, वकील खान, मास्टर सलीम आदि ने भी स्वर्गीय तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के बाद कांग्रेस नेताओ का एक प्रतिनिधि मंडल खागा विधानसभा के गांव पाई जाकर आत्महत्या कर लेने वाले किसान रविकरन के परिवारीजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया एवं आत्महत्या के कारणों की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल में हिदायत उल्ला खान, राजन तिवारी, कलीमुल्ला, तौकीर खान आदि सभी ने दुखी परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी समस्या के निराकरण हेतु उच्चाधिकारियों से मिलकर सही वस्तु स्थिति की जानकारी कराने एवं उनकी मांगो को रखने का वादा किया।

मां विंध्यवासिनी धाम से मैहर और लखनऊ के लिए चले एसी बस

मिर्जापुर। मां विंध्यवासिनी धाम से मां शारदा धाम मैहर तक व मिर्जापुर . विंध्याचल से चारबाग लखनऊ तक एसी बस चलवाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने लखनऊ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा । साथ में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा भी रहे । मांग किया कि इन रूटों पर बस चलाया जाए । जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके । जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि जिले से लखनऊ के लिए रात में बस चलती हैए इसलिए सफर करने वालों को रात भर सफर करना पड़ता है । जिससे यात्रा कष्टकारी हो जाती है । जिलाध्यक्ष ने मांग किया कि मिर्जापुर से लखनऊ के लिए एक बस सुबह चार से पांच बजे और एक बस शाम को चार से पांच बजे के बीच चले । इससे पांच से छह घंटे के सफर में लोग लखनऊ पहुंच जाएंगे तथा मीरजापुर से दो बस जाने और इसी तरह लखनऊ से मिर्जापुर आने के लिए भी दो बस चलाया जाए । जिससे लोग समय से अपने घर आ जायें । रोडवेज के जरीये धार्मिक क्षेत्र को जोड़ने के क्रम में मां विंध्यवासिनी धाम से मां शारदा मैहर धाम के लिए भी सुबह पांच और शाम को पांच बजे बस चलाया जाय । परिवहन मंत्री ने विभाग के अधिकारियों से इन रूटों पर बसों को चलाने के लिए बात किया । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया ।

सदस्यों ने प्रधान पद का किया मतदान

फतेहपुर। तेलियानी ब्लाक के ग्राम पंचायत भैरमपुर के ग्राम प्रधान अंशिता शर्मा के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट पर हुए मतदान में सदस्यों ने कमल लोधी को प्रधान पद के लिए चुना। कमल सिंह लोधी को 6 मत मिले वहीं प्रतिद्वंदी रोहित पटेल को केवल दो मत मिले। बुधवार को तेलियानी विकास खंड के ग्राम पंचायत भैरमपुर के प्रधान पद की रिक्त सीट पर सदस्यों द्वारा बीडीओ राहुल मिश्रा, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, सचिव सुनील कुमार की देखरेख में मतदान किया गया जिसमें सदस्यों ने मतदान में प्रतिभाग करते हुए कमल सिंह लोधी को ग्राम प्रधान पद पर आसीन किया। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में विजई प्रत्याशी कमल सिंह लोधी के पक्ष में 11 सदस्यीय ग्राम सभा के 6 सदस्यों ने अपने मत दिए जबकि निकटवर्ती प्रतिद्वंदी रोहित पटेल केवल दो मत ही प्राप्त कर सकें जबकि एक सदस्य अनुपस्थित रहा। प्रत्याशियों के मतों को शून्य घोषित किया गया था। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत भैरमपुर की प्रधान अंशिता शर्मा का चयन सरकारी सेवा में होने के कारण उन्होंने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से रिक्त पड़े पद की वजह से ग्राम की तमाम विकास योजनाएं लंबित थी। रिक्त पद की पूर्ति के लिए अस्थाई व्यवस्था के तहत सदस्यों में से ग्राम पद का चुनाव किया जाता है जो कि उप चुनाव की अधिसूचना तक ग्राम प्रधान के पद पर कार्य करता हैं। कमल सिंह लोधी के प्रधान पद पर आसीन होते ही ग्रामवासियों व समर्थको ने फूल मालाओं से लादकर व मिठाई खिलाकर जमकर स्वागत किया। इस मौके पर राज कुमारी, पुष्पा, रमाकांत पाल, जितेंद्र लोधी, जीवन प्रकाश, साहिल, महेश लोधी, अनिल लोधी, तेज़ सिंह आदि रहे।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की मौत पांच झुलसे

मिर्जापुर। लालगंज व विन्ध्याचल थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग झुलस गये और कई मवेशियों की मौत हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव निवासिनी देवी घर पर सो रही थी। अचानक देर रात तेज चमक गरज से बिजली के गिरने से चपेट में आई। बच्चों के शोर मचाने पर परिजन आनन फानन में मंडलीय अस्पताल ले गये वहां चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार दूबे की गाय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसी क्रम में विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के गोपालपुर मुड़गुड़ा गांव में बिजली गिरने से धर्मेन्द्र की मौत हो गई। पांच लोग झुलस गये झुलसे लोगों को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

डीएम की चौखट पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

नामजद हत्याभियुक्त को पुलिस ने एफआईआर से हटाया

» बीस जून को खेत में पानी लगाने के विवाद में युवक पर हुआ था हमला, मौत

डीएम की चैखट पर रोते-बिखलते परिजन।

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चैफेरवा गांव में छह दिन पूर्व खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट व धारदार हथियार से घायल युवक की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। उधर पुलिस ने एक नामजद आरोपी को भी एफआईआर से हटा दिया। इसकी जानकारी परिजनों व ग्रामीणों को लगते ही सभी का गुस्सा फूट पड़ा और डीएम की चैखट पर पहुंचकर कोतवाली पुलिस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई।

गौरतलब है कि बीस जून को खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में चैफेरवा गांव के युवक पर करीब आधा दर्जन लोगों ने चाकुओं से प्रहार कर दिया था। घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया जहां 25 जून को उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन पुलिस की कार्रवाई से नाराज थे। उनका आरोप था कि पुलिस ने चाकू से हमले की बात को एफआईआर में शामिल नहीं किया है। एक अभियुक्त का नाम एफआईआर से हटा दिया है।

इसी के चलते परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से शिकायत की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और अभियुक्तों को बचाने की कोशिश की है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलेगा

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया। बीआरसी कार्यालय पर मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद यादव के अध्यक्षता में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की बैठक संपन्न हुआ बैठक में एक जुलाई से 31 तक पूरे माह तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलेगा। इसके जरिए शिक्षक विद्यार्थियों को बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगे। इसके लिए जुलाई माह की अलग.अलग तिथियों के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पहली जुलाई से ही इसे लागू कर दिया जाएगा। इससे बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी।

यूनीसेफ बी एम सी अंकित शुक्ला द्वारा बताया गया कि एक व दो जुलाई को दिमागी बुखार व अन्य वैक्टर जनित रोगों की जानकारी देने के साथ ही सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। नौ से ग्यारह जुलाई तक शौचालय के प्रयोगए बारह से चैदह तक चित्रकला प्रतियोगिताए पंद्रह से सोलह तक प्रार्थना सभा में इन रोगों की जानकारी प्रदान करनेए सत्रह से उन्नीस जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से परिचर्चाए बीस से बाइस जुलाई तक क्विजए तेईस से पच्चीस तक विशेष स्वच्छता अभियानए छब्बीस से अठाईस तक तक संचारी रोग व उनसे बचाव पर आधारित लोकगीतए उन्तीस से इकतीस तक विद्यार्थियों को अभियान के तहत सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। डॉ सुरेश कनॉजिया द्वारा बताया गया कि शिक्षा निदेशक प्राथमिक एवं माध्यमिक की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाने के संबंध में आदेश आया है। ए आर पी दिवाकर द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मासिक गतिविधियों कैलेंडर के साथ साथ यूनीसेफ के साथ समन्वयक स्थापित कर टीकाकरण से वंचित इनकार परिवार को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जाएगा साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु कार्य सम्पादित किया जाएगा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादवए डॉ सुरेश कनॉजियाए ए आर पी अखिलेश त्रिपाठीए दिवाकर द्विवेदी यूनीसेफ बी एम सी अंकित शुक्ला प्रधानाध्यापक आनंद सिंहए ज्योति सिंह एकौशल सिंह इंद्रदेव द्विवेदीए गजेन्द्र सिंह एमनोज कुमारए दिनेश कुमार कनॉजियाए अजीत कुमार यादवएराजू आदि मौजूद रहे।

खंड विकास अधिकारी ने वृक्षारोपण के कार्य के तैयारियों का दिया निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया। स्थानीय विकास खंड सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर आगामी माह जुलाई में ग्राम पंचायतों में होने वाले वृक्षारोपण के कार्यों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया है साथ ही जल संचयन के लिए अधूरे पड़े अमृत सरोवर तालाबों को पूरा कराने का निर्देश दिया है।

साथ ही ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कार्य शुरू कराते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिया है।खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में कार्य कराने का निर्देश दिया है जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या हो वही पर टैंकर से पेयजल आपूर्ति कराने सुनिश्चित करें ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के लिए कहा जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना ना करना पड़े। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया मुख्यमंत्री आवास के लिए कोलएदिव्यांगए विधवा को प्राथमिकता देना है। ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर आगामी माह जुलाई में ग्राम पंचायतों में होने वाले पौधरोपण के कार्यो को कराने का निर्देश दिया गया है साथ ही अमृत सरोवर विकास कार्यों को कराना का निर्देश दिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन कर सूची उपलबध कराने का निर्देश दिया गया है।इस दौरान ज्वाइंट बीडीओ श्रीरामएएडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तवएसचिव आलोक भारतीए बालकृष्ण चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव राजेंद्र प्रसाद कौशलेंद्र रायए प्रज्ञान शुक्लएगौरव कुमार एआदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित बाइक गिरी किशोर घायल

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव के समीप मंगलवार की रात बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे बाइक पर सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुकेती गांव निवासी रमेश का 16 वर्षीय पुत्र शिवम बीती रात अपने चाचा मोनू के साथ बाइक पर सवार होकर जंगल की तरफ जा रहा था। तभी गांव के समीप ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे बाइक पर सवार शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों को जानकारी हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में बीईओ ने दिए दिशा निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में भाग लेते बीईओ।

खागा, फतेहपुर। खंड शिक्षा अधिकारी हथगाम नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीबीटी में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं हो, यू-डाइएस कंप्लीट करने पर विशेष जोर दिया गया।

एआरपी सत्येंद्र सिंह की विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में नवीन नामांकन, निपुण विद्यालय बनाने की वार्षिक कार्य योजना, विद्यालय में एकेडमिक कैलेण्डर की क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना, नवीन शिक्षक मार्गदर्शिका का प्रयोग, विद्यालय तत्परता कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति, उपचारात्मक शिक्षा, दीक्षा एप पर ऑनलाइन प्रशिक्षण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन और नामांकन, पीएमई विद्या डीटीएच चैनेल का प्रसार, निपुण एप का नियमित प्रयोग, डीबीटी से संबंधित कार्य क्यों और कैसे पूरा करें, निपुण तालिका का प्रयोग, समस्त प्रकार के डीसीएफ भरना, विद्यालय में अक्टूबर, दिसंबर, फरवरी में होने वाले एसेसमेंट की तैयारी, डिजिटलीकरण, विशेष संचारी रोग और दस्तक अभियान हेतु एक जुलाई से 31 जुलाई तक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने सहित कई निर्देश जारी किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि डाटा को ध्यान से वेरीफाई करें। ड्रॉप आउट में कम से कम बच्चे जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि 30 जुलाई तक 6 साल के हो गए बच्चों का चिन्हाकन कर उनका नामांकन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में पानी की टंकी से कनेक्शन होना है। अब सबमर्सिबल उपयोग में नहीं आएंगे।

विद्युत विभाग को पैसा दे दिया गया है। स्कूल का ईमेल आवश्यक है। एआरपी, शिव प्रकाश द्विवेदी, विनोद मिश्र, नवल द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, अमित द्विवेदी के अलावा शिक्षक नेता मुन्ना लाल गौतम, लाल सिंह यादव, इकबाल नदीम, मो. जमीर खान, आनंद सिंह, दुर्गा सिंह, सुभाष तिवारी, प्रतिभा यादव, रानू कुशवाहा, राहुल मिश्रा, विजय कुमार, शिवचरन, सुंदरलाल, अनिल कुमार, आरती यादव, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, उदय पाल सिंह बिंदेश्वरी, सुरेश कुमार सहित सभी प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक मासिक समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

ऑनलाइन उपस्थिति के लिए बांटे सिम

हथगाम, फतेहपुर। पंजिकाओं एवं शिक्षक तथा बच्चों की उपस्थिति के लिए डिजिटिलाइजेशन के आदेश के अंतर्गत प्रधानाध्यापक एवं सीनियर शिक्षकों को सिम दिए गए। शिक्षकों की अब डिजिटल उपस्थित होगी। सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति से शिक्षकों में काफी बेचैनी देखी गई।

महिलाओं को आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशक्त बनाना उद्देश्य : डीएम

न्यूट्रेलिस कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिडेट की खाद्य प्रसंस्करण इकाई के निर्माण का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। खागा तहसील के अंतर्गत ब्लॉक धाता के ग्राम पंचायत आलमपुर गेरिया में न्यूट्रेलिस कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड की खाद्य प्रसंस्करण इकाई के निर्माण का जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने भूमि पूजन कर शिलापट्ट का अनावरण किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित करतीं डीएम सी. इन्दुमती।

डीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर सशक्त बनाना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने डीसीएनआरएलएम से कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाये, जिससे कि महिलाएं आगे बढ़ सके व हुनर पाकर अपनी आमदनी बढ़ा सके और सरकार द्वारा अनुदान साथ ही प्रशिक्षण देकर उनकी मदद भी की जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओ के पास इच्छाशक्ति/कार्य करने की मंशा होना चाहिए तभी सशक्त बन सकेगी। शासन की मंशा है कि महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है इसके लिए महिलाओ के आमदनी का जरिया बढ़ाना होगा जिससे कि अपने विकास के साथ है अपने परिवार का भी विकास कर सके और अपनी आर्थिक स्थिति में भी सुधार ला सके। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित व जागरूक भी किया और कहा कि महिलाओं के विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने प्रगतिशील कृषकों मोतीलाल, भोला द्विवेदी, सुनील, राजेन्द्र, उदय नारायण मिश्रा, अनिल द्विवेदी, रामनरेश मिश्रा, सूरजकली, अविनाश त्रिवेदी, उदय सिंह, अमरेंद्र नाथ दीक्षित, विनोद कुमार को अंगवस्त्र, शील्ड देकर प्रोत्साहित व सम्मानित किया और कहा कि इच्छुक कृषको को अपने साथ जोड़कर उन्नतशील कृषक बनाने की दिशा में कार्य करें।

उन्होंने न्यूट्रेलिस कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारियों से कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाई (प्रोसेसिंग यूनिट) में नवयुवक एवं नवयुवतियों व महिलाओ को प्रशिक्षित कर गांव के लोगो को ही रोजगार देने के साथ ही प्रोसेसिंग यूनिट में तैयार किए जाने वाले उत्पाद को क्षेत्रीय कृषकों से ही कच्चा उत्पाद खरीदे। कृषकों को अच्छी पैकेजिंग के बारे व बाजार में उत्पाद का सही मूल्य दिलाने का प्रशिक्षण/जानकारी दें। साथ ही इस गांव को विकसित और जीडीपी बढ़ाने में मदद करें। कार्यक्रम में न्यूट्रेलिस कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना एवं अन्य अधिकारियो को अंगवस्त्र, शील्ड व मिलेट्स से बने उत्पाद देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह आलमपुर गेरिया की बीसी सखी रोशनी देवी, मां सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम उकाथू की बीसी सखी हेमलता ने अपनी कहानी अपनी जुबानी से बताया कि हम स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बीसी सखी का कार्य कर नागरिकों की बैंकिंग सेवाओं में उनकी सहायता कर महीने में कमीशन से लगभग आठ से दस हजार रुपए तक की आमदनी हो जाती है, जिससे हम लोगो को समाज सेवा के साथ ही सम्मान भी मिलता है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिलाधिकारी खागा, जिला विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, डीसीएनआरएलएम, खंड विकास अधिकारी धाता, न्यूट्रेलिस कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारी सीईओ प्रदीप द्विवेदी, आरडी हेड न्यूट्रलाइज एग्रो फूड्स डा. विजया त्रिपाठी, विप्रो के आईटी सेक्टर रिजवान मिर्जा, हिमांशु सहित भरी संख्या में कृषक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

ड्रग्स की लत से बचने का एनसीसी कैडेट्स ने दिया संदेश

» नशीली दवाओं के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। नशीली दवाओं के दुरूपयोग व उनके अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर 60 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आनलाइन शपथ ग्रहण कर विषय पर व्याख्यान दिया तत्पश्चात जागरूकता रैली निकाली। इतना ही नहीं नुक्कड़ नाटक के जरिए ड्रग्स की लत से कैसे बचे इसका संदेश भी दिया।

60 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देशानुसार यूनिट 4/60 डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम यूनिट के सभी कैडेटों ने ऑनलाइन शपथ ग्रहण कर ई-प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं उनका दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान में प्रतिभाग किया। ये व्याख्यान लेफ्टिनेंट शरद चंद्र राय एएनओ द्वारा दिया गया। जिसमें बताया गया कि नशीली दवाओं का प्रयोग करने से इंसान धीरे-धीरे मौत की कगार पर पहुंच जाता है। इतना ही नहीं उसका भविष्य भी अंधकार मय हो जाता है। इसलिए नशीली दवाओं के सेवन से बचें। तत्पश्चात एनसीसी कैडेटों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उनके अवैध तस्करी के खिलाफ महाविद्यालय परिसर से पटेल नगर चैराहे तक जागरूकता रैली निकाली। पटेल नगर चैराहे पर नुक्कड़ नाटक कर ड्रग्स की लत से कैसे बचे इसका संदेश आम जनमानस को दिया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने छात्राओं के प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अंधेरगर्दी हर वर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए कराया जाता पौधरोपण

हरे पेड़ों पर चल रहा आरा, वन विभाग व पुलिस बने बेचारा

विश्ववार्ता संवाददाता

असोथर, फतेहपुर। शासन के निर्देश पर प्रशासन की ओर से पर्यावरण संरक्षण को पौधारोपण करा रहा है। समाजसेवी संस्थाएं भी लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसके बावजूद लकड़ी माफिया नहीं मान रहे हैं। पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से लगातार हरे पेड़ों का कटान हो रहा है। जब मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच जाता है तो थोड़ा-बहुत जुर्माना लगाकर मामला रफादफा कर दिया जाता है।

धराशायी किए गए हरे पेड़ों का दृश्य।

क्षेत्र के गांव सातों धरमपुर से बरेड़ा निचली गंगा नहर रोड को जाने वाले सड़क के कुछ दूरी पर महुए के बाग के किनारे आम और खेत में खड़े तीन महुए के फलदार वृक्षों को मंगलवार शाम लकड़ी ठेकेदार द्वारा काटे गए पेड़ो का वीडियो वायरल हुआ। मामले की सूचना अधिकारियों को भी दी गई, लेकिन अधिकारियों ने जानकारी न होने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र से सैकड़ों आम, महुआ, गूलर, शीशम इत्यादि के बाग व खेतों से लकड़ी ठेकेदार पेड़ काट कर ले जा चुके हैं। कोई कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। पुलिस शिकायतकर्ता को ही हड़काती है। जिससे अब कोई शिकायत भी नहीं करता। शासन लाखों रुपये खर्च कर पेड़ लगवा रहा है तथा अन्य लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। क्षेत्रीय पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से पेड़ों का कटान हो रहा है।

बोले जिम्मेदार

थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि पेड़ काटे जाने की सूचना नहीं है। जानकारी कराकर कार्रवाई की जाएगी। उधर हसवा ब्लॉक वन विभाग के दरोगा बृजेश कुमार यादव ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है और न ही परमीशन दिया गया है। मौके पर कर्मचारियों को भेजकर जांच करवाई जाएगी।

पहुंचा दिया जाता हिस्सा

लकड़ी ठेकेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले थाना पुलिस को हिस्सा पहुंचा देते हैं। उसके बाद ही कटान शुरू करते हैं। वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी खर्चा लेते हैं। जब मामला बड़े अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच जाता है तो मामूली जुर्माना लगा दिया जाता है।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका मुहल्ला में सोमवार की देर रात गरज चमक के साथ बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पशु पालक की दो भैंसों की मौत हो गई। आकाशीय बिजली से भैंसों की मौत होने की सूचना पशु पालक ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बबुरा रघुनाथ सिंह पुंडरीक सिंह उर्फ मोनू सिंह को दिया मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पशु पालक को दैवीय आपदा से हुई क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दिया है।

बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका मुहल्ला निवासी पुल्लू कोल अपने घर के पास अपने दो भैंस को मड़हे में बांधा हुआ था कि देर रात गरज चमक के साथ बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से दोनों भैंसों की मौत हो गई सुबह से मड़हे की ओर गये पशु पालक को घटना की जानकारी हुई जिसकी सूचना पशु पालक ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुंडरीक सिंह उर्फ मोनू सिंह को दिया मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोनू सिंह ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दिया है जिससे पशु पालक को क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जा सके।

पेरिस ओलंपिक के लिए हॉकी इंडिया ने की टीम घोषित

श्रीजेश और मनप्रीत अपना चौथा ओलिंपिक खेलेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बुधवार को पेरिस ओलिंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान कर दिया। टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है तो मिडफील्डर हार्दिक सिंह को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

हरमनप्रीत की अगुवाई में टीम इंडिया 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा लेगी। हरमनप्रीत का ये तीसरा ओलिंपिक होगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ 5 युवा खिलाडियों को भी जगह दी गई है, जो ओलिंपिक डेब्यू करेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम को टूर्नामेंट के पूल बी में रखा गया है। टीम इंडिया के साथ पूल बी में बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड है। जबकि पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और साउथ अफ्रीका हैं।

ग्रुप स्टेज में टीमें एक-दूसरे से एक बार मुकाबला करेंगी। हर पूल से टॉप-4 टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। पेरिस-2024 ओलिंपिक हॉकी मेडल राउंड मैच 8 अगस्त को तय किए गए हैं। भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टोक्यो ओलिंपिक 2020 में जर्मनी को 5-4 के अंतर से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। इस मैच को जीतने के बाद भारत ने 41 साल बाद ओलंपिक में हॉकी का मेडल जीता। इससे पहले भारत ने वासुदेवन भास्करन की कप्तानी में 1980 के मॉस्को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक 2024 की टीम में भारत को ब्रॉन्ज जिताने वाले 10 खिलाड़ी है। इनमें श्रीजेश, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, मनप्रीत सिंह जैसे बड़े नाम शामिल है।

भारत-इंग्लैंड मैच से पहले गयाना में भारी बारिश

मैच के लिए रिजर्व डे नहीं रखा गया, रद्द हुआ तो टीम इंडिया फाइनल खेलेगी

एजेंसी

गयाना। टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच गयाना में 27 जून को खेला जाना है। मैच में एक दिन बाकी है, लेकिन गयाना में भारी बारिश हो रही है। इससे मैच पूरा खेले जाने पर संदेह खड़ा हो गया है। ग्राउंड रिपोर्ट के मुताबिक मैच के दौरान बारिश की 70% और तूफान की 28% संभावना है।

ICC ने बारिश होने पर मैच खत्म होने के टाइम के बाद से 250 मिनट यानी 4 घंटे का अतिरिक्त समय रखा है। इसके बाद भी मौसम और पिच खेलने के लिए अनुकूल नहीं हुई तो मैच रद्द हो सकता है। सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया है। ऐसी स्थिति में मैच रद्द होने पर सुपर-8 में ग्रुप-1 का टेबल टॉपर भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। भारत ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में सभी तीन मैच जीते हैं और 6 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। मैच रद्द होने पर फाइनल में भारत का सामना अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले सेमीफाइनल-1 जीतने वाली टीम से होगा। ICC ने टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे रखा है। यह मुकाबला सुबह 6 बजे से खेला जाएगा। हालांकि त्रिनिदाद में मैच के दौरान बारिश की आशंका काफी कम है। अगर बारिश की वजह से यह मैच भी रद्द होता है तो ग्रुप-2 की टेबल टॉपर साउथ अफ्रीका फाइनल में पहुंच जाएगी। फाइनल मुकाबला 29 जून को रात 8 बजे होगा। इस वर्ल्ड कप में 55 मैच में से 52 खेले जा चुके हैं। इसमें से 8 मैच बारिश से प्रभावित रहे हैं, इनमें 4 रद्द हुए और 4 का नतीजा डकवर्थ लुइस मेथड (DLS) से निकला। लीग स्टेज में भारत और इंग्लैंड के एक-एक मुकाबले बारिश के कारण रद्द हो चुके हैं। 4 जून को बारबाडोस में होने वाला इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बिना टॉस हुए ही रद्द कर दिया गया था। इस कारण इंग्लैंड को सुपर-8 में पहुंचने के लिए स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया के मैच पर निर्भर होना पड़ा। 15 जून को फ्लोरिडा में होने वाला भारत-कनाडा मैच भी बिना टॉस के रद्द कर दिया गया। हालांकि भारतीय टीम लीग स्टेज के शुरुआती 3 मुकाबले जीतकर टॉप-8 में पहुंच गई थी। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में टूर्नामेंट का अब तक एक भी मैच बारिश से प्रभावित नहीं हुआ है। यहां इस टी-20 वर्ल्ड कप के 5 मैच खेले जा चुके हैं, इनमें सुपर-8 स्टेज का एक भी मैच शामिल नहीं है। इस स्टेडियम पर आखिरी मुकाबला 9 जून को वेस्टइंडीज और युगांडा के बीच खेला गया था। इस मुकाबले में पहले खेलते हुए वेस्टइंडीज ने 5 विकेट खोकर 173 का स्कोर किया था और युगांडा को 39 पर ऑलआउट कर 134 रन से मैच जीत लिया था। यहां का हाईएस्ट स्कोर 183 है। पिछले 5 मुकाबलों में चेज करते हुए तीन बार टीम ऑलआउट हुई हैं।

ट्रेविस हेड नंबर वन और सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर पहुंचे

लंदन। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बीच आईसीसी की ओर से टी20 की नई रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस बार की रैंकिंग में भयंकर उलटफेर दिखाई दे रहे हैं। खास बात ये है कि पिछले काफी वक्त से नंबर एक की कुर्सी पर काबिज भारत के सूर्यकुमार यादव अब नीचे चले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड टी20 के नंबर एक बल्लेबाज बनने में कामयाब हो गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट, पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को भी नुकसान उठाना पड़ा है। आईसीसी की ओर से टी20 की जो नई रैंकिंग जारी की गई है, उसमें ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस बार एक साथ 4 स्थानों की छलांग मारी है। अब ट्रेविस हेड की रेटिंग 844 की हो गई है। ट्रेविस हेड अभी कुछ वक्त पहले तक टॉप 10 में भी नहीं थे, लेकिन अब वे टॉप पर पहुंच गए हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर चले गए हैं। सूर्या की रेटिंग इस वक्त 842 की है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल दो ही रेटिंग प्वाइंट्स का अंतर है। जो जल्द ही पट भी सकता है, लेकिन इसके लिए सूर्या को एक बड़ी पारी खेलनी होगी। केवल सूर्यकुमार यादव अकेले ऐसे बल्लेबाज नहीं हैं, जिन्हें नुकसान हुआ है। इंग्लैंड के फिल साल्ट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। उनकी रेटिंग अब 816 की है। पाकिस्तान के बाबर आजम भी एक स्थान नीचे आए हैं। वे 755 की रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान अब 746 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। उन्हें भी एक स्थान नीचे आना पड़ा है। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर 716 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 6 पर बने हुए हैं। भातर के यशस्वी जायसवाल की रेटिंग 672 की है और वे नंबर सात पर कब्जा जमाए हुए हैं। साउथ अफ्रीका के एडन मारक्रम 659 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर हैं। वेस्टइंडीज के ब्रेंडन किंग 656 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर बने हुए हैं। इस बीच वेस्टइंडीज के ही जॉनसन चार्ल्स एक साथ 4 स्थानों की छलांग लगाने में कामयाब रहे हैं।

हिंदूवादी संगठन ने दी सोनाक्षी को धमकी

सोनाक्षी से शादी के बाद, जहीर इकबाल पर 'लव जिहाद' का आरोप

सोनाक्षी सिन्हा की शादी में भाइयों लव और कुश की गैरमौजूदगी पर विवाद थमा भी नहीं है कि लोग जहीर इकबाल से शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी की शादी को लव जिहाद बता रहे हैं. बिहार में एक हिंदूवादी संगठन ने पोस्टर छपवाकर नाराजगी जताई और कहा कि अगर शत्रुघ्न सिन्हा शादी पर दोबारा विचार नहीं करते, तो उन्हें अपने घर 'रामायण' और बेटों लव-कुश का नाम बदल देना चाहिए. शत्रुघ्न सिन्हा विरोध के बीच अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और उनकी शादी के बचाव में उतर आए हैं। शत्रुघ्न सिन्हा के गृहनगर पटना में हिंदू शिव वाहनी सेना ने विरोध मार्च निकाला और इंटर रिलीजन शादी को 'लव जिहाद' का नाम दिया और सोनाक्षी सिन्हा को कभी बिहार में दाखिल न होने की चेतावनी दी. शत्रुघ्न सिन्हा ने विरोध पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि उनकी बेटी ने कुछ भी गैरकानूनी नहीं किया है. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे नफरत न फैलाएं। शत्रुघ्न सिन्हा बोले, 'आनंद बख्शी साहब ने ऐसे पेशेवर विरोधियों के बारे में कहा है- कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना. इस पर जोड़ना चाहता हूं- कहने वाले अगर बेकार, बेकाम-काज के हों, तो कहना ही काम बन जाता है. मेरी बेटी ने गैरकानूनी और असांविधानिक काम नहीं किया है।'

हॉरर यूनिवर्स में अब रश्मिका मंदाना की एंट्री, आयुष्मान के साथ आएंगी नजर

फिल्ममेकर दिनेश विजन का हॉरर यूनिवर्स जनता में पॉपुलैरिटी और बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी की नई ऊंचाइयां छू रहा है. श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री' (2018) से शुरू हुए इस यूनिवर्स की लेटेस्ट फिल्म 'मुंज्या' थिएटर्स में धमाल मचा रही है. अब ये यूनिवर्स और भी बड़ा होने जा रहा है और आयुष्मान खुराना के साथ रश्मिका मंदाना इसका हिस्सा बनने जा रही हैं। पिछले साल से खबर आ रही थी कि श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, कृति सेनन और वरुण धवन जैसे स्टार्स के साथ अब आयुष्मान भी हॉरर यूनिवर्स में एंट्री ले रहे हैं. वो जिस फिल्म में दिखने वाले हैं उसका नाम 'वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर' है. अब आयुष्मान की फिल्म को हीरोईन मिल गई है। रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'एनिमल' की कामयाबी के बाद रश्मिका मंदाना को जमकर फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं और उन्होंने कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स साइन भी किए हैं. पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर' में आयुष्मान के अपोजिट रश्मिका को कास्ट किया गया है। सूत्र के हवाले से बताया गया, 'आयुष्मान खुराना और दिनेश विजन को 'वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर' डिस्कस करते हुए लंबा वक्त हो गया है और इस साल के अंत तक अब वो फिल्म को फ्लोर्स पर ले जाने वाले हैं।' ये पहली बार होगा जब रश्मिका और आयुष्मान पर्दे पर एकसाथ नजर आएंगे. रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों के किरदारों का कहानी में एक अलग और बहुत यूनीक आर्क होगा. दावा किया जा रहा है कि इन दोनों के किरदार और उनकी कहानी ऑडियंस को सरप्राइज कर देंगे। पिछले साल 'वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर' से जुड़ी खबरों में कहा जा रहा था कि आयुष्मान के साथ फिल्म में फीमेल लीड रोल के लिए, पॉपुलर साउथ एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु को अप्रोच किया गया है. लेकिन अब इस फिल्म में रश्मिका का नाम फाइनल किए जाने की खबरें हैं।

विंडशील्ड के वाइपर में खराबी, यह चौथा मौका जब कंपनी ने गाड़ियां रिकॉल की हैं

टेस्ला ने करीब 12,000 साइबर ट्रकों को वापस बुलाया

एजेंसी

ऑस्टिन, टेक्सास। इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्यूफैक्चरर टेस्ला ने अमेरिका में 11,688 साइबर ट्रक्स को वापस बुलाया है। अमेरिका के नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (NHTSA) ने बताया कि गाड़ियों के विंडशील्ड वाइपर में खराबी को ठीक करने के लिए कंपनी ने यह रिकॉल की है।

ऑटो सेफ्टी रेगुलेटर ने कहा, ' एस्सेसिव वोल्टेज सप्लाई के चलते फ्रंट विंडशील्ड वाइपर मोटर कंट्रोलर फेल हो सकता है। कंपनी की सर्विस टीम वाइपर मोटर को बदलेगी और खराब गड़ियों में प्रेशर सेंसिटीव टेप लगाएगी या मिसिंग ट्रीम को फ्री में रिप्लेस करेगी। विंडशील्ड वाइपर में खराबी के चलते विजिबलिटी कम हो सकती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बन जाता है। इस इलेक्ट्रिक कार के मैन्यूफैक्चरिंग में आने के बाद से यह चौथा मौका है, जब इसे वापस बुलाना पड़ा है। टेस्ला ने पिछले साल दिसंबर में साइबर ट्रक को पहली बार कस्टमर के हवाले किया था। इसके अलावा EV मेकर ने 11,383 पीकअप ट्रकों को भी वापस मंगाया है। इन ट्रकों के ट्रंक बेड में ट्रिम को गलत तरीके से अटैच किया गया था, जो संभवतः ढीला हो गया है। यह पीछे के दूसरे वाहन चालकों के लिए सड़क पर खतरा पैदा कर सकता था। इससे पहले कंपनी ने अप्रैल में लगभग 4,000 साइबरट्रकों को वापस बुलाया था। तब इन गाड़ियों के एक्सेलरेटर पैड को रिपेयर किया गया था। इनके ढीला होकर इंटरनल ट्रिम में फंसने का खतरा था। वहीं खबर थी कि डेब्यू के 4 साल बाद टेस्ला ने अपने पहले इलेक्ट्रिक पिकअप 'साइबरट्रक' की डिलीवरी अमेरिका में शुरू कर दी है। गुरुवार देर रात को टेक्सास शहर स्थित कंपनी की फैक्ट्री में हुए डिलीवरी इवेंट में कंपनी के CEO एलन मस्क ने पहले 10 कस्टमर्स को इसे सौंपा।

बता दें कि पहले भी अमेरिका में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 22 लाख गाड़ियां वापस बुलाई हैं। यह किसी भी कंपनी की तरफ से अब तक का सबसे बड़ा रिकॉल है। अमेरिका के नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (NHTSA) ने शुक्रवार (2 फरवरी) को बताया कि गाड़ियों के डेशबोर्ड में वार्निंग लाइट्स के इनकरेक्ट फॉन्ट साइज की वजह से गाड़ियों के क्रैश होने का खतरा है।

सास शर्मिला ने की बहू करीना की फिल्म 'क्रू' की तारीफ

बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर अभिनेता सैफ अली खान की मां और करीना कपूर की सासु मां हैं। शर्मिला अपनी बहू करीना कपूर पर अक्सर प्यार लुटाती नजर आती हैं। दोनों सास-बहू में शानदार बॉन्ड देखने को मिलता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शर्मिला टैगोर बहुरानी की फिल्म 'क्रू' की तारीफ करती नजर आईं।

शर्मिला टैगोर से जब पूछा गया कि उन्हें करीना कपूर की फिल्म 'क्रू' कैसी लगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो मुझे पहले विश्वास ही नहीं हुआ कि यह फिल्म इतनी शानदार होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। तीन महिलाएं एक-दूसरे की मदद कर रही हैं। एक प्लेन उड़ा रही है तो दूसरी लैंड करवाने में मदद कर रही है। इस फिल्म ने उस कहानी को झूठा साबित किया जिसमें कहते हैं कि औरत ही औरत की दुश्मन होती हैं'। शर्मिला टैगोर अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'फिल्म में तीन औरतें जिस तरह से एक साथ काम करती हैं वह आइडिया मुझे काफी पसंद आया। इस फिल्म को देखकर लगा कि अब ऐसी और भी फिल्में बननी चाहिए। 'क्रू' की बॉक्स ऑफिस सफलता को देखकर अब और भी निर्माता-निर्देशक महिलाओं को केंद्र में रखकर ऐसी फिल्मों का निर्माण करेंगे तो बॉलीवुड में बदलाव देखने को मिलेगा'। 'क्रू' फिल्म में करीना कपूर के अलावा तब्बू और कृति सेनन नजर आई थीं। सूत्रों की मानें तो इस फिल्म ने सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। वहीं ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी इस फिल्म को काफी सराहा गया। शर्मिला टैगोर महिला केंद्रित फिल्मों पर बातें करते हुए कहती हैं 'मुझे किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' भी काफी पसंद आई। इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल किया। ऐसी फिल्मों को सपोर्ट मिलना ही चाहिए। इसके अलावा दीपिका पादुकोण की फिल्म 'पीकू' भी मुझे अच्छी लगी थी। महिलाओं पर केंद्रित और भी फिल्मों का निर्माण होना चाहिए।

फिल्म 'हिंदुस्तानी 2' का ट्रेलर रिलीज : 28 साल पहले आया था फर्स्ट पार्ट

69 साल की उम्र में कमल हासन का एक्शन अवतार

कमल हासन स्टारर फिल्म 'हिंदुस्तानी 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट 37 सेकेंड के इस ट्रेलर में एक्शन और देश भक्ति दिखाई गई है। स्टारकास्ट की बात करें तो सिद्धार्थ और रकुल प्रीत सिंह भी अहम रोल में नजर आए हैं। ट्रेलर की शुरुआत रकुल प्रीत के डायलॉग से होती है।

रकुल कहती हैं, 'कैसा देश है ये, पढ़े-लिखों के पास काम नहीं, काम है तो उस लायक पगार नहीं, टैक्स भरो लेकिन कोई फैसिलिटी नहीं। चोर चोरी करता है करेगा, अपराधी अपराध ही करेगा। रकुल के बाद सिद्धार्थ की एंट्री होती है। वो भी ट्रेलर में सिस्टम को ठीक करने की बात कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिद्धार्थ कहते हैं- हम जब देखो दुनिया को दोष देते रहते हैं, सिस्टम ठीक नहीं है, इसे ठीक करना होगा, मुंह फाड़कर चिल्लाते हैं। लेकिन इसे ठीक करने के लिए हम एक तिनका भी नहीं हिलाते। ट्रेलर देखकर ये मालूम पड़ता है कि सिद्धार्थ और रकुल सिस्टम और उन लोगों से परेशान हैं जो सिस्टम को गंदा कर रहे हैं। दोनों अपनी लड़ाई लड़कर थक चुके होते हैं। लेकिन सिद्धार्थ समझ जाते हैं कि उनके अकेले से ये ठीक नहीं होगा। वो कहते हैं इन सभी का विनाश करने वाला एक हंटिंग डॉग आना चाहिए। इसके बाद ही ट्रेलर में कमल हासन (सेनापति) की धमाकेदार एंट्री होती है। जो स्वतंत्रता सेनानी वीरसेकरन सेनापति हैं। कमल हासन की एंट्री जबरदस्त एक्शन के साथ होती है। जो सिस्टम की गंदगी को साफ करने के लिए कई अलग-अलग अवतार में दिखाई देते हैं। कमल हासन ट्रेलर में कहते हैं- ये स्वतंत्रता का नया जन्म है। यहां गांधी के रास्ते पर तुम हो, नेता जी के रास्ते पर मैं हूं। ट्रेलर के अंत में कमल हासन कहते हैं- टॉम एंड जेरी का खेल अब शुरू हो चुका है। 69 साल की उम्र में कमल हासन का जबरदस्त एक्शन तारीफ के काबिल है।



एक नजर

सदन में अब नहीं चलेगी मोदी की मनमानी : राजेश तिवारी

सुलतानपुर। कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। राजेश तिवारी ने कहा कि अब सदन में मोदी जी की मनमानी नहीं चलेगी। राहुल गांधी जी सदन में देश की पीड़ा को सदन के सामने रखेंगे। राहुल गाँधी इस देश के युवा, किसान, छात्र, महिलाओं, मज़दूर, व्यापारियों सहित पूरे हिंदुस्तान कि आवाज़ हैं। पूरे देश को यह विश्वास है कि राहुल के नेतृत्व में विपक्ष देश के नागरिकों के अधिकार की लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर ज़िला कोषाध्यक्ष योगेश सिंह, ज़िला महासचिव अनवर अंसारी, दीपक सोनी, पूर्व प्रत्याशी फ़रीज़ ख़ान, ईशान अहमद आदि मौजूद रहे।

आबकारी विभाग ने अवैध व्यापार की रोकथाम को निकाली गई जागरूकता रैली

सुलतानपुर। मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर बुधवार को मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आबकारी विभाग ने शहर के मुख्य मार्गों पर मोटर/कार रैली निकाली गई। क्रम में जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशे के विरूद्ध एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग के सम्बन्ध में जागरूकता पैदा करेंगे, ताकि भारत का युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन यापन कर सके। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में समस्त स्टाफ को 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध' की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

प्रतिमा स्थापित करने की मांग की

अमेठी। बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मोहन लालगंज लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद आर के चौधरी की ओर से लोकसभा स्पीकर के नाम लिखा गया एक पत्र शपथ ग्रहण के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।इस पत्र में आर के चौधरी ने सदन में पीठ के ठीक दाहिने स्थापित सेंगोल को राजतंत्र का प्रतीक बताया है और संसद भवन से सेंगोल को हटाकर उसकी जगह भारतीय संविधान की विशाल काय प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। आर के चौधरी ने पत्र में लिखा है कि हमारा संविधान भारतीय लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है। हमारी संसद लोकतंत्र का मंदिर है, किसी राजे रजवाड़े का महल नहीं।

ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा, महिला व चालक घायल

अमेठी। कोतवाली अंतर्गत देवीपाटन मंदिर के पास अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा सड़क पर पलट गया। सड़क दुर्घटना में रिक्शे पर बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बुधवार को देवीपाटन मंदिर के पास एक रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सड़क दुर्घटना में रिक्शे पर बैठी अहिरावल निवासी रामदुलारी पत्नी रामफेर और जंगल टिकरी निवासी चालक रामशंकर पुत्र हरिश्चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया है।

आकाशीय बिजली गिरने/बज्रपात से बचाव को प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी

अमेठी। बुधवार को भी मौसम ठंडा रहा। छिटपुट बारिश भी हुई।तेज बारिश, आंधी पानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने/बज्रपात से बचाव को प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आंधी–पानी के साथ आकाशीय बिजली/बज्रपात की घटनाऐं होने के दृष्टिगत आकाशीय विद्युत से कई लोगों के मरने एवं घायल होने के कारण जनहित में आवश्यक उपाय व सलाह अपनाने के निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आसमान में बिजली के चमकने/गरजने/कड़कने अथवा बज्रपात से बचने हेतु जनसामान्य को सुरक्षित पक्के मकानों में शरण लेनी चाहिए, घरों में बिजली उपकरणों, स्विचों, तारों और टेलीफोन का प्रयोग न करें, विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूरी बनाये रखें, विद्युत उपकरणों को बिजली के सम्पर्क में न रखें, खिड़की के कांच, टिन की छत, गीले सामान और लोहे के हैंडलों से दूर रहने, दीवार के सहारे न खड़े होने व स्नान करने से रोकने की सलाह दी गयी है तथा घर से बाहर रहने की दशा में बज्रपात की दशा में तालाब व जलाशय आदि से दूर रहें, समूह में एकत्र न हो, धातु इत्यदि से दूरी बनाये रखें, बिजली के खंभे के समीप न खड़े हो, खुले वाहन में सवारी न करें, खुले जगह पर होने पर सिर को झुकाकर कान बंद कर लें। उन्होंने बताया कि बज्रपात से सम्बन्धित जानकारी हेतु स्थानीय रेडियो व अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अतिशीघ्र उपचार हेतु ले जाना चाहिए तथा वज्रपात के मामले में तात्कालिक कारण हृदयघात होने पर जरूरी हो तो ''संजीवन क्रिया, प्राथमिक चिकित्सा'' देने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि प्रभावित व्यक्ति के शरीर से विद्युत काप्रभाव न हो रहा हो एवं पीड़ति व्यक्ति की नाड़ी व सांस चल रही हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने जन सामान्य को अपने मोबाइल पर दामिनी एप प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करने की सलाह दी है इस ऐप के माध्यम से बज्रपात होने के आधे घंटे पूर्व मोबाइल पर अलर्ट आ जाता है।

अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ : डीएम

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों यथा– जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता,टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गयी है बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों के भुगतान समय से कराने के कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कैम्प लगाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाय। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टरों को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मरीजो के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही करने वालो पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी, हॉस्पिटल पर लगातार कार्रवाई जारी रखी जाए। साथ ही परफॉर्मेंस न देने वाले अधिकारियों को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओटी की सुविधा उपलब्ध है उन केंद्रों को नियमित रूप से संचालित किया जाए, जिससे मरीजों को इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। सभी एम ओ आई सी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय पर अपने कार्यालय में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त एमओआईसी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया

पांच लाख रुपए के जेवर, एप्पल का फोन और रुपए बरामद, जेवरात खरीदने वाला भी पकड़ा गया

विश्ववार्ता संवाददाता

जगदीशपुर। कमरौली थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई कई बड़ी चोरियों पर लगाम लगाते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। चोर की निशानदेही पर चोरी का मामला खरीदने वाले ज्वेलर्स के पास से चार लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, 61 हजार रुपए, एक एप्पल का मोबाइल और बाइक बरामद की है। एसपी ऑफिस सभागार में एसपी अनूप सिंह ने मामले का खुलासा किया है।

पिछले दिनों कमरौली थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई कई बड़ी चोरियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए थे। चोरियों के खुलासे के लिए कमरौली पुलिस लगातार चेकिंग और जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। देर रात पुलिस रोड नम्बर चार पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोयलारा क्रासिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बाइस के साथ खड़ा है।

सुलतानपुर से चोरी हुई थी बाइक पुलिस ने मौके पर जाकर बल प्रयोग करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान चोर की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले एक ज्वेलर्स के पास से करीब 50 ग्राम सोने के जेवर और 500 ग्राम से अधिक चांदी के जेवर बरामद हुए। इसके अलावा 61 हजार रुपए नगद और एक एप्पल का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। जिस बाइक के साथ चोर गिरफ्तार हुआ है वो बाइक भी पिछले दिनों सुलतानपुर जिले से चुराई गई थी।

टीम को 10 हजार के ईनाम की घोषणा गिरफ्तार चोर आतिफ उर्फ अटू पुत्र दब्बिर निवासी दीना पाठक का पुरवा जबकि ज्वेलर्स राजन कौशल पुत्र महोना पश्चिम गांव का रहने वाला था। राजन कौशल ही चोरी के सामान को खरीदता था।

एसपी अनूप सिंह ने कहा की पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एक चोर और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

घर में मिला बुजुर्ग महिला का शव, घटना का कारण स्पष्ट नहीं

विश्ववार्ता संवाददाता

घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व परिजन।

मुसाफिरखाना। कोतवाली अंतर्गत बिसारा पश्चिम गांव में एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव मिला है। महिला का शव से हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक महिला का चेहरा काला पड़ चुका था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है।

बुधवार को बिसारा पश्चिम निवासी माधुरी पत्नी हरिभजन मौर्य (60) घर के अंदर मृत अवस्था पड़ी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस ने देखा तो मृतका का शव कमरे के फर्श पर पड़े पुआल पर पड़ा था। शव से सुदंग आ रही थी। चेहरा काला पड़ चुका था। ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि मृतका के पति लखनऊ में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। उनके दो बेटों में से एक बेटा राम समुझ चंडीगढ़ में रहता है। दूसरा बेटा राम समुझ गांव के अंदर स्थित दूसरे मकान में रहता है। जिस मकान में शव मिला उसमें मृतका अपनी अर्धविक्षिप्त पुत्री शीला के साथ रहती थी। बेटा राम समुझ प्रति दिन खाना लाकर मां और बहन को लेकर चला जाता था।

सूचना मिलते ही मौके पर सीओ अतुल कुमार सिंह और एसएचओ विवेक कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि मृतका के चेहरे का काला पड़ जाने और शव से बदबू उठने से ऐसा प्रतीत होता है कि मौत एक दो दिन पूर्व हुई है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की घटना का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जाएगी।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में होगा 10 से 15 लाख का दुर्घटना बीमा–पोस्ट मास्टर

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 520 और 799 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा होगा। एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा पुनः रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है।

यह जानकारी प्रयागराज क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्रीकृष्ण कुमार यादव ने दी। डाक विभाग इसके लिए 27- 28 जून 2024 को प्रयागराज क्षेत्र में विशेष अभियान चलायेगा।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और विभिन्न बीमा कंपनियों के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक/पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा। साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना होने की स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती, आई.पी.डी खर्च, ओ.पी.डी एवं दैनिक भुगतान की भी सुविधा मिलेगी।

कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के बारे में किया गया जागरूक

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कृषि सखियों का 19 जून से 23 जून तक दो बैंचों का पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती विषयक आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड जयसिंहपुर, करौंदीकला, दोस्तपुर, कुड़वार, बल्दीराय, कूरेभार एवं दूबेपुर की 57 कृषि सखियों ने प्रतिभाग किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. जेबी सिंह ने प्राकृतिक खेती का मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में एवं बायो इनपुट के बारे में कृषि सखियों को अवगत कराया।

केन्द्र के मास्टर ट्रेनर/पशुधन वैज्ञानिक डा. दिवाकर वर्मा ने फसल और पशुधन एकीकरण, स्वास्थ्य और पोषण पर कृषि सखियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर/कृषि प्रसार वैज्ञानिक डा. सीके त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए विस्तार के तरीके, विस्तार सेवायें और पैरा विस्तार श्रमिकों के गुण के बारे में कृषि सखियों से चर्चा की एवं प्राकृतिक उपज का प्रमाणन और विपणन को कैसे किया जाए इसके बारे में कृषि सखियों को जागरूक किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. सी.के त्रिपाठी एवं डा. दिवाकर वर्मा ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कृषि सखी।

बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि को कैसे किस पद्धति से बनाया जाए और उनका उपयोग किस प्रकार से किया जाए और इसकी मात्रा एवं प्रयोग के बारे में बताया। साथ ही प्राकृतिक खेती में कीट एवं रोग प्रबंधन, जल प्रबन्धन तथा कृषि प्रणाली और बीज प्रणाली पर कृषि सखियों को जानकारी देने के साथ इनका कृषि में क्या योगदान है विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी। ग्यारहवें एवं बारहवें बैच के प्रशिक्षण समापन के उपरान्त आज दिनांक 23 जून को 57 कृषि सखियों का मूल्यांकन परीक्षा करायी गयी, तदोपरान्त उनको मिशन के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित साहित्य, पेन, पैड, फोल्डर एवं गुरप फोटोग्राफ उपलब्ध कराया गया।

डीएम ने की एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करती जिलाधिकारी निशा अनंत व एसपी अनूप सिंह।

न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई न बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। वन विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए।

सांसद राहुल गांधी के मामले में सुनवाई दो जुलाई को

सुलतानपुर। विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी बुधवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नही हुए। बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। वहीं इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने के प्रार्थना पत्र पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय व राहुल के वकील केपी शुक्ल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि रामप्रताप न तो वादी मुकदमा है न ही अभियुक्त और न ही केस में गवाह हैं।

हाउस होल्ड सर्वे शुरू, एक जुलाई से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण

विश्ववार्ता संवाददाता

भादर। स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण एक जुलाई से शुरू होगा।28और29जून को सभी परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर शिक्षकों ने हाउस होल्ड सर्वे का काम शुरू कर दिया है। 28 से 30 जून, 2024 के मध्य विद्यालय प्रातः 7:30 बजे से 10:00 बजे तक संचालित किए जाएँगे। इस दौरान विद्यालय स्तर पर ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित कराया जाएगा। 01 जुलाई, 2024 से विद्यालय अपने नियमित समय अर्थात प्रातः 8:00 बजे से 2:00 बजे तक संचालित होंगे तथा अध्यापकों द्वारा नियमित पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किया जाएगा।

बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय भादर

-1 के शिक्षकों ने बच्चों के आधार वेरीफिकेशन के साथ परिवार सर्वेक्षण शुरू किया। शिक्षक विजय प्रताप यादव, गणेश प्रसाद शर्मा और शिवकरन गुप्ता ने सरैया मजरे में हाउस होल्ड सर्वे का काम शुरू किया। 28जून से समर कैंप की तैयारी को बी ई ओ के निर्देशन में स्टाफ बैठक में इं प्र अ संजीव कुमार,प्र अ प्राथमिक देवांशु सिंह, अवनीश वर्मा, संध्या गुप्ता, लालती देवी, कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

त्रिसदस्यीय जांच कमेटी के सत्यापन के बाद होगा मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवासों का आवंटन

विश्ववार्ता संवाददाता

भेंटुआ/अमेठी। दैवी आपदा पीड़ित परिवारों, दिव्यांग जनों और 18से40साल आयु वर्ग की विधवा महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए लाभार्थियों की सूचियों के सत्यापन और पात्रता शर्तों की जांच का काम जारी है। अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति की क्रास चेकिंग और सत्यापन के बाद अगले महीने मुख्यमंत्री आवासों का आवंटन किया जाएगा।

दैवी आपदा पीड़ित परिवारों की सूची तहसील से सभी विकास खंडों को भेजी गई हैं।इस सूची को अपडेट करते हुए लाभार्थियों की पात्रता शर्तों की जांच की जा रही है।18-40वर्ष की निराश्रित महिलाओं के घर पहुंचकर पंचायत सचिव उनके नाम दर्ज कर रहे हैं।दिव्यांगो का भी चिन्हांकन किया जा रहा है। पंचायत सचिवों की ओर से तैयार की गई सूची का स्थलीय सत्यापन सेक्टर प्रभारी बनाए गए सहायक विकास अधिकारी कर रहे हैं। बुधवार को ए डी ओ आई एस बी ने ग्राम पंचायत कमासिन और गुंगवाछ में लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन किया। ग्राम प्रधान के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र यादव और ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार भी मौजूद रहे।

परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर पात्रता शर्तों की जांच कराकर लाभार्थियों की सूची तैयार कराई जा रही है। लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हुआ है। लक्ष्य प्राप्त होने पर विकास खंड और ग्राम पंचायत वार सी एम आवास आवंटित किए जायेंगे।

मनरेगा की समीक्षा बैठक में पौधारोपण की तैयारी पर जोर रहा

अमेठी। बुधवार को उपायुक्त मनरेगा प्रवीणा शुक्ला ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर मनरेगा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन अमृत सरोवरों और तालाबों पर काम शीघ्र पूरा करने के साथ पौधारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गड्ढों की खुदाई का काम शीघ्र पूरा करने और पौधों की खरीद के लिए डिमांड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जून माह के लक्ष्य के अनुसार सभी काम तीस जून तक पूर्ण कराने के लिए कहा है। जिले के 13 विकास खंडों में 682 ग्राम पंचायतें हैं। 612 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य बंद हैं। कार्यस्थलों पर मजदूरों की संख्या 21360 है। मई के मुकाबले जून माह में मनरेगा की प्रगति में सुधार हुआ है। भेंटुआ और शाहगढ़ विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में काम चल रहे हैं।

विधायक ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात, शोक संवेदना जताई

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। विधायक महाराजी प्रजापति ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण कर दुर्घटना और स्वाभाविक मौत से पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनका दुख बांटा। विधायक ने शोक संतप्त परिवारों को सुख दुख में साथ रहने का भरोसा दिया।

भादर के पूर्व प्रमुख और घोरहा के वर्तमान प्रधान इंद्र बहादुर सिंह के पिता राम अभिलाष सिंह की कुछ दिनों पहले मौत हो गई थी। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। विधायक महाराजी प्रजापति ने प्रधान परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना जताई। परसौली के जमील अहमद की चद्दर गिरने से कुछ दिनों पहले मौत हो गई थी।

विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और आर्थिक सहायता भी प्रदान की।कोरारी गिरधर शाह के जितेंद्र कोरी की दो दिन पहले विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गई थी। जितेन्द्र कोरी -

दुर्घटनाग्रस्त परिवार से मुलाकात करती विधायक महाराजी प्रजापति।

23की मौत से परिवार टूट गया है।

विधायक ने मृतक के माता-पिता से मुलाकात की, उनके आंसू पोंछे, ढांढस बंधाया और आर्थिक सहायता प्रदान की। मोचवा के रामपाल यादव की बीमारी से मौत हो गई थी, विधायक ने इस परिवार से भी मुलाकात की और शोक संवेदना जताई। सरायखेमा के महेश कश्यप के बेटे की नदी में डूबने से मौत हो गई थी, विधायक ने कश्यप परिवार से भी मुलाकात की और गहरी संवेदना जताई और आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विधायक के साथ वरिष्ठ सपा नेता महावीर कश्यप, अरुण प्रजापति, श्री नाथ यादव, राहुल कनौजिया, अशोक यादव और मीडिया प्रभारी संदीप श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

महिलाओं ने हेडमास्टर की उड़ाई सोने की चेन

सुलतानपुर। ई-रिक्शा पर बैठकर स्कूल से घर आ रही प्रधानाध्यापक के साथ रास्ते में टप्पेबाजी कर कुछ महिलाओं ने उनकी सोने की चेन गायब कर दी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की। लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर वार्ड की सरोज सिंह विकासखंड क्षेत्र के नरायनपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं। बुधवार को वह विद्यालय से ईरिक्शा पर बैठकर घर आ रही थीं। रिक्शे पर तीन महिलाएं एवं एक लड़की बैठी हुई थी। रास्ते में ब्लॉक रोड पर ई रिक्शा पहुंचा था तभी वह लड़की उल्टी करने का नाटक करने लगी। प्रधानाध्यापिका अपने आप को कुछ असहज महसूस की और लंभुआ में बरनवाल मेडिकल स्टोर के सामने ई रिक्शा से उतर गई। उतारने के बाद उन्होंने देखा कि उनके गले की चेन गायब थी।

सहूलियत डीएम ने एमएनबीएसयू के संबंध आम जनमानस को जागरूक को मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बेहतर चिकित्सा सुविधा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किए एमएनसीयू

विश्ववार्ता संवाददाता

गौरीगंज। बुधवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किये गये एम०एन०सी०यू०/एम०एन०बी०एस०यू० के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता किया। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज, जगदीशपुर, अमेठी, बाजार शुकुल में 02-03 बेड का एम०एन०बी०एस०यू० एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई, मुसाफिरखाना, शाहगढ़, संग्रामपुर, भेटुआ, भादर, जामों, सिंहपुर में 02-03 बेड एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज, जनपद में 16 बेड का

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता करती जिलाधिकारी निशा अनंत।

एम०एन०सी०यू० (Maternal new-born care unit) की स्थापना की गई है।

उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स व प्रसव कार्य हेतु नामित अन्य स्टाफ को राज्य स्तरीय कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब (सी०ई०एल०) टीम द्वारा एम०एन०सी०यू०/कंगारू मदर केयर का प्रशिक्षण प्रदान करा दिया गया है। जनपद में एम०एन०सी०यू० / एम०एन०बी०एस०यू० की स्थापना से नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को नजदीकी चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सालयों में पैदा होने वाले कम वजन के बच्चों को तत्काल एम०एन०सी०यू० में भर्ती कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जिससे उनकी बेहतरीन देखभाल हो सके। इस अवसर पर के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी एम०एन०सी०यू०. डॉ राम प्रसाद समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एम०एन०सी०यू० के निर्माण व संचालन में वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही संस्थान कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब के प्रतिनिधि व जनपद के सम्मानित पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

बसपा प्रतिनिधि मंडल ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

जामो। कोतवाली अंतर्गत लोरिकपुर के पूरे सुब्बा गांव में दैवी आपदा में दो युवकों की मौत से शोक का माहौल बना हुआ है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों की मदद को जरूरी कार्यवाही पूरी की जा रही है। बुधवार को बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर दुःख बांटा और गहरी शोक संवेदना जताई। मंगलवार को पूरे सुब्बा पाण्डेय मजरे रामशाहपुर में दो मौसेरे भाईयों मुकेश कुमार व रंजीत कुमार की बिजली गिरने से मौत हो गई थी। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। जैसे ही सूचना की जानकारी बसपा के पदाधिकारियों को लगी। बसपा का प्रतिनिधि मंडल दिलीप कुमार कोरी (जिला अध्यक्ष) के नेतृत्व में अरूण कुमार, शिवराम गौतम, विन्ध्येश्वरी प्रसाद, जय वर्धन गौतम के साथ पीड़ित परिवार के दुःख में शामिल होकर शोक संवेदना प्रकट किया।

एक नजर

नीतीश ने बिरला को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ओम बिरला के कुशल नेतृत्व में लोकसभा की कार्यवाही का संचालन अच्छे ढंग से होगा।

शिक्षित बेरोजगारों का समाधान ढूंढ़ना चाहिए

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने नीट परीक्षा को देश का सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा है कि इसके प्रति जिम्मेदारी तय करनी तथा शिक्षित बेरोजगारों का समाधान ढूंढने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। पायलट ने बुधवार को यहां मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि अभी देश का सबसे बड़ा मुद्दा नीट की परीक्षा का है। यह परीक्षा विवादित होने से लाखों नौजवानों को सदमा लगा है। नौजवानों में जो विश्वास है प्रक्रिया पर, परीक्षा की प्रणाली पर, उस पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है।

पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी घुसे, हाई अलर्ट

पठानकोट। पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में जबरन घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों आतंकी खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए।

नीट पेपर लीक मामले में दो की सीबीआई रिमांड

पटना। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न–पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है।

50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पत्रकार गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जालौर में एक पत्रकार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बुधवार को बताया कि परिवादी ने ब्यूरो के मुख्यालय में शिकायत की कि सरकारी कार्य में दलाली करके कमाई कराने और अखबार में खबरें नहीं छापने की एवज में पत्रकार मुकेश कुमार सुन्देशा उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर ब्यूरो की जालौर इकाई के पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने सत्यापन के बाद जाल बिछाकर सुन्देशा को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

पाकिस्तान में पोलियो का मामला आया सामने

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है। प्रधानमंत्री के समन्वयक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाएं) मलिक मुख्तार अहमद भरत ने अपने बयान में कहा है कि सरकार प्रांत में नियमित टीकाकरण दरों और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत कर रही है।

डच प्रधानमंत्री मार्क रूटे होंगे अगले नाटो महासचिव

मॉस्को। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने श्री रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जायेगा।

जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 63 हुई

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लकुरिची जिले में जहरीली शराब त्रासदी में बुधवार को तीन और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गयी तथा 74 पीड़ितों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपनी जांच शुरू कर दी है। यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर में मौतों की सूचना मिली।

कॉलेज में हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज की

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें छात्राओं को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से प्रतिबंधित किया गया था।

ट्रम्प-बाइडेन तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी। दोनों नेता 2020 के चुनाव में भी पहले एक दूसरे का सामना कर चुके हैं।

अहमदाबाद की आठ ट्रेनों में जोड़े जाएंगे अतिरिक्त कोच

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद मंडल की आठ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। मंडल रेल प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद मंडल से चलने वाली चार जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 22920/22919 अहमदाबाद–एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–अहमदाबाद हमसफर एक्सप्रेस में एक जुलाई से अहमदाबाद से तथा तीन जुलाई से एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से दो कोच थर्ड एसी के अतिरिक्त जोड़े जाएंगे।

ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, बोले– गत वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटक यूपी पहुंचे

यूपी देश का हृदयस्थल, पर्यटन की संभावनाएं असीम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन
- चेताया– गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है। यहां पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें। उसकी आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल मिलेंगे। 15 हजार वर्गकिमी. का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े, मनोरंजन और ज्ञानवर्धन हो, अतीत व इतिहास के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो। साथ ही भावी चेतावनी के प्रति हम सभी जागरूक हो सकें, इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। सीएम ने कहा कि जब टूरिस्ट आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग-अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं। प्रकृति को देखकर लोग जानते हैं कि यहां सब वास्तविक है, कुछ भी आर्टिफिशियल नहीं है। सीएम ने कहा कि दूधवा में जंगल के बीच गया तो देखा कि लखनऊ का तापमान 42 है और दूधवा का 35 के आसपास। प्रकृति का यह सानिध्य इशारा करता है कि पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए तो आने वाले समय में लाभ प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रयास प्रारंभ किए हैं। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने जा रहे हैं। पिछली बार इस क्षेत्र में होलीडे ट्रेन चलाने की व्यवस्था रेलवे के माध्यम से प्रारंभ की। इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के जनपदों में अलग-अलग संभावनाएं हैं। ईको क्षेत्र में टूरिज्म डवलपमेंट का नया बोर्ड सरकार ने गठित किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान्न में एक कायर्कम में शामिल हुए और संबोधित किया।

नाइट सफारी बनाने से पहले कुकरैल नदी को जीवित करेंगे

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बना रहे हैं। इसके पहले कुकरैल नदी को जीवित करेंगे। कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। पीलीभीत से निकलकर वाराणसी में मां गंगा के साथ इसका मिलन होता है, लेकिन कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया। चार दशक में कब्जा इतना बढ़ गया कि न केवल यह नदी बल्कि पर्यावरण के लिए चुनौती बन गया। हम लोगों ने कुकरैल को नदी बनाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी। आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटाया। दोषियों को दंडित किया और कइयों को पुनर्वास किया। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे।

सीएम ने उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का किया अनावरण

सोनभद्र में सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले, इसके लिए ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य एमओयू भी किया गया। नई ईको पर्यटन इकाई स्थापित करने वाले जालौन के केशवेंद्र सिंह, मनीष मल्होत्रा समेत तीन लोगों को सीएम ने सम्मानित भी किया। सीएम योगी ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर सीएम ने उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

शिक्षा के बिना नहीं मिल सकती गरीबी से मुक्ति : प्रशांत किशोर

» जन सुराज ने किया अंबेडकर यूथ लीडरशिप कार्यक्रम का आगाज़

विश्ववार्ता ब्यूरो

पटना। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आज कहा कि शिक्षा के बिना गरीबी से मुक्ति नहीं मिल सकती।

पदयात्रा अभियान के प्रणेता श्री किशोर ने बुधवार को राजधानी पटना में जन सुराज अंबेडकर यूथ लीडरशिप कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते हुए कहा कि समय आ गया है कि समाज के सभी दबे कुचले लोगों में शिक्षा का अलख जगाया जाए। शिक्षा के बिना गरीबी से मुक्ति नहीं मिल सकती।

जन सुराज के संस्थापक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो, लेकिन दलित समाज के लोग संघर्ष के लिए तो खड़े हुए, संगठित होने का भी प्रयास किया, लेकिन असल में शिक्षा प्राप्त करने पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण न तो उन्हें आरक्षण का लाभ मिला, न गरीबी दूर हुई और न ही उनका जीवन स्तर में सुधार हुआ। इस मौके पर सत्येन्द्र उर्फ सत्या, विवेक कुमार, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर समेत अनेक जन सुराजी मौजूद थे।

रेल यात्रा वृत्तांत पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नयी दिल्ली। रेल मंत्रालय ने रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव और हिंदी के प्रति रूचि को प्रोत्साहित करने तथा रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'रेल यात्रा वृत्तांत' पुरस्कार योजना प्रारम्भ की है।

योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण रेल यात्रा वृत्तांत विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में आगामी 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), काफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नयी दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 6000 रुपये तथा चार-चार हजार रुपये के पांच प्रेरणा पुरस्कार घोषित किये हैं। रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को यह घोषणा पत्र देना होगा।

नेपाली प्रधानमंत्री ने सीमा विवाद को फिर दी हवा

'प्रचंड' ने किया लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख पर नेपाल के अधिकार का दावा

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने बुधवार को भारत के साथ सीमा विवाद को एक बार फिर हवा देते हुए दावा किया कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व में स्थित सभी क्षेत्र पर नेपाल का अधिकार है। नेपाली अखबार 'हिमालय टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अखबार के मुताबिक, श्री प्रचंड ने सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 1816 की नेपाल-भारत सुगौली संधि के अनुसार, ये क्षेत्र नेपाल के हैं और इन क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित है कि इन सभी क्षेत्रों पर नेपाल का अधिकार है। उन्होंने कहा कि भारत यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि सहित मौजूदा संधियों तथा समझौतों को संशोधित और अद्यतन करने के साथ ही राजनयिक चैनल के माध्यम से सीमा संबंधी मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी। श्री प्रचंड ने कहा कि नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में नेपाल-भारत सीमा के शेष हिस्से में काम पूरा करने की प्रतिबद्धता के अनुसार नेपाल-भारत सीमा से संबंधित सीमा कार्य समूह की सातवीं बैठक के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से भारतीय पक्ष को एक पत्र भेजा गया है। आयोग की सातवीं बैठक दो जनवरी को हुई थी। कालापानी विवाद भारत और नेपाल के बीच पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में 373 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर एक सीमा विवाद है। यह विवाद काली नदी के उद्गम की अलग-अलग व्याख्याओं से उपजा है, जो दोनों देशों को एक-दूसरे से अलग करती है। कालापानी क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन के मिलान बिंदु (ट्राई-जंक्शन) पर स्थित है।

गौरतलब है कि इस साल मई में नेपाल में प्रचंड सरकार ने अपनी मुद्रा (नोट) पर विवादित भारत-नेपाल-चीन ट्राई-जंक्शन को दर्शाने का फैसला किया था। नेपाली नेता केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार ने 2020 में लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने क्षेत्र में शामिल करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था।

जाति जनगणना कराने का आग्रह प्रस्ताव पारित

समान अधिकार व अवसर सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना आवश्यक : एमके स्टालिन

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें केंद्र से जनगणना और जाति आधारित जनगणना तत्काल कराने का आग्रह किया गया ताकि देश के नागरिकों को समान अधिकार, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और नौकरियों में समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। श्री स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, यह सदन मानता है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रोजगार में समान अधिकार और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाने के वास्ते जाति आधारित जनगणना आवश्यक है। इसलिए यह सदन सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से जनसंख्या जनगणना कार्य तत्काल शुरू करने का आग्रह करता है, जो इस बार जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ वर्ष 2021 से होना है। इससे पहले सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि समाज तभी सही मायने में विकसित अर्थव्यवस्था में तब्दील हो सकता है जब उसके सभी वर्गों के लिए शिक्षा और नौकरियों में समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

द्रमुक के इस रुख को मजबूती से दोहराते हुए कि राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना अवश्य की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दशकीय जनसंख्या जनगणना, ब्रिटिश शासन के समय से ही जनगणना अधिनियम 1948 के तहत केंद्र सरकार द्वारा की जाने वाली एक विस्तृत 100 साल पुरानी प्रक्रिया है। जनगणना अधिनियम के नियम 3 के अनुसार, केवल केंद्र सरकार को ही जनगणना करानी चाहिए, लेकिन सार्वजनिक रूप से इस बात पर बहस हो रही है कि राज्य सरकार सांख्यिकी संग्रह अधिनियम 2008 के तहत जाति जनगणना कर सकती है। उन्होंने कहा कि 2008 का अधिनियम केवल राज्यों को सामाजिक-आर्थिक आंकड़े एकत्र करने की अनुमति देता है, लेकिन उसी अधिनियम की धारा 3 (ए) राज्यों को भारत के संविधान की अनुसूची 7 में उल्लिखित विषयों से संबंधित आंकड़े एकत्र करने से रोकती है, उन्होंने कहा कि जनसंख्या जनगणना को 7वीं अनुसूची के 69वें विषय के रूप में संहिताबद्ध किया गया है। श्री स्टालिन ने कहा कि सांख्यिकी अधिनियम 2008 के नियम 32 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के अनुसार एकत्र किए गए जनगणना के आंकड़ों को राज्यों द्वारा एकत्र नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों का हवाला दिया और कहा कि राज्य के लिए 2008 के सांख्यिकी अधिनियम के तहत जाति आधारित जनगणना करना संभव नहीं है, जैसा कि कुछ लोगों ने दावा किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, कानूनी रूप से वैध जनगणना केवल जनगणना अधिनियम 1948 के तहत ही की जानी चाहिए, जो एक केंद्रीय अधिनियम है। इसलिए, हम आग्रह कर रहे हैं कि केवल केंद्र सरकार द्वारा जनगणना करना उचित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए 20 अक्टूबर, 2023 के पत्र का हवाला देते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय और बनाए गए कानून तभी कानूनी सुरक्षा प्राप्त करेंगे, जब वे केंद्र सरकार की जनगणना के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर किए जाएंगे।

नशाखोरी महामारी, इससे मिलकर लड़ने की जरूरत : डॉ . वीरेन्द्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बुधवार को कहा कि नशे की समस्या आज महामारी का रूप लेती जा रही है, और इससे सभी के सहयोग से ही निपटा जा सकता है। डॉ. कुमार ने यहां अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कुछ देश नशीले पदार्थों की तस्करी को भारत के खिलाफ छद्म युद्ध का हथियार बनाये हुये हैं, ऐसे हालात में प्रत्येक नागरिक को नशे के विरुद्ध केन्द्र सरकार के चलाये जा रहे अभियान का सहयोग करना चाहिये ताकि इस संकट से निपटा जा सके।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त 2020 को लाल किले की प्राचीर से देशवासियों का नशा मुक्त अभियान का आह्वान किया था। डॉ. कुमार ने कहा कि उस आह्वान को आगे बढ़ाते हुये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय इस देशव्यापी अभियान को पूरे जोरशोर से क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ लोगों को जोड़कर नशा मुक्ति का जागरुकता अभियान का चलाया जा रहा है। उन्होंने इस अभियान में सांस्कृतिक एवं धार्मिक संगठनों की भूमिका को रेखांकित करते हुये कहा कि इसमें धर्मगुरुओं के प्रयास बहुत सफल हो सकते हैं। उनके आह्वान करोड़ों लोगों तक पहुंचते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार और इस्कान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्म कुमारी के कार्यक्रमों में ध्यान, योग के बाद नशा मुक्ति के कार्यक्रम चलाये जाते हैं, जो इस बुराई को दूर करने में बहुत कारगर साबित हो रहे हैं। इन संगठनों के प्रयास युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित करके नशा मुक्ति का अपना मिशन बनायें, सरकार उनकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि नशे से युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित होती है, तो देश की रचनात्मकता प्रभावित होती है।

» प्रत्येक नागरिक को नशे के विरुद्ध सहयोग करना चाहिये

सैम पित्रोदा फिर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।

श्री वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि श्री पित्रोदा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है। गौरतलब है कि श्री पित्रोदा ने इस वर्ष मई में चुनाव के दौरान अपने एक बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में भारत में लोकतंत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है।

आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी विकल्प चुनने की खुली छूट

प्रवेश प्रक्रिया के निर्धारण में संशोधन : सूबे के किसी भी जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकेंगे अभ्यर्थी

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से योग्य बनाने के लिए योगी सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट प्रदान की है। दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे। पहले जो व्यवस्था थी, उसमें राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए अधिकतम 3 जनपदों, 6 संस्थानों और 10 व्यवसाय का विकल्प दे सकते थे, जबकि निजी आईटीआई के लिए यह सीमा 3 जनपदों के अधिकतम 25 संस्थानों तक थी।

प्रदेश के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि संशोधित प्रवेश प्रक्रिया के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जो व्यवस्था निर्धारित की गई है उसके अनुसार अभ्यर्थी द्वारा स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय आईटीआई व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम का विकल्प जोड़ने की सुविधा प्राप्त होगी। इसी तरह, निजी आईटीआई में प्रथम एवं द्वितीय चरण में रिक्त सीटों के विरुद्ध जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के उच्चीकृत विकल्प को दिए जाने के लिए फ्रीज/फ्लोट की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर सभी चार चरणों में ऑनलाइन सीटों के आवंटन की प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत अब राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए उस ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा अंकित प्रथम वरीयता के अनुसार क्या उसकी मेरिट एवं आरक्षण वर्ग के आधार पर सीट आवंटित की जा सकती है या नहीं। यदि ऐसा नहीं है तो उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिह्नित अगले जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के लिए यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी, जब तक उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिह्नित समस्त जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम में कोई सीट अवांटित न हो जाए। इसके अलावा, प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी।

प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण में राजकीय/निजी आईटीआई में प्रथम चरण में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें अपने उच्च विकल्प के जनपद/संस्थान/व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम नहीं प्राप्त हुए,लेकिन प्रथम चरण में कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश न लेने के कारण उन्हें उनके उच्च विकल्पों में प्रवेश का अवसर मिल सकता है। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थी यदि अपने विकल्प में बदलाव चाहेंगे तो सीट रिक्त होने राजकीय संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थी को राजकीय संस्थान में और निजी संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थी को निजी संस्थान में अपग्रेडेशन का अवसर प्राप्त होगा। अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सबसे पहले ऐसे अभ्यर्थियों को अलग कर दिया जाएगा जिन्हें प्रथम चरण में कोई भी संस्थान आवंटित हुआ था। इसके बाद बाकी बची सीटों के लिए आवंटन की प्रक्रिया पुनः प्रथम चरण के अनुसार चलाई जाएगी तथा अपग्रेडेशन सूची एवं द्वितीय चयन सूची दोबारा परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। द्वितीय चरण के बाद राजकीय/निजी आईटीआई में अभ्यर्थियों के उच्चीकरण की प्रक्रिया द्वितीय चरण के अनुसार करते हुए रिक्त सीटों का विवरण तैयार कर वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा तथा अभ्यर्थियों का पुनः विकल्प प्राप्त करते हुए पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

दत्तात्रेय, पुरोहित ने की पीएम मोदी से मुलाकात

नयी दिल्ली। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और पंजाब एवं छत्तीगढ़ के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री दत्तात्रेय ने संसद भवन में श्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की।

इस दौरान श्री दत्तात्रेय की पत्नी बंडारु वसंता, उनकी पुत्री बंडारु विजयालक्ष्मी, दामाद डॉ. बी जिग्नेश रेड्डी, बंडारु शिवशंकर और दोनों नातिन ने भी श्री मोदी से मुलाकात की। श्री दत्तात्रेय की दोनों नातिन सुश्री यशोधरा रेड्डी और सुश्री वेदांशी रेड्डी ने प्रधानमंत्री को माँ से ज्यादा मातृभूमि को जिसने मान दिया, खुद का जीवन भी जिसने भारत के नाम किया और आज दिल पे हाथ रख के ये कसम ले हम सभी, न झुकेगा देश अपना न झुकेंगे हम कभी ये दो गीत गाकर सुनाये।